e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 238
गुरुवार
31.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
आपकी नीयत को चाहे कितनी भी अच्छी क्यों ना कर लो, दुनिया वाले आपको दिखावे से ही पहचानेंगे और दिखावा चाहे कितना भी कर लो, भगवान आपको नीयत से ही पहचानेंगे..

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
Department of Oncology
Dr. K Jha
MBBS, MS, ENT
Head Neck cancer Surgeon
दिनांक : 27 अगस्त 2023
समय : सुबह 10AM से 6PM
09297970030

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

## क्विक न्यूज

### मध्य प्रदेश विस चुनाव में दीपक प्रकाश को मिली अहम जिम्मेदारी

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य व राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को मध्य प्रदेश में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी है। अभी वे झारखंड भाजपा से एकमात्र नेता हैं, जिन्हें एमपी चुनाव में कोई जिम्मेदारी दी गयी है। प्रकाश को मध्यप्रदेश के शहडोल संभाग की जिम्मेदारी मिली है। इसमें शहडोल, अनुपपुर तथा उमरिया जिले के 8 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इस संभाग में पार्टी को मजबूत करने और बूथ स्तर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर संवाद और तालमेल स्थापित करने की जिम्मेदारी प्रकाश को दी गई है। प्रकाश 31 अगस्त को मध्यप्रदेश के लिए रवाना होंगे। वहां वे दो महीने के प्रवास पर रहेंगे।

### देश में मानसून हुआ कमजोर

**नई दिल्ली :** देश में मानसून अब कमजोर हो चला है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार बुधवार से मानसून टर्फ पूर्वी छोर दक्षिण की ओर बंगाल की खाड़ी में स्थानांतरित हो गया है। मौसम वैज्ञानिक नरेश कुमार के अनुसार अगले दो दिनों के बाद ओडिशा में भारी बारिश की संभावना है। इसके बाद छत्तीसगढ़ में भी भारी बारिश होगी। फिर तेलंगाना और तटीय आंध्र प्रदेश में होगी। छत्तीसगढ़ में 6 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों के पूर्वानुमान के तहत देश के कुछ हिस्सों को छोड़कर अन्य जगहों पर मौसम शुष्क रहेगा। उत्तर, मध्य और पश्चिमी भारत में मौसम अच्छा रहेगा। तमिलनाडु और केरल के छिटपुट स्थानों पर भारी बारिश होगी।

### देश में पर्यटन को लगे पंख, भरी ऊंची उड़ान

**नई दिल्ली :** कोरोना महामारी से बुरी तरह प्रभावित पर्यटन कारोबार अब पटरी पर लौटने लगा है। कोरोना के बाद सुस्त पड़े पर्यटन के क्षेत्र में अब तेजी देखी जा रही है। देश में इस क्षेत्र में पिछले साल के मुकाबले 106 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। वहीं, जम्मू और कश्मीर, वाराणसी को लेकर भी पर्यटकों का भरोसा बढ़ा है। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार जम्मू और कश्मीर में घरेलू पर्यटकों की संख्या साल 2021 में 113 लाख थी, जो साल 2022 में बढ़कर 184 लाख हो गई। साल 2023 में अब तक 109 लाख पर्यटक घाटी में आ चुके हैं। केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसकी वजह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वहां कराए गए विकास कार्य, पर्यटन को बढ़ावा देने वाले उपाय और लोगों की बढ़ती भागीदारी है। घाटी में विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।

**राष्ट्रपति, पीएम व सीएम हेमंत सोरेन ने दी रक्षाबंधन की शुभकामनाएं,कहा- हमारी संस्कृति का प्रतिबिंब है रक्षाबंधन**


# देश भर में रक्षाबंधन की धूम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नई दिल्ली-रांची :** देश भर में रक्षा बंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है. इस मौके पर देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने देश के नागरिकों को इस पवित्र त्योहार की बधाई दी. राष्ट्रपति ने कहा,यह त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है और देश में काफी उत्साह के साथ यह त्योहार मनाया जाता है. राष्ट्रपति भवन के ट्विटर हैंडल से किए गए ट्वीट में कहा गया है,सभी देशवासियों को रक्षा बंधन के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ। यह त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है और अत्यंत उत्साह के साथ मनाया जाता है. आइए, इस शुभ अवसर पर हम देश में महिलाओं के लिए अधिक सुरक्षित और समानतापूर्ण वातावरण बनाने का संकल्प लें. प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस त्योहार पर ट्वीट करके देश वासियों को बधाई दी. उन्होंने अपने ट्वीट में कहा, मेरे सभी परिवारजनों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं. बहन और भाई के बीच अटूट विश्वास और अगाध प्रेम को समर्पित रक्षाबंधन का ये पावन पर्व, हमारी संस्कृति का पवित्र प्रतिबिंब है. मेरी कामना है, यह पर्व हर किसी के जीवन में स्नेह, सद्भाव और सौहार्द की भावना को और प्रगाढ़ करे. भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार सावन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है. इस साल रक्षाबंधन 30 और 31 अगस्त दोनों दिन मनाया जाएगा. रक्षाबंधन के दिन बहन, भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उसके सुखी जीवन की कामना करती हैं. वहीं भाई, बहन की रक्षा का वचन देता है.

### रक्षाबंधन का आज उचित समय

रक्षाबंधन का त्योहार 30 और 31 अगस्त दोनों दिन मनाया जा रहा है. चूंकि 30 अगस्त को पूरे दिन भद्रा था, इसलिए लोग इस तिथि पर भाई को राखी बांधने से बचे रहे. ऐसे में ज्यादातर लोग 31 अगस्त को ही रक्षाबंधन का त्योहार मनाएंगे. हिंदू पंचांग के अनुसार, 31 अगस्त को रक्षाबंधन मनाना ज्यादा उचित और उपयुक्त है. राखी बांधने का सबसे अच्छा मुहूर्त 31 अगस्त की सुबह ब्रह्म मुहूर्त में राखी बांधने का सबसे अच्छा मुहूर्त है. इस दिन सुबह 4 बजकर 26 मिनट से लेकर से लेकर सुबह 5 बजकर 14 मिनट तक ब्रह्म मुहूर्त रहेगा. यानी ब्रह्म मुहूर्त में भाई को राखी बांधने के लिए आपको पूरे 48 मिनट का समय मिल रहा है. सनातन परंपरा में ब्रह्म मुहूर्त को बहुत ही शुभ माना गया है. इस अबूझ मुहूर्त में भाई को राखी बांधने से उसका निश्चित ही भाग्योदय होगा.



### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रक्षाबंधन पर्व की दी शुभकामनाएं

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास के पावन पर्व रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा, यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में खुशियां लाये। आप सभी स्वस्थ रहें, सुखी रहें और समृद्ध रहें, यही कामना करता हूं।



### भाई को कैसी राखी बांधें ?

रक्षाबंधन की राखी या रक्षासूत्र तीन धागों का होना चाहिए- लाल पीला और सफेद. अन्यथा इसमें लाल और पीला धागा तो होना ही चाहिए. रक्षासूत्र में चंदन लगा हो तो यह और भी उत्तम माना जाता है. कुछ न होने पर कलावा भी श्रद्धा पूर्वक बांध सकते हैं.

# छठी जेपीएससी मामले की हाई कोर्ट में हुई सुनवाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में छठी जेपीएससी में आरक्षित कोटे के सफल कैंडिडेट के मेरिट को कंसीडर करते हुए उनका कैडर आवंटन सामान्य श्रेणी में किए जाने से संबंधित चंदन कुमार, गौतम कुमार, संजय कुमार महतो एवं कुमार अविनाश की अपील याचिका की सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बुधवार को मामले में बहस के लिए अंतिम अगली तिथि 16 सितंबर निर्धारित की है।जेपीएससी ने कोर्ट को बताया कि मेरिट के आधार पर सामान्य श्रेणी में रखे गए आरक्षित कोटे के कैंडिडेट को वापस रिजर्व कैटेगरी में लाकर उनका कैडर आवंटन करने का झारखंड में रूल नहीं है। यदि आरक्षित श्रेणी के सामान्य श्रेणी में लाए गए कैंडिडेट को वापस आरक्षित श्रेणी में लाकर उनका आवंटित किया जाता है तो रिजर्व कैटेगरी के 40 सफल अभ्यर्थियों की नौकरी चली जाएगी। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के कुछ आदेश का हवाला देते हुए कहा कि वे रिजर्व कैटेगरी से हैं लेकिन मेरिट के आधार पर वे सामान्य कैटेगरी में माने गए हैं, उनका कैडर आवंटन उनके रिजर्व कैटेगरी में ही होना चाहिए। जेपीएससी के अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार ने मामले की पैरवी की। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अजीत कुमार ने पैरवी की। राज्य सरकार के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पैरवी की। दरअसल, यह मामला छठी जेपीएससी परीक्षा से जुड़ा है, जिसमें आरक्षित वर्ग के जो कैंडिडेट अपने योग्यता के आधार पर सामान्य वर्ग में अपनी जगह बनाए थे, उन्हें सामान्य श्रेणी में ही कंसीडर करते हुए जेपीएससी के द्वारा कैडर आवंटित किया गया था। जबकि याचिकाकर्ता का कहना था कि कैडर आवंटन के लिए अपने चॉइस ऑफ सर्विस के लिए उनका कंसीडरेशन आरक्षित वर्ग में ही किया जाना चाहिए था।

**मनरेगा में गड़बड़ी की जांच रिपोर्ट ईडी को सौंपने का दिया निर्देश:** झारखंड हाई कोर्ट ने चाईबासा जिले में मनरेगा में वित्तीय अनियमितता की जांच का जिम्मा ईडी को दिया है। यह मामला 28 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता से जुड़ा है। 28 करोड़ की योजनाओं में क्वालिटी खराब होने की बात है। मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने ईडी को जांच कर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। चाईबासा के तत्कालीन डीसी श्रीनिवासन के समय में वित्तीय अनियमितता सामने आयी थी। मामले को लेकर चाईबासा पुलिस ने 14 एफआईआर दर्ज किए थे। वर्ष 2013 में हाई कोर्ट में पीआईएल दायर की गई थी, जिसमें हाइ कोर्ट ने राज्य सरकार से दर्ज मामले की जानकारी मांगी थी। हालांकि, सरकार की तरफ से जानकारी नहीं दी गई। इसके बाद 2021 में दोबारा मामले को लेकर पीआईएल दायर की गयी। याचिका में बताया गया था कि बिना काम के अग्रिम भुगतान किया गया जबकि धरातल पर किसी तरह का काम नहीं किया गया। याचिकाकर्ता स्वतंत्र जांच एजेंसी से जांच कराने की मांग की थी।

# लातेहार : सड़क दुर्घटना में दो की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-99 रांची-चतरा मुख्य पथ पर भुषा? गांव के पास बुधवार की शाम दो मोटरसाइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गयी। इस घटना में एक शिक्षक समेत दो लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में एक अन्य युवक घायल हो गया है। मृतकों की पहचान शिक्षक जॉनक्रूस गिद्ध पोटमाडीह महुआडाँ? और आकाश भुंइया चकला (चंदवा) के रूप में हुई है।वहीं दुर्घटना में घायल युवक की पहचान चकला निवासी बिंदु भुंइया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शिक्षक जॉन क्रूस गिद्ध बालूमाथ स्थित अपने विद्यालय से ड्यूटी खत्म कर चंदवा लौट रहे थे। वहीं दोनों युवक विपरीत दिशा से मोटरसाइकिल पर सवार होकर आ रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों मोटरसाइकिलो के परखच्चे उ? गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर बबलू कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए तीनों को चंदवा अस्पताल पहुंचाया। जहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने शिक्षक तथा युवक आकाश को मृत्यु घोषित कर दिया ।

पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि पुलिस दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया।

# मप्रः मुरैना में फूड-फैक्टरी में जहरीली गैस से पांच मजदूरों की मौत, मृतकों में तीन सगे भाई

### मुख्यमंत्री शिवराज चौहान ने हादसे पर व्यक्त किया दुख



**एजेंसी**

**मुरैना :** मध्य प्रदेश के मुरैना जिलान्तर्गत नूराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम धनेला स्थित साक्षी फूड प्रोडक्ट्स फैक्टरी में बुधवार सुबह जहरीली गैस से पांच मजदूरों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और फैक्टरी को खाली कराकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है, जबकि सांस लेने में तकलीफ की शिकायत पर कुछ मजदूरों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में तीन सगे भाई हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। पुलिस के अनुसार, जडेरुआ औद्यागिक क्षेत्र के ग्राम धनेला स्थित साक्षी नामक फैक्टरी में चेरी, गुलकंद और दूसरे फूड प्रोडक्ट्स बनाए जाते हैं। यहां टैंक में पपीते डालकर चेरी बनाई जाती है। बुधवार को सुबह फैक्टरी में काम चल रहा था। यहां पर काम कर रहे पांच मजदूर अचानक फैक्टरी में केमिकल से भरे टैंक में गिर गए। जब तक उन्हें बाहर निकाला जाता, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद फैक्टरी को बंद कर दिया गया और पांचों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मुरैना जिला अस्पताल ले जाया गया।

घटना की जानकारी मिलने पर कलेक्टर अंकित अस्थाना और पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र चौहान भी मौके पर पहुंच गए। एसपी शैलेन्द्र चौहान ने पांच मजदूरों की मृत्यु की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतकों की पहचान 35 वर्षीय रामौतार पुत्र रामकिशन गुर्जर, 40 वर्षीय रामनरेश पुत्र रामकिशन, 30 वर्षीय वीर सिंह पुत्र रामकिशन तीनों निवासी ग्राम टिकटोली, 40 वर्षीय गणेश पुत्र बद्री गुर्जर और 28 वर्षीय गिर्राज पुत्र मुन्नी सिंह दोनों निवासी ग्राम घुरैया वसई निवासी के रूप में हुई है। पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद हैं और मामले की जांच की जा रही है। एएसपी अरविंद सिंह ठाकुर ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि मजदूर टैंक की सफाई करने के लिए उतरे थे। संभवत~ टैंक में जहरीली गैस थी। हालांकि इसकी असलियत तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पुष्ट हो पाएगी। फैक्टरी कौशल गोयल की पत्नी के नाम पर है। मामले की जांच जारी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट के माध्यम से हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुरैना के ग्राम धनेला में जहरीली गैस के रिसाव से हुई दुर्घटना से हृदय व्यथित है। दुःख की इस विकट परिस्थिति में मेरी संवेदनाएँ शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान देने तथा परिजनों को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना करता हूं।

# मुंबई में इंडिया गठबंधन की तीसरी बैठक आज व कल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव से पहले सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का मुकाबला करने के लिए व्यूह रचने की कवायद में है. इसे लेकर महाराष्ट्र के मुंबई में विपक्षी दलों के नेताओं की तीसरी बैठक होनी है. मुंबई के होटल हयात में 31 अगस्त और एक सितंबर को होने जा रही इस तीसरी बैठक से पहले नई पार्टियों की एंट्री से लेकर प्रधानमंत्री पद के लिए दावेदारी तक इंडिया गठबंधन का सस्पेंस थ्रिलर सामने आया है. आम आदमी पार्टी ने मुंबई बैठक से पहले प्रधानमंत्री पद के लिए अरविंद केजरीवाल का नाम आगे बढ़ा दिया. आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि अगर आप मुझसे पूछें तो मैं चाहूंगी कि अरविंद केजरीवाल पीएम कैंडिडेट बनें. उन्होंने अपनी इस चाहत के पीछे दिल्ली सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई और कहा कि कमरतोड़ महंगाई के दौर में भी दिल्ली सरकार इसे काबू रखने में सफल रही है. केजरीवाल ऐसे नेता के तौर पर उभरे हैं जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दे सकता है.प्रियंका कक्कड़ के बयान के बाद दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि हर पार्टी चाहती है कि उसके नेता प्रधानमंत्री बनें. आम आदमी पार्टी भी चाहती है कि अरविंद केजरीवाल प्रधानमंत्री बनें.




**विपक्षी गठबंधन ने अकाली दल को दिया न्योताः** विपक्षी गठबंधन की मुंबई में होने वाली तीसरी बैठक से पहले पंजाब की पार्टी शिरोमणि अकाली दल को लेकर सस्पेंस बना हुआ है. सूत्रों के हवाले से खबर आई कि विपक्षी दलों की ओर से अकाली दल को भी इंडिया गठबंधन में शामिल होने के लिए न्योता दिया गया है. इस खबर पर अकाली दल की ओर से किसी तरह का बयान नहीं आया है. वहीं, पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने इसे अफवाह बताया है. पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष ने दो टूक कहा है कि कांग्रेस कभी अकाली दल से गठबंधन नहीं करेगी. अकाली वाले खुद ये अफवाह फैला रहे हैं कि बीजेपी के सामने उनकी वैल्यू बढ़ जाए.

**इंडिया गठबंधन को मायावती ने कहा बाय-बायः** विपक्षी एकजुटता की कवायद के अगुवा नीतीश कुमार ने कहा था कि कुछ और पार्टियां इंडिया गठबंधन में शामिल होंगी. नीतीश के इस बयान के बाद वो पार्टियां कौन सी हो सकती हैं?

इसे लेकर बहस छिड़ गई. बहुजन समाज पार्टी का नाम भी लिया जा रहा था लेकिन अब मायावती ने खुद ट्वीट करके ये साफ कहा है कि हम न एनडीए में शामिल होंगे और ना ही इंडिया में. बसपा अकेले चुनाव लड़ेगी. उन्होंने ये भी कहा कि दोनों ही गठबंधन में अधिकतर गरीब विरोधी जातिवादी, साम्प्रदायिक, पूंजीवादी पार्टियां हैं जिनकी नीतियों के खिलाफ बसपा लगातार संघर्ष करती रही है. इनके साथ गठबंधन का सवाल ही नहीं. मायावती के इस बयान से साफ हो गया है कि बसपा ने विपक्षी गठबंधन में शामिल होने को लेकर अपने दरवाजे अब बंद कर दिए हैं.

# राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान की ब्रांड एंबेसडर बनीं मैथिली ठाकुर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** लोक गायिका मैथिली ठाकुर को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के कार्यकारी निदेशक राजेंद्र रत्नू ने बुधवार को दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान मैथिली ठाकुर के नाम की घोषणा की। राजेंद्र रत्नू ने कहा कि मैथिली ठाकुर अब देश भर में लोगों को आपदा के प्रति जागरूक करेंगी। उन्होंने कई भाषाओं में गीत गाए हैं। एक गायिका के रूप में उनकी ख्याति पूरे देश में है। वह लोगों को जागरूक करने में अहम् भूमिका निभाएंगी। संवाददाता सम्मेलन में मौजूद मैथिली ठाकुर ने कहा कि वह आपदा के प्रति लोगों को जागरूक करेंगी। वह संस्थान की ओर से दी गई जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हैं और इसके लिए संस्थान के प्रति आभारी हैं। मैथिली ठाकुर ने कहा कि वह देश के कोने-कोने में जाकर उनकी बोली-भाषा में गीत के माध्यम से लोगों को आपदा के प्रति जागरूक करेंगी।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# अनुमंडलीय अस्पताल के कूड़ेदान में मिला नवजात का शव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बंशीधर नगर मुख्यालय स्थित अनुमंडलिय अस्पताल में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। जहा मंगलवार रात्रि लगभग 8 बजे प्रसव कक्ष के कूड़ादान में एक मृत नवजात का शव पाया गया है।अस्पताल कर्मियों ने कूड़ेदान में उक्त नवजात के शव को देखने के बाद अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ गोकुल प्रसाद को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद उन्होंने अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी लिया। जानकारी के अनुसार मामला तेजी से फैलने के बाद आनन फानन में अस्पताल में प्रसव कराने आई महिला के परिजनों को बुलवाकर उनसे गर्भपात होने के बाद स्वयं नवजात को कूड़ेदान में फेंकने, बिना किसी को सूचित किये अस्पताल से घर चले जाने और इस मामले में अस्पताल के किसी गलती नहीं होने संबंधी लिखित लिया गया। **क्या था पूरा मामला :** सच्चाई यह है कि उक्त महिला पेट दर्द की शिकायत लेकर अनुमंडलीय अस्पताल आई थी। उसका चिकित्सक ने इलाज किया। उसी दौरान उसका गर्भपात हो गया। दरअसल उक्त महिला को मलेरिया हो गया था। जिसका इलाज उसने दूसरे किसी चिकित्सक से कराया था। इलाज के दौरान उक्त महिला चिकित्सक को गर्भवती होने की जानकारी नही दिया या यूं समझिए भूल गई। उक्त महिला ने डॉ की सलाह पर दी दिन पहले मलेरिया का दवा खाया था। जिसके बाद उसे मंगलवार को पेट दर्द हुआ तो वह अनुमंडलीय अस्पताल पहुची थी। जहाँ इलाज के दौरान उसका गर्भपात हो गया। पूछताछ के दौरान उक्त महिला और उसके परिजनों ने इस बात को स्वीकार किया है।जब कि उक्त नवजात को उक्त महिला और उसका पति प्रसव के कमरे में रखे कूड़ेदान में फेंक दिया। हालांकि घर पहुचने पर उसके परिजनों ने उसे नवजात का शव अस्पताल में ही छोड़ने पर बहुत फटकार लगाई। जिस समय अस्पताल में हंगामा हो रहा था उसी समय उक्त महिला का पति नवजात के शव को लेने पहुच गया। इतना ही नही उक्त महिला और उसका पति बिना अस्पताल प्रशासन को सूचना दिए अपने घर वापस चला गया था।वापस आने पर इसका लिखित बयान भी उसने अस्पताल प्रशासन को दिया है। **क्या कहते हैं प्रभारी डीएस डॉ गोकुल प्रसाद ने :** कूड़ेदान में नवजात फेंके जाने का मामला सामने आया है। जिसमे उक्त महिला पेट दर्द का इलाज कराने पहुची थी। उसने दो दिन पहले ही कही इलाज कराने के बाद मलेरिया का दवा खाया था।अस्पताल में आने के बाद उसका गर्भपात हो गया। उक्त महिला के द्वारा ही नवजात के शव को वही रखे कूड़ेदान में डाल दिया गया था। उक्त महिला बिना अस्पताल कर्मचारियों को सूचना दिए चली भी गई। उन्होंने बताया कि हालांकि इस मामले में डियूटी पर उपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।अगर किसी के खिलाफ मामला बनता है तो कारवाही जरूर किया जाएगा।

# गैस लीक के कारण घर में लगी आग लाखों की क्षति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार की शाम बलिगढ़ पंचायत के दासीपुर निवासी मनोहर गुप्ता पिता रघुनाथ साह के घर में उज्ज्वला योजना के तहत मिले भारत गैस की टंकी से आग लग गई जिसमें घर के समान जलकर खाक हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम होते ही खाना बनाने को लेकर गैस चालू करने के दौरान टंकी के रेगुलेटर से गैस लीक होकर आग लग गई जो ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पाते पाते तक घर में रखे सारा सामान एवं घर जलकर खाक हो गया। जिसकी सूचना पाकर बालीगढ़ पंचायत के मुखिया ललिता कुमारी के पति मनोरंजन प्रसाद गुप्ता भुक्त भोगी मनोहर गुप्ता के घर पहुंच कर जानकारी ली और तत्काल राहत के लिए खाने के सामग्री सहित सभी को पहनने का वस्त्र उपलब्ध कराया। और कहा कि आगजनी में जो भी छती हुआ है उसे एक आवेदन बना कर दीजिए ताकि सरकारी मुआवजा के तहत आपदा विभाग से मिलने वाला सहयोग दिया जा सके उसे हम जल्द दिलाने का प्रयास करेंगे। भुक्त भोगी मनोहर गुप्ता ने बताया कि खाना बनाने के दौरान गैस से आग लग गई जो ग्रामीणों के काफी अथक प्रयास से आग को बुझाया गया और बताया कि घर में रखे सामान कपड़ा खाने का राशन सहित आभूषण एवं कुछ नगद रुपए जलकर खाक हो गया।

# सरेह स्थित गोविन्द रजक के निवास पर सत्संग का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** युग पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा सरेह स्थित गोविन्द रजक के निवास पर सत्संग का आयोजन किया गया.सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया.इसके बाद समवेत नाम जप,सत्यानु शरण पाठ व नारी नीति पाठ किया गया। इष्टचर्चा करते हुये सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि पुरुषोत्तम माह में प्रति दिन सत्संग का आयोजन किया जाना एक विशिष्ट कार्य है, क्योकि सत्संग के माध्यम से मनुष्य सद्गुणों को प्राप्त करता है.अपने जीवन मे अच्छे कर्म करता है, तो उसका जीवन सार्थक हो जाता है.उन्होंने कहा कि ईश्वर के नाम का संकीर्तन भी मनुष्य को करना चाहिये. प्रत्येक युग मे प्रभु के नाम का संकीर्तन कर लोग ईश्वर को प्राप्त करते थे। ईश्वर भी अपने भक्त की परीक्षा लेते है.यदि भक्त परीक्षा में पास हो जाता है तो ईश्वर उसे अपना परमधाम को दे देते हैं। सत्संगी राजकुमार ने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी के द्वारा दिया गया कार्य निश्चित समय पर करना चाहिये। माला देवी ने कहा कि ब्रह्ममुहूर्त में इष्टभृति करना, प्रातः काल व संध्या काल मे प्रार्थना करना प्रत्येक सत्संगी का कर्तव्य है.सत्संगी अखिलेश प्रसाद ने कहा कि आगामी 5 नवम्बर को होने वाले श्री श्री ठाकुर जी के उत्सव को सफल करना है.इस उत्सव को सफल करने के लिये प्रत्येक सत्संगी को विशेष दायित्व दिया जायेगा. उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगो से सम्पर्क करना आवश्यक है। ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी द्वारा दिया गया आदेश हमारे जीवन के उन्नति का प्रथम सोपान है। उनका आदेश हमारे जीवन के लिये विशेष कर्म है। उन्होंने श्री श्री ठाकुर जी के भावधारा का वर्णन करते हुये कहा कि उनके द्वारा बताये कर्म को करना श्रेष्ठ है। सत्संग में संजय दा, अजय दा, आशुतोष कुमार, गोविन्द रजक, ललिता देवी, चंचला गुप्ता, सुप्रिया कुमारी, धृतिदीप्त, किरण कुमारी, प्रमिला देवी सहित अन्य सत्संगी उपस्थित थे।

# संत जोसेफ कांवेंट स्कूल में राखी बनाओ और थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन

**➲विजय प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधन ने किया पुरस्कृत, छात्राओं ने छात्रों को बांधी राखी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** पूनम तिवारी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित विश्रामपुर संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में रक्षा बंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में राखी बनाओ और थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे यूकेजी से लेकर आठवीं क्लास की छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया। स्कूल की छात्राओं ने अपने हाथों से बनाया रखी छात्रों के कलाई पर बांधी। छात्रों ने छात्राओं को उपहार के साथ उनके सुरक्षा का वचन दिया। स्कूल के निदेशक एन के तिवारी ने रक्षा बंधन पर्व के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कहा कि बहनों की रक्षा के साथ हम सब को संकृति और प्रकृति के सुरक्षा का भी संकल्प लेना होगा। प्राचार्य आर के सिंह ने कहा कि हमारे समाज में रिश्ते को कोई न कोई नाम दिया गया है। उन सब में सबसे प्यारा रिश्ता भाई बहन का होता है। रक्षाबंधन बहन की रक्षा की प्रतिबद्धता का पर्व है। सह-निदेशिका पूनम तिवारी ने बताया कि हम सब जानते है कि भाई बहन का रिश्ता सबसे मजबूत और प्यारा है। मौके पर शिक्षक विकाश कुमार, दिनेश सिंह, शिक्षिका निधि राय, ऋ तु कुमारी, रिंकी कुमारी, नंदनी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, रिंजु यादव, कुमारी सुशीला, पप्पू पासवान, दिनेश चौधरी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिका और छात्र

# प्रदेश अध्यक्ष के प्रस्तावित दौरे को लेकर भाजपा की हुई बैठक, तैयारी की समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर आरसीआइटी के सभागार में बुधवार को भाजपा नेताओं - कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम और संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने किया। बैठक में बिश्रामपुर विधानसभा अंतर्गत आने वाले सभी प्रखंडों व नगर के पार्टी अधिकारी शामिल हुए। बैठक में प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के 15 सितंबर के प्रस्तावित दौरे को लेकर चर्चा हुई। श्री मरांडी के आगमन पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा बनी.कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा भी की गाई। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के विश्रामपुर आगमन को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। इसके लिए कार्यकर्ता आज से ही जुट जाएं। इससे पहले बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। मौके पर भाजपा जिला के उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, रविंद्र पासवान, सुशील चौबे उर्फ टिकैत चौबे, जिला पार्षद विजय रविदास, मनीष कुमार, संतोष राम सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विशुनपुरा में निकाला विशाल अजगर, जिसे देख ग्रामीण हुए भयभीत



**बिशुनपुरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विशुनपुरा पंचायत के अंबेडकर नगर में शिवधारी पाल के घर के पास मक्का के खेत में एक विशाल अजगर मिला है। विशाल अजगर को देखने के लिए ग्रामीण की भीड़ बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए। वही आनन-फानन में ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद अजगर को किसी प्रकार मक्का के खेत से बाहर निकाला गया। अजगर का वजन 7 किलो 800 ग्राम बताया जाता है। इसकी लंबाई लगभग 2 मीटर बताया गया है। अजगर मिलने की सूचना फॉरेस्टर नीरज कुमार को दिया गया। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना बिशुनपुरा निवासी पंकज कुमार गुप्ता को दी। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे वन अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता ने ग्रामीणों के साथ मिलकर अजगर को सकुशल रात्रि में ही जंगल में छोड़ दिया।

# विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने राखी बांधने का किया आयोजन



**केतार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजकीय मध्य विद्यालय केतार में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के द्वारा बुधवार को रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय में पढ़ने वाले सभी समुदाय के बहनों ने भाइयों को कलाई पर राखी बांधी और एक दूसरे को मिठाइयां खिला कर भाई बहन का होने का फर्ज निभाया।प्रधानाध्यपक देवेंद्र कुमार ने बताया कि इस तरह का कार्यक्रम करने से विद्यालय में आपसी भाईचारा के दिशा में अच्छा संदेश जाएगा। मेरा प्रयास रहेगा की इस तरह का कार्यक्रम हर वर्ष हो। मौके पर प्रबंध समिति अध्यक्ष उपेंद्र बैठा, प्रधानाध्यपक देवेंद्र कुमार, संतोष कुमार, राजनाथ राम, राजकुमार पाठक, राजू कुमार सिंह, प्रेम कुमार, धनंजय कुमार, अजय कुमार, मनोरंजन कुमार, सुधा कुमारी उपस्थित थे।

# सावन की अंतिम सोमवारी पर थाना परिसर में विधिवत पूजा अर्चना व भंडारा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** लेस्लीगंज थाना परिसर में सावन की अंतिम सोमवारी पर थाना प्रभारी गौतम कुमार राय और थाना के एएसआई अभय कुमार त्रिपाठी के द्वारा शिव मंदिर प्रांगण में रुद्राभिषेक के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। यूं तो पुलिस का काम सिर्फ कानून व्यवस्था को बहाल रखना है। परंतु, जिले में पुलिस की भूमिका यही तक सीमित नहीं है। खासतौर पर सावन मास के दौरान पुलिस परंपरागत रूप से चले आ रहे धार्मिक दायित्वों का भी निर्वहन करती है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए सावन मास के अंतिम सोमवारी पर शिव मंदिर में थाना प्रभारी गौतम कुमार राय,एएसआई अभय कुमार त्रिपाठी और मंदिर के पुजारी द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। सावन की अंतिम सोमवारी के दिन इस पूजा की सबसे खास बात यह है कि यहां अंतिम सोमवारी की पूजा काफी धूमधाम से की जाती है। जो पुलिस और पब्लिक में कौमी एकता की मिसाल भी है। बताया जाता है कि इस पूजा से सालों भर बाबा भोलेनाथ की कृपा पुलिसकर्मियों पर बनी रहती है। वही पूजा अर्चना संपन्न होने के बाद मंदिर परिसर में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भंडारा में बने प्रसाद को ग्रहण किया। वहीं भंडारा के बाद शाम में लेस्लीगंज थाना के समीप समाजसेवियों के द्वारा भव्य भक्ति जागरण का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। भक्ति जागरण कार्यक्रम में बनारस से आए कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। इस भक्ति जागरण को देखने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। भीड़ को देखते हुए थाना प्रभारी गौतम कुमार राय के द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था।

# एएनएम की लापरवाही से महिला की मौत, सिविल सर्जन ने दिया एफआईआर करने का आदेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू एक सरकारी एएनएम ने प्रसव के लिए एक महिला को स्वास्थ्य केंद्र की जगह निजी नर्सिंग होम में भर्ती करवा दिया. निजी नर्सिंग होम में प्रसव पीड़ा के बाद जो महिला की हालत खराब हुई तो उसे रेफर कर दिया गया. बड़े अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिला की मौत हो गई. मौत के बाद ममता वाहन का चालक मृतक महिला और उसके परिजनों को छोड़ कर भाग गया. सरकारी एएनएम और ममता वाहन का ड्राइवर पति पत्नी है।मामला उजागर होने के बाद परिजन एवं अन्य ग्रामीणों ने सरकारी स्वास्थ्य केंद्र के समक्ष प्रदर्शन और नारेबाजी की. पूरा मामला पलामू के पांकी के इलाके का है. दरसअल, पलामू के पांकी के बेरु गांव के तरन्नुम बीवी को प्रसव पीड़ा के बाद पांकी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया. स्वास्थ्य केंद्र में कर्मियों ने प्रसव में देरी की बात कर तरन्नुम बीबी को टहलने को कहा था।टहलने के क्रम में पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात एक एएनएम ने तरन्नुम बीबी को बहला फुसला कर एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती करवाया. निजी नर्सिंग होम में महिला की हालत बिगड़ने लगी, हालत बिगड़ने के बाद महिला को एमएमसीएच रेफर किया गया था. रेफर के कुछ देर बाद ही ममता वाहन में तरन्नुम बीवी की मौत हो गई. मौत के बाद ममता वाहन के ड्राइवर ने मृतक महिला और उनके परिजनों को एमएमसीएच में छोड़ दिया और भाग गया।पलामू सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है साथ ही पाया गया कि एएनएम द्वारा मरीज को निजी नर्सिंग होम में भेजे जाने की भूमिका है. मामले में पांकी के चिकित्सा पदाधिकारियों को निजी नर्सिंग होम को सील करने और सभी के खिलाफ एफआईआर का आदेश दिया गया है।

# मिथ्या आशाके फेरमें दुर्लभ मनुष्य शारीर को यों ही नष्ट न करे : जीयर स्वामी



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के क्रम में श्री श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि श्वास बाहर निकल गया, वह वापस आवे न आवे, इसलिये गफलत और बेहोशी छोड़कर अपनी काया को क्षणभङ्गुर समझकर दूसरोंकी भलाई करो और अपने सिरजनहार में मन लगाओ, क्योंकि नाता उसका सच्चा है.उन्होंने कहा कि याचना करनेसे त्रिलोकीनाथ भगवान को भी छोटा होना पड़ा, तब दूसरोंके लिये कहना ही क्या? हाथ के ऊपर हाथ करो, पर हाथके नीचे हाथ न करो। जिस दिन दूसरोंके आगे हाथ फैलानेकी नौबत आवे, उस दिन मरण हो जाय तो अच्छा.स्त्री पुत्रोंके पालन-पोषणकी चिन्तामें मनुष्यकी सारी आयु बीत जाती है; पर परमात्माके भजनमें उसका मन नहीं लगता। स्त्री-माया ही संसार - वृक्षका बीज है .शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गन्ध उसके पत्ते काम-क्रोधादि उसकी डालियाँ, पुत्र कन्या प्रभृति उसके फल हैं और तृष्णारूपी जलसे यह संसार वृक्ष बढ़ता है.लोहा और काठकी बेड़ियोंसे चाहे कभी छुटकारा हो जाय, पर स्त्री-पुत्रादिकी मोहरूपी बेड़ियोंसे पुरुषका पीछा नहीं छूट सकता.जिनके मुँह देखनेसे पाप लगता है, स्त्रीके लिये उन्हींकी खुशामदें करनी पड़ती है। किस्मतको देखो कि जिसने मनुष्यको कितना कमजोर बनाया, पर काम उससे दोनों लोकोंके लिये गये. उसे इस लोक और परलोककी फिक्र लगा दी। स्त्रीके वशमें होना सर्वनाशका बीज बोना है.गर्दन पर बिखरे हुए बालोंवाला करालमुखी सिंह, अत्यन्त मतवाला हाथी और बुद्धिमान् समरशूर पुरुष भी स्त्रियोंके आगे जो तुम्हारी बातें सुनना न चाहें, उनके गले मत पड़ो. विषयभोगोंमें सुख नहीं है। एक न एक दिन मनुष्यको इनसे अलग होना ही पड़ता है. अलग होनेके समय विषय-भोगीको बड़ा दुःख होता है। आत्मचिन्तन करो, पर आत्मचिन्तन करना सहज काम नहीं है. इसके लिये मनको वशमें करना होगा, उसे विषयोंसे हटाना होगा, उसे वृत्तियोंसे अलग कर एकाग्र करना होगा, तभी सफलता हो सकेगी.मूर्ख मनुष्य भाग्यपर संतोष नहीं करता, धनके लिये मारा - मारा फिरता है.जब कुछ हाथ नहीं लगता, तब रोता और कलपता है.यदि तू सुख-शान्तिसे जीवनयापन करना चाहता है तो तृष्णा पिशाचीके फंदेसे निकलकर भाग्यपर संतोष कर.अरी पामर तृष्णा! मैं तुझसे पूछता हूँ कि इतने कुकर्म कराकर भी तुझे संतोष हुआ या नहीं। सूर्यके उदय और अस्तके साथ मनुष्योंकी जिन्दगी रोज घटती जाती है.समय भागा जाता है, पर कारोबारमें मशगूल रहनेके कारण वह भागता हुआ नहीं दीखता. लोगोंको पैदा होते, विपत्तिग्रस्त होते और मरते देखकर भी मन में भय नहीं होता. इससे मालूम होता है कि मोहमयी प्रमादरूप मदिरा (शराब) के नशेमें संसार मतवाला हो रहा है.मनुष्य दूसरे को बूढ़ा हुआ तथा मरनेवाला देखता है, पर स्वयं यही समझता है मैं तो सदा जवान रहूँगा-

# उ. प्रा. विद्यालय हुरही के पूर्व अध्यक्ष ने सचिव पर लगाया मनमानी करने का आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** विशुनपुरा प्रखंड के हुरहि ग्राम स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता की पत्नी सरिता देवी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देकर प्रधानाध्यापक संजय गुप्ता पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष सरिता देवी ने आवेदन में दर्शाया है कि अगस्त 2021 में अध्यक्ष पद पर मेरा चयन सदस्यो द्वारा किया गया था। जिसके बाद प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय में मनमानी किये जाने की शिकायत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को किया गया था। लेकिन उनके द्वारा कोई कारवायी नही किया गया। उन्होंने बताया कि 04 जुलाई 2022 को 5 वीं पास छात्र-छात्राओं से विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र निर्गत करने के नाम पर हमसे 5000 रु की की मांग प्रधानाध्यापक द्वारा किया गया था। नही देने पर अध्यक्ष पद से हटा देने की बात कही जारही थी।वही पूर्व अध्यक्ष सरिता देवी ने प्रधानाध्यापक पर 6000 रुपए वर्ष 2017-18, 2018-19 तथा वर्ष2019-20 के एमडीएम ऑडिट कराने के नाम पर मांग किया गया था। पैसा नही देने पर सचिव आपसी विवाद फैलाने लगे। डीओ को दिए गए आवेदन में उन्होंने लिखा है कि प्रधानाध्यापक द्वारा कहा गया कि 10000 रुपए हमको दीजिए बीईओ साहब बोले हैं। पैसा विद्यालय में रहेगा। उस पैसे का आज तक हिसाब नहीं दिया गया और बोला गया कि समिति के बैठक में देंगे. पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि बिना जानकारी के समिति को भंग कर दिया गया। मनमानी तरीके से चुनाव संपन्न करा लिया गया। इसके बारे में पूर्व अध्यक्ष को किसी भी प्रकार का समिति भंग करने से पहले ना कोई स्पष्टीकरण मांगा गया ना ही सूचना दिया गया। समिति को भंग कर दुबारा चुनाव कर लिया गया।जबकि मेरा कार्यकाल 1 साल बचा हुआ है। प्रधानाध्यापक द्वारा हर समय दबाव दिया जा रहा था कि आप हर महीने 2000 रुपये ले लीजिए और आप चुप रहिए। विद्यालय में कभी-कभी आईये। लेकिन रजिस्टर मत देखिए आपका शिकायत कभी भी होने नहीं देंगे। प्रबंधन समिति का कार्यकाल 3 वर्ष का होता है। बिना कारण बताये 2 वर्ष में ही प्रधानाध्यापक संजय गुप्ता द्वारा वीईओ को आवेदन देकर समिति को भंग कर दिया गया। समिति भंग की जानकारी 8अगस्त 2023 को सुबह मुझे दिया गया। मुझे बोला गया कि विद्यालय में आ जाईएगा समिति का चुनाव है। चुनाव के समय विरोध करने पर संजय गुप्ता द्वारा बोला गया कि आप अगर अध्यक्ष बन भी जाओगी तो हम पुनः भंग कर देंगे।

# स्कूल नहीं आने पर प्रिंसिपल ने की छात्रों की पिटाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर सदर ब्लॉक के लहलहे पंचायत के बारी मोड पर भोगू गांव में संचालित एक निजी विद्यालय के प्रिंसिपल द्वारा करीब 50 छात्रों को कतार में खड़ा करके बेरहमी से पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है. मंगलवार शाम 7.15 बजे के करीब छात्र अपने परिजनों के साथ सतबरवा थाना पहुंचे थे. वहां पर छात्रों ने थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी से प्रिंसिपल चंदन कुमार शर्मा की शिकायत की। इधर छात्रों पर किये गये अत्याचार की जानकारी मिलते ही सतबरवा पुलिस ने आरोपी शिक्षक चंदन कुमार शर्मा को पूछताछ के लिए थाना ले आई है. पिटाई से घायल हुए यूकेजी से लेकर क्लास 5 तक के छात्र-छात्राएं शामिल हैं, जिनमें अभिषेक कुमार, अरुण सिंह, सुधांशु कुमार, अभिषेक कुमार टू एलकेजी के छात्र सुधांशु, चंदन कुमार यादव, सूरज कुमार गुप्ता समेत कई छात्रों ने प्रिंसिपल के छड़ी से पिटाई के बाद अपने पीठ और हाथ में पड़े निशान पुलिस को दिखाया है। बताया गया कि करीब 50 की संख्या में खामडीह गांव के छात्रों को प्रिंसिपल साहब ने कतार में खड़ा करके इसलिए छड़ी से पिटाई की कि सभी छात्र सोमवार को स्कूल नहीं पहुंचे थे. छात्रों ने उन्हें बताया कि गांव में अंतिम सोमवारी के दिन कलश यात्रा निकली थी इसी दौरान सभी छात्र यात्रा में शामिल होने के करण स्कूल नहीं पहुंच सके थे। छात्रों ने यह भी बताया कि प्रिंसिपल साहब यह कहकर और पीटने लगे की हम किसी भगवान को नहीं मानते हैं. साथ ही छात्रों को यह भी हिदायत दी थी कि अगर अभिभावकों को बताएंगे तब और पिटाई की जाएगी. शाम को डरे सहमे छात्रों ने अपने परिजनों को बताया. इसके बाद आक्रोशित परिजन प्रिंसिपल की शिकायत लेकर थाना पहुंचे थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बीआईटी मेसरा का 33वां दीक्षांत समारोह एक अक्टूबर को

**रांची :** बीआईटी (बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) मेसरा, रांची का 33वां दीक्षांत समारोह एक अक्टूबर को मनाया जाएगा। राज्यपाल एवं बीआईटी मेसरा के कुलाधिपति दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसमें डॉक्टरेट, स्नातकोत्तर, स्नातक, डिप्लोमा समेत अन्य डिग्रियां दी जायेंगी। एक अक्टूबर 2023 की सुबह 10:30 बजे उन छात्रों को डिप्लोमा मिलेगा, जिन्होंने 01 अक्टूबर 2022 से 16 अगस्त 2023 तक अपने संबंधित कार्यक्रमों में अर्हता प्राप्त की है। इन्फोसिस के सह-संस्थापक सेनापथव क्रिस गोथिलाकृष्णन (पद्म भूषण) वैश्विक व्यापार और प्रौद्योगिकी विचारक के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने की सहमति दी है।यह जानकारी बीआईटी लालपुर में डॉ संजय कुमार झा (विभागाध्यक्ष, परीक्षा विभाग, बीआईटी मेसरा) ने दी। उन्होंने बताया कि बीआईटी मेसरा के जीपी बिड़ला ऑडिटोरियम में समारोह आयोजित किया जाएगा।

### जमीन के नाम पर 69.40 लाख रुपये की ठगी

**रांची :** रांची के चुटिया थाने में जमीन के नाम पर 69.40 लाख रुपये की ठगी करने के मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। इस सबंध में प्रेम कुमार साहू ने थाने में एफआईआर दर्ज करायी है। एफआईआर में कहा गया है कि चुटिया के मुकुंद टोली निवासी अनिल महतो ने सा? पांच कट्टा जमीन का एग्रीमेंट किया। इसके एवज में अनिल को प्रेम कुमार साहू ने 69 लाख 40 हजार रुपया लिया। अनिल महतो ने जिस जमीन को बेंचा, वह जमीन उसकी नहीं है। अनिल ने गलत जमीन दिखाकर रुपये लिये, जब पैसे की मांग प्रेम ने की तो अनिल ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी वेंकटेश कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच प?ताल की जा रही है।

# झारखंड का नारा बुलंद करने वाले अमानत अली ने पूरे किए सौ साल

**परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र**

**रांची:** बुधवार को पुराना विधान सभा सभागार में विख्यात स्वतंत्रता सेनानी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता,ऑल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व विधान पार्षद और कैसे लिया झारखंड लड़ के लिया झारखंड के नारों के साथ अलग झारखंड के आंदोलन को तेज करने वाले बुजुर्ग जिनके चेहरे पर आज भी वही तेज है,जो नब्बे साल पहले था, एक साक्षात्कार में उन्होंने बताया था कि दस साल के उम्र में ही स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ गए थे। ऐसे शख्सियत अमानत अली अंसारी ने अपने जीवन के सौ साल पूरे किए । इस मौके पर इनके साथ बेटे सहित पूरा परिवार ने मिलकर सौ साल पूरा होने पर धूम धाम से उनका जन्मदिन मनाया । कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस के अध्यक्ष आबिद अली एवं संचालन डा इलियास मजीद ने किया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अमानत अली अंसारी झारखंड कांग्रेस के स्तंभ हैं। इन्होंने झारखंड प्रदेश में कांग्रेस को स्थापित करने और मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है । उन्होंने अमानत अली साहब को उनकी एक सौवें जन्मदिन पर बधाई दी और उनकी लंबी उम्र की कामना की। रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि अमानत अली साहब, अब्दुल रज्जाक अंसारी साहब और जहूर अली साहब झारखंड प्रदेश के आधार स्तंभ रहे हैं । हम सब यहाँ मिलजुल कर सैकड़ों वर्षो से रहते आ रहें हैं हमें इस मिलीजुली शक्ति को मजबूत करना



है। आल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि अमानत अली साहब ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया, मोमिन कांफ्रेंस को मजबूती प्रदान की और मोमिनों के अधिकार के लिए हमेशा संघर्ष किया । जेएमएम प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य , ऑल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस के कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अहमद अंसारी, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व सांसद प्रो सलाहुद्दीन अंसारी,पूर्व विधायक गौतम सागर राणा,पूर्व मंत्री केशव महतो कमलेश, पूर्व विधायक जेपी गुप्ता,अब्दुल कयुम अंसारी, झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी , शमशाद अंसारी, सगीर अंसारी, तरनुम नाज ,जफर ईमाम, शाहदत हुसैन, इदरीस अंसारी, प्रदीप कुमार, डॉ अनवर अंसारी, अब्दुल्लाह अन्सारी, सनाउल्लाह अंसारी, मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी, शमीम अख्तर आजाद, जैनुल अंसारी, आबिद अंसारी, सयुम अंसारी, शाहिद इकबाल, शाहबाज अहमद, जहांगीर अंसारी, नसीम अंसारी आदि ने भी संबोधित किया। समारोह में अतिथियों के हाथों झारखंड के अमानत जनाब अमानत अली अंसारी 100 साल बेमिसालनाम के एक सेविनियर का भी विमोचन किया गया।

## रक्षा बंधन और ओनम पर प्रधानमंत्री ने देश की बहनों को दिया उपहार : आरती कुजूर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि रक्षा बंधन और ओनम त्योहार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की बहनों को उपहार दिया है। उन्होंने कहा की केंद्र सरकार ने उज्जवला योजना के लाभार्थी बहनों को 400 रुपये प्रति सिलेंडर सस्ता कर बड़ी राहत दी है। इसके लिए हम झारखंड प्रदेश की बहनें आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि उज्जवला योजना के तहत वर्तमान में 33 करोड़ एलपीजी घरेलू कनेक्शन के लाभार्थी हैं। इसमें से 9.6 करोड़ उज्ज्वल लाभार्थी हैं। कुजूर ने कहा कि मोदी सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.72 करोड़ शौचालय का निर्माण कराया है। इससे महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर काफी असर पड़ा है। साथ ही महिलाओं का मान-सम्मान भी बड़ाया है।

**हेमन्त सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं : आरती सिंह**

भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह ने कहा कि मोदी ने देश की बहनों को बहुत अच्छा उपहार दिया है। क्योंकि, प्रधानमंत्री देश की बहनों की चिंता करते हैं और हम बहनों को सशक्त बनाने के लिए हर संभव मदद करते हैं। सिंह ने कहा कि एक ओर केंद्र सरकार देश की बहनों को सशक्त करने के लिए अनेकों योजनाएं ला रही है तो दूसरी ओर राज्य की हेमंत सरकार में हर रोज महिलाओं के साथ दुष्कर्म, घरेलू उत्पीड़न, डायन हत्या जैसी घटनाएं हो रही हैं। यह काफी चिंतनीय विषय है।

## मोरहाबादी मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** । मोरहाबादी मैदान मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । बच्चों में काफी उत्साह देखा गया । बच्चों के टैलेंट पर मेला में मौजूद लोगों ने जमकर बजाई तालियां । वही इस कार्यक्रम में सीनियर बच्चों के द्वारा राष्ट्रीय गीतए मेरे वतन के लोगों गाना गाकर बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया ।

वहीं बच्चों के द्वारा स्वागत गान भी गाया गया । बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रोग्राम प्रस्तुत किये । मेरी आवाज मेरी पहचान और फास्ट कलाकार ने बच्चों को प्रोत्साहन के तौर पर पुरुस्कृत भी किया । परम शाह ने बताया कि मेला में आने वाले लोगों का भरपूर मनोरंजन किया जा रहा है ताकि उसे कहीं पर बोर महसूस ना हो । प्रतिदिन कलाकारों के द्वारा भी लोगों का भरपूर मनोरंजन किया जा रहा है । सह सचिव बुलंद अख्तर ने बताया कि रविवार को बॉलीवुड एक्टर देवेश खान भी मेला में शामिल होकर सभी कलाकारों और स्कूल के बच्चों का उत्साह बढ़ाएंगे । कुमार गहलोत, कविता होरो, रमीज बारी , आफताब आलम , गणेश तिर्की आदि ने स्कूल के सभी बच्चों को पुरस्कृत किया । इस मौके पर आनंद जालान, संतोष शाहदेव , सुलोचना शाहदेव, नीलम टोपनो आदि मौजूद थे।

## रक्षाबंधन हमें सीख देती है की हम अपने समाज की रक्षा कैसे करें : राज्यपाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, कांके एवं सेक्रेड हर्ट स्कूल, झुमरीतिलैया में अध्ययनरत बालिकाओं ने राज भवन आकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को राखी बांधी।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार एक अद्वितीय त्योहार है, जो पूरे राष्ट्र में मनाया जाता है। यह त्योहार हमें सीख देती है की हम अपने समाज की रक्षा कैसे करें? हमारे देश की सभ्यता एवं संस्कृति में एक-दूसरे के लिए आदर की भावना निहित है। हमारी परंपरा में समाज की अच्छाई के लिए किए जाने वाले कार्य निहित है, दायित्वो के निवर्हन पर बल दिया गया है। इससे समाज में सौहार्द, एकता एवं अनुशासन की भावना पुष्पित एवं पल्लवित होती है। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि बिना भविष्य की चिंता किए अपनी पढ़ाई पर एकाग्रचित होकर ध्यान दें और दैनिक दिनचर्या को समय पर निष्पादित करें। सफलता अवश्य मिलेगी।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी को दस साल की सजा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी मोजिम अंसारी को दस साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। आरोप है कि उसने गांव की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया था। रातू थाना में 15 अगस्त, 2018 को पीड़ति ने मोजिम अंसारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसमें कहा गया था कि सात अक्टूबर, 2017 को वह घर में अकेली थी। इस दौरान आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही घटना के बारे में किसी को नहीं बताने की धमकी दी थी। जब वह गर्भवती हुई तो दुष्कर्म की घटना का पता चला।

## झारखण्ड स्टेट स्क्वैश क्लोज्ड चैंपियनशिप 2023 के लिए पंजीकरण सात सितंबर तक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखण्ड स्क्वैश रैकेट संघ के तत्वाधान में 15 से 17 सितम्बर को द्वितीय झारखण्ड स्टेट स्क्वैश क्लोज्ड चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है।

यह टूर्नामेंट क्रॉस कोर्ट, अल्बर्ट एक्का चौक स्थित कोर्ट में होगा, जो खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में भाग लेना चाहते हैं, वो सात सितम्बर 2023 तक एसआरएफआई के ऐप में जाकर अपना पंजीकरण करा सकते है।

सात सितम्बर 2023 के बाद स्क्वैश रैकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा पंजीकरण को बंद कर दिया जायेगा। टूर्नामेंट से सम्बंधित कोई भी जानकारी प्राप्त करने के लिए समन्वयक स्वेता बुधिया (9709100003) और प्रशिक्षक आशीष कुमार बनर्जी (7717732382) से संपर्क किया जा सकता है। आशीष बनर्जी ने बताया कि यह टूर्नामेंट पिछले वर्ष की भांति पूरी तरह से झारखण्ड के खिलाड़ियों के लिए है।

यह टूर्नामेंट स्क्वैश रैकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया के दिशा निर्देशों एवं नियमानुसार कराया जायेगा। इस टूर्नामेंट में लगभग 150 प्रतिभागी के भाग लेने की संभावना है। इस टूर्नामेंट में बॉयज अंडर 11, गर्ल्स अंडर 11, बॉयज अंडर 13, गर्ल्स अंडर 13, बॉयज अंडर 15, गर्ल्स अंडर 15, बॉयज अंडर 17, गर्ल्स अंडर 17, बॉयज अंडर 19, गर्ल्स अंडर 19, महिला एवं पुरुष प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

## एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारत सरकार की पहल के तहत राष्ट्रीय खेल दिवस 2023 का आयोजन 29 अगस्त 2023 को कोयला खनन मुख्यालय में कर्मचारी कल्याण संघ के सहयोग से समावेशी और फिट समाज के लिए एक समर्थक के रूप में खेल थीम के साथ किया गया था। हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में भारत में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है।



इस अवसर पर कर्मचारियों ने सामूहिक भागीदारी और फिटनेस गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल को अपने दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवा) टी के कोनार द्वारा फिट इंडिया प्रतिज्ञा ली। इस कार्यक्रम में खेलों को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, इस अवसर पर खेल को समर्पित दिन मनाने के लिए इनडोर खेल यानी शतरंज और कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा, सबसे फिट और स्वस्थ कर्मचारी को खोजने के लिए कर्मचारियों के बीच प्लैंक व्यायाम प्रतियोगिता आयोजित की गई। राष्ट्रीय खेल दिवस देश के खेल नायकों और चैंपियनों को भी समर्पित है, जो देश को गौरवान्वित करने में उनके योगदान और समर्पण का सम्मान करते हैं। खेल के मूल्यों- अनुशासन, दृढ़ता, खेल भावना, टीम वर्क के बारे में जागरूकता बढ़ाने और फिट और स्वस्थ रहने के महत्व पर जोर देते हुए बड़े पैमाने पर जनता को खेल को अपनाने और इसे अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## मानवाधिकार रिकॉर्ड के विषय में भ्रमित करने का प्रयास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ऑल इंडिया नेटवर्क ऑफ एनजीओस एंड इंडिविजुअल्स वर्किंग विद नेशनल एंड स्टेट हयूमन राइट्स इंस्टीटूशन्स जी-20 सम्मेलन के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को भारत के निराशाजनक मानवाधिकार रिकॉर्ड के विषय में भ्रमित करने का प्रयास करने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एन एच आरसी ) की कड़ी आलोचना करता है।राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने काफी निष्क्रियता के पश्चात 5 सितंबर 2023 को नई दिल्ली में भारतीय मानवाधिकार समुदाय के साथ बैठक बुलाई है।

एनएचआरसी 3 मई 2023 से मणिपुरमें बड़े पैमाने पर हो रहे मनवाधिकारों के उल्लंघन का मुकदर्शक बना हुआ है। 20 जुलाई 2023 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के बोलने के बाद ही एनएचआरसी ने 24 जुलाई 2023 को भारत सरकार को एक नोटिस जारी किया। एनएचआरसी ने मणिपुर राज्य का कोई दौरा नहीं किया, जिसकी जानकारी सार्वजनिक क्षेत्र में है।

अल्पसंख्यकों और विशेष रूप से कमजोर समूहों की महिलाओं के खिलाफ गंभीर यौन हिंसा पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की चुप्पी ने महिलाओं के अधिकारों के प्रति उसकी घोर उदासीनता को उजागर किया है।

जिसका नवीनतम उदाहरण मणिपुर में कुकी-झो समुदाय की महिलाओं के साथ सार्वजनिक यौन शोषण और सामूहिक बलात्कार है। ऐसा तब है जब 23 मई 2023 को एनएचआरसी का पूर्ण आयोग बुलाया गया था, पर बैठक के तीन महीने बाद भी पूर्ण आयोग की कोई रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है।

### स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में दो की मौत

**रांची :** नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित टुंदुल बस्ती के समीप रिंग रोड पर मंगलवार देर रात स्कॉर्पियो और बाइक की सीधी टक्कर में दो व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना में बाइक सवार बबलू बड़ाईक और सुभाष तिर्की की मौत हो गयी। दोनों गार्गी टोली के रहने वाले थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही नगड़ी थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि स्कॉर्पियो और बाइक को जब्त कर लिया गया है। स्कॉर्पियो दुर्घटना के बाद पलट गई थी। स्कार्पियो सवार के बारे में पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच की जा रही है।

## आज दिन भर बांध सकेंगे राखी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन इस वर्ष दो दिन का माना जा रहा है। वैसे हिंदू पंचांग के मुताबिक हर वर्ष सावन महीने की पूर्णिमा तिथि पर रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है। इस साल सावन माह की पूर्णिमा तिथि 30 अगस्त को है, लेकिन इस साल 30 अगस्त को पूर्णिमा वाले दिन भद्रा का साया है। मान्यता है कि यदि श्रावण पूर्णिमा तिथि पर भद्रा का साया हो तो भद्राकाल तक राखी नहीं बांधी जा सकती है। उसके समापन के बाद ही राखी बांधी जाती है, क्योंकि भद्रा काल में राखी बांधना अच्छा नहीं माना जाता है। ऐसे में इस साल



रक्षाबंधन का पर्व 30 और 31 अगस्त दो दिन मनाया जाएगा। इसलिए 30 अगस्त को रात्रि नौ बजकर एक मिनट के बाद से और 31 अगस्त को पूरे दिन रक्षाबंधन का त्योहार मनाना श्रेष्ठ रहेगा। 31 को दिनभर राखी बांधा जाएगा। इस संबंध में बुधवार को पंडित मनोज पाठक ने बताया कि पंचांग के तहत सावन महीने की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 30 अगस्त को सुबह 10.58 बजे से हो रही है। इसका समापन 31 अगस्त को सुबह सात बजकर पांच मिनट पर होगा। 30 अगस्त की सुबह 10.58 बजे से भद्रा शुरू हो रही है, वहीं रात 09.01 बजे तक है। ऐसे में 30 अगस्त को भद्रा के कारण राखी बांधने का मुहूर्त दिन में नहीं है। इस दिन रात में नौ बजकर एक मिनट के बाद राखी बांधने का मुहूर्त है। इसके अलावा 31 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा सुबह 07.05 बजे तक है। इस समय में भद्रा नहीं है। ऐसे में 31 अगस्त को सुबह सैट बजकर पांच मिनट तक बहनें भाई को राखी बांध सकती हैं। इस प्रकार से इस साल रक्षाबंधन दो दिन 30 और 31 अगस्त को मनाया जा सकता है।

## चार सार्जेंट मेजर और दस सार्जेंट का तबादला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने चार सार्जेंट मेजर और दस सार्जेंट का तबादला किया हैं। इस संबंध में बुधवार को डीआईजी कार्मिक ने अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना के अनुसार सार्जेंट मेजर अजीत कुमार झा को झारखंड जगुआर, सार्जेंट मेजर अभिमन्यु कुमार को गुमला जिला बल, सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार को बोकारो जिला बल और सार्जेंट मेजर जोय प्रभाकर लकड़ा को बोकारो जिला में पदस्थापित किया गया है। इसी प्रकार सार्जेंट दीपक कुमार को गुमला जिला बल, सार्जेंट विमल कुमार चंद्रवंशी को पलामू जिला बल, सार्जेंट मेरी खलको को पलामू जिला बल, सार्जेंट पंकज कुमार भारती को गढ़वा जिला बल, सार्जेंट रविंद्र कुमार यादव को बोकारो जिला बल सार्जेंट आकाशदीप को बोकारो जिला बल, सार्जेंट दीना हांसदा को बोकारो जिला बल, सार्जेंट सुरेन मुर्मू को बोकारो जिला बल, सार्जेंट पीयूष कुमार को गिरिडीह जिला बल और सार्जेंट मुकेश कुमार को लोहरदगा जिला बल में प्रतिनियुक्ति किया गया है।




**पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों और इकाइयों में पदस्थापित रीडर की मांगी जानकारी :** राज्य के सभी जिलों और इकाइयों में पदस्थापित रीडर की जानकारी पुलिस मुख्यालय ने मांगी है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों और इकाइयों में कितने रीडर पदस्थापित हैं और कब से पदस्थापित हैं, इसकी जानकारी मांगी है। इसके अलावा शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि और नियुक्ति की तिथि से संबंधित भी जानकारी उपलब्ध करने को कहा गया है। पुलिस मुख्यालय से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार सीआईडी के डीजी, सभी जोनल आईजी, सभी डीआईजी, सभी जिलों के एसएसपी, एसपी और सभी वाहिनी के कमांडेंट को इस संबंध में पत्र लिखकर जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है। लिखे गये पत्र में कहा गया है कि सभी जिलों और इकाइयों में कार्यरत रीडर से संबंधित अपडेट लिस्ट पुलिस मुख्यालय में नहीं होने से कार्यों के निष्पादन में कठिनाई हो रही है।

## विशिष्ट व्यक्तियों को पवित्रता व स्नेह का सूचक राखियाँ बांधी गयीं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर रॉंची ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन द्वारा विशिष्ट व्यक्तियों को दिव्यता, पवित्रता और स्नेह की सूचक राखियाँ बांधी गयीं तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रक्षाबंधन त्योहार का संदेश और निमन्त्रण बाँटा गया। इस अवसर पर अपने उद्गार में ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा जब तक मर्यादाओं के सूत्र में लोग बँधे रहते हैं तब तक रिश्तों में प्रेम और सद्भावना बनी रहती है। जहाँ स्वार्थ, धार्मिक कट्टरता, अहम् के कारण रिश्तों की पवित्रता भंग होती है वहाँ रास्ते बदल जाते हैं। राखी के ये दो धागे बंधन न होकर ज्ञान और योग के दो सूत्र हैं जो काम क्रोध के पाशों को काटकर आत्मा रूपी पंछियों को मुक्त करने के साधन हैं। अलौकिक ब्रह्माकुमारी बहनें पवित्रता के संदेश के साथ यह राखीबाँधती हैं। इस रक्षासूत्र को बाँधने से सब रोग नष्ट हो अशुभ का नाश हो जाता है। राखी बाँधने के प्रतिदान स्वरूप सभी ने ननोविकारों को छोड़ने का संकल्प ब्रह्माकुमारी बहनों के समक्ष किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष के के गुप्ता को ब्रह्माकुमारीज् केन्द्र में ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने रक्षा सूत्र बाँधा ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने बताया प्रातः 8.30 बजे से रक्षाबंधन समारोह चौधरी बगान, हरमू रोड में ही उमंग उत्साह से मनाया जायेगा।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में मसांत बैठक के साथ अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के अभिभावक गोष्ठी में शामिल हुए। जिसमें अध्यक्ष के रूप में अभिभावक सुरेंद्र जी को चुना गया। 48 अभिभावकों की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस गोष्ठी को पूर्णरूपेण विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा जी के द्वारा संचालित किया गया। इन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया-बहनों की शैक्षणिक गतिविधियां किसी की प्रस्थिति में कमजोर नहीं होनी चाहिए, उनके सर्वांगिंग विकास हेतु हम सभी अग्रसर हैं, भैया-बहनों का पठन-पाठन कार्य, उनकी समस्या जानने व सुलझाने हेतु यह गोष्ठी का आयोजन किया गया है। वर्ष भर के पाठ्यक्रमों को कितने आसानी से भैया-बहन खेल-खेल के माध्यम से ब पढ़ायी में सीखें उसका प्रयास किया जाता रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत उन्हें जोड़कर आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है, उनके लिए शारीरिक, मानसिक संतुलन की स्थिति को देखते हुए विद्या भारती राष्ट्रीय एकात्मता एवं बालक के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से पांच विषयों के केन्द्रीय पाठ्यक्रम निर्धारित किये गये है।जिसमे शारीरिक शिक्षा ,योग शिक्षा , संगीत शिक्षा , संस्कृत शिक्षा , नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा शामिल है।जो उपरोक्त विषयों में संपूर्ण विकास हेतु ज़रूरी है उसके ऊपर काम किया जा रहा है। इसके अलावा अभिभावकों ने अपने व बच्चों की समस्याओं को एक-एक कर के रखा ।दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के कक्षाचार्य बीरेंद्र झा, आनंद कुमार, रीता दास, ऋषिकेश सिंह ने भी उनकी समस्याओं को सुलझाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिभावकों के अलावा विद्यालय के शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में वीरेंद्र पाठक ,रामनिवास पांडेय, मनोरंजन ओझा, विजय प्रजापति, आनंद जयसवाल, जिछु कुमार शर्मा, सरिता कुमारी, मोहन राय, शेषनाथ शर्मा, शशि रंजन, संदीप कुमार कर्ण, विजय उपाध्याय, निक्कू वर्मण, सिकंदर झा, बलराज साहनी, मनबोध कुमार, लक्ष्मण महतो, नवीन सिंह, मोहन राय, जितेंद्र पांडेय, अनुराग कुमार, राजू सिंह, अजय मिश्र, अनिता सिंह, भरत राय, स्निग्धा आनंद आदि कोई उपस्थित रहें।

## खलारी जामुनदोहर के युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी जामुनदोहर निवासी दिहाड़ी मजदूर 24 वर्षीय विजय लोहरा की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई. घटना के संबंध में बताया गया कि मंगलवार शाम विजय अपनी मोटरसाइकिल से चामा की ओर से मैकलुस्कीगंज होते हुए खलारी आ रहा था. उसके साथ जेहलीटांड़ खलारी की एक लड़की एंजल सिंह भी मोटरसाइकिल पर बैठी हुई थी. इसी बीच चामा-मैकलुस्कीगंज रोड में विपरीत दिशा से आता हुआ आइसर कंपनी का एक मिनी ट्रक संख्या जेएच 01ईआर/512 ने मोटरसाइकिल को धक्का मार दिया.दुर्घटना में दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए.दोनों घायलों को रिम्स ले जाया गया. रिम्स पहुंचने पर विजय लोहरा को मृत घोषित कर दिया गया. वहीं एंजल सिंह की हालत अभी भी गंभीर है. उसका इलाज चल रहा है. इधर दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को वहीं छोड़कर भाग गया. ट्रक को पुलिस ले आई है.विजय के घर वालों ने बताया कि विजय की पत्नी को राखी बांधने मायके जाना था. विजय अपनी पत्नी को चतरा का बस पकड़वाने के लिए चंदवा बस स्टैंड पहुंचाने गया था वहीं से वापस खलारी लौट रहा था. विजय लोहारा की दो छोटी बेटियां हैं. विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी ने विजय लोहरा की मृत्यु पर दुख प्रकट करते हुए सरकार से उसके आश्रितों के लिए मुआवजा की मांग की है.

## नेशनल हाइवे 33 के गागर सोतिया में एक्सीडेंट, दो व्यक्ति की हालत गंभीर

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 33 के रांची- टाटा मार्ग पर गागर सोतिया के निकट अर्टिका कार की चपेट में आने से बाइक सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसमें एक की स्थिति गंभीर बतायी जाती है। घटना सुबह ९ः०० बजे की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार टाटा कदमा निवासी गौतम मल्लिक अपनी पत्नी अनीता मल्लिक और उनके दो बच्चों के साथ रांची की ओर जा रहा था। इसी बीच गागर सोतिया के निकट रोड पार कर रहे बाइक सवार सोमनाथ सिंह मुंडा दरभंगा निवासी एवं हरि सिंह मुंडा खेसारीबेड़ा निवासी दोनों को कार ने जोरदार ठक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गया। हरि सिंह मुंडा की स्थिति गम्भीर देखते हुए तमाड़ पुलिस अस्पताल में इलाज के बाद डॉक्टर ने गम्भीर स्थित को देखते हुए वेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची भेज दिया।

## शिक्षा विभाग ने सीआरपी तनवीर अख्तर का बादम से तलसवार संकुल किया तबादला

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बड़कागांव के अनुशंसा पर हजारीबाग जिला शिक्षा विभाग ने संकुल साधन सेवी तनवीर अख्तर को बादम संकुल से हटाकर तलसवार संकुल भेज दिया गया है।उक्त संबंध में झारखंड शिक्षा परियोजना विभाग हजारीबाग लेटर पैड में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जारी ज्ञापन संख्या 1123 तिथि 29 अगस्त 2023 पत्र जारी कर आदेश निर्गत किया गया है। उक्त मामला उर्दू कन्या मध्य विद्यालय बादम से जुड़ा है।स्कूल में विधि व्यवस्था चरमरा जाने के खिलाफ ग्रामीणों के द्वारा 21 अगस्त सोमवार को वरीय पदाधिकारी जिला शिक्षा अधीक्षक के पास शिकायत की गई थी।जिस पर चुरचू प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जांच की गई रिपोर्ट आगे अग्रसरित की गई थी।स्थिति को देखते हुए बड़कागांव प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के अनुशंसा पर कार्रवाई की गई है।बताते चलें कि बादम संकुल साधन सेवी तनवीर अख्तर की पत्नी इसी संकुल में संचालित उर्दू कन्या मध्य विद्यालय में सहायक अध्यापिका के रूप में पदस्थापित है। बायोमेट्रिक में उपस्थिति दर्ज कराने के उपरांत कई शिक्षक/ शिक्षिकाएं स्कूल से 2 घंटे तक नदारत हो जाने के कारण स्कूल में बच्चों की पठन-पाठन प्रभावित हो जाने का आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाया गया था।जिसे शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की है।

## मेहंदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**गिद्दी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डाडी प्रखंड अंतर्गत डाडी पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय गिद्दी सी में बुधवार को सावन उत्सव मनाया गया इस अवसर पर मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में उपस्थित डाडी मुखिया श्री लखनलाल महतो ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगिता बच्चो में सृजनशीलता को बढ़ावा देने का अच्छा माध्यम है वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं समय-समय पर विद्यालय में आयोजित की जाती हैं, जिससे बच्चों के रचनात्मक विकास के साथ-साथ उनमें छिपी प्रतिभाओं को भी निखारा जाता है। उन्होंने बच्चों को सावन माह के महत्व और सावन में छाई हरियाली से होने वाले लाभ की जानकारी दी। मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता में कक्षा दो से लेकर पांच तक के बच्चों ने भाग लिया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम सोहाना प्रवीण दूसरे स्थान में जिया अंजुम एवं तीसरे स्थान में मेघा कुमारी रही वही राखी बनाओ प्रतियोगिता में इसिका नाज एवम लक्ष्मी कुमारी ने बाजी मारी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक मो मिंहाजुद्दीन शिक्षिका भारती कुमारी,देवकी देवी, अनिमा सुषमा खाखा,शुशीला,पूनम,शबाना यासमीन,नीलम देवी, सलेहा खातून, सहित स्कूल के बच्चे बच्चियां उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने खूंटी व कर्रा प्रखंड का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त, लोकेश मिश्रा द्वारा खूंटी एवं कर्रा प्रखंड का दौरा किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इसमें मुख्य रूप से कर्रा प्रखंड अंतर्गत किसान पाठशाला, लतरातू डैम एवं उच्च विद्यालय, लोधमा एवं खूंटी प्रखंड के जवाहर नवोदय विद्यालय एवं आर सेटी का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने आर सेटी का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को भी सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि उचित प्रशिक्षण मॉड्यूल के आधार पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में कौशल वर्धन को लेकर भी उचित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचकर आमजनों की समस्याओं का निराकरण करने हेतु प्रयासरत है।

उपायुक्त ने किसान पाठशाला का भ्रमण किया एवं समेकित आजीविका कृषि प्रणाली एवं अन्य गतिविधियों का अवलोकन किया।

उपायुक्त ने कहा कि किसान पाठशाला के माध्यम से भी ग्रामीणों को प्रशिक्षित कर प्रायोगिक तरीकों से अवगत कराया जायेगा।

मनरेगा के विभिन्न योजनाओं से शेड का निर्माण कर गाय पालन, बकरी पालन, मुर्गीपालन जैसे वैकल्पिक संसाधनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर मधुमक्खी पालन सह शहद उत्पादन, मछली सह बत्तख पालन, केचुआ खाद उत्पादन जैसी गतिविधियाँ भी की जा रही है।

पार्क में कृषि प्रणाली को समेकित करने के लिए जे.एस.एल.पी.एस के माध्यम से पौली नर्सरी हाउस और सोलर आधरित लिफ्ट सिंचाई इकाई की स्थापना भी की गयी है। पौली नर्सरी हाउस में मिट्टी रहित पौधों को विकसित किया जा रहा है तो वहीं लिफ्ट सिंचाई फार्म के कोने-कोने तक सिंचाई सुनिश्चित कर रहा है। खूंटी के टाड़ इलाकों में नए प्रकार की खेती को बढावा देने के लिए ड्रैगन फरूट के पौधों की खेती एक एकड़ भूमि पर की गयी है।

इसमें हॉर्टिकल्चर (उद्यान कृषि), फ्लोरीकल्चर (फूलों की बागवानी), मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, उन्नत एवं वैज्ञानिक कृषि और सिंचाई गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही हॉर्टिकल्चर के तहत फलदार वृक्ष (पॉमीलॉजी), विभिन्न तरह की सब्जियों (ओलोरीकल्चर) से सम्बंधित कार्यों का अवलोकन कर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने लतरातू डैम का भ्रमण कर पर्यटन के विकास को लेकर विभिन्न पहलुओं पर निर्देश दिए। जिला प्रशासन के सौजन्य से सैलानियों की सुविधा के लिए लतरातु डैम के सुंदरीकरण हेतु व्यवस्थाएं की जा रही है। परिसर में जिला प्रशासन के द्वारा स्विमिंग पूल, कॉटेज, कैंटिन, रेस्ट रूम, शौचालय आदि का निर्माण किया गया है। साथ ही यहां के पहाड़ों में कई कलाकृतियां बनाने के साथ स्लोगन लिखे गए हैं।

साथ ही पूरी सावधानी के साथ ये सैलानियों को लतरातू जलाशय में सुरक्षित बोटिंग कराते हैं। भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि खूंटी जिले में पर्यटन स्थलों का विकास रोजगार के नए साधन के पथ प्रशस्त करता है। आगे उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों के विकास के लिए पर्यटन का भी विकास किया जाना आवश्यक है। उपायुक्त द्वारा उच्च विद्यालय, लोधमा एवं जवाहर नवोदय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने विद्यालय में मूलभूत आवश्यकताओं, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, कक्षाएं, साइंस लैब व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

इस दौरान उपायुक्त द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय की आवश्यकता है कि हम सब मिलकर सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के सार्थक प्रयास करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालय में सभी प्रकार की सुविधाएं व बेहतर शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके लिए उन्होंने शिक्षकों को सुचारू रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। विद्यालयों के आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने हेतु आवश्यक व्यवस्था एवं समस्याओं पर विशेष दिशा-निर्देश दिए गए।

## आम्रेश्वर धाम के श्रावणी मेले में उमड़ा जन सैलाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आम्रेश्वर धाम, खूंटी में श्रावणी मेला के समापन से एक दिन पूर्व बुधवार को जन सैलाब उमड़ पड़ा। लाखों की संख्या में स्त्री-पुरुष श्रद्धालु सहित अन्य लोग श्रावणी मेले में पहुंचे । मेले में लोगों के आने-जाने का सिलसिला शाम तक चलते रहा। प्रबंधन समिति,आम्रेश्वर धाम,खूटी के अनुसार 31अगस्त को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर श्रावणी मेले में आज की अपेक्षा लोगों की भीड़ अधिक होने की संभावना है। हालांकि आम्रेश्वर धाम में मेला 01 सितम्बर तक रहेगा। अखंड हरि कीर्तन का आयोजन धाम परिसर में 48 घंटे का अखंड हरि कीर्तन एवं जाप का कार्यक्रम प्रारंभ है जो 31 अगस्त की शाम चार बजे तक चलेगा। श्रावणी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विद्युत विभाग द्वारा धाम परिसर व इसके आसपास निर्बाध बिजली आपूर्ति एवं पर्याप्त लाईट की व्यवस्था की गयी है। लोगों की सुविधा हेतु पुलिस सहायता सह खोया-पाया केन्द्र स्थापित है।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए परिसर में पुलिस पिकेट बनाया गया है। दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त हैं। महिला-पुरुष बल के जवान तैनात हैं। साथ ही प्रबंधन समिति के पदाधिकारी एवं वोलेंटियर सक्रिय रहते हैं। लोगों की गतिविधियों पर सीसी टीवी कैमरे से निगरानी की जाती है। चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराने के निमित अंगराबाड़ी स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के अलावा धाम परिसर में चिकित्सा शिविर लगाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, स्नागार, शौचालय सहित अन्य व्यवस्था का उचित प्रबंध है। 04 जुलाई से प्रारंभ श्रावणी मेले में प्रसाद, फूल-माला सहित अन्य दुकानें सजी हैं। मेले के दुकानदारों में खूंटी, रांची सहित अन्य जिले के अलावा बिहार से आये दुकानदार भी शामिल हैं।

## गांवों में ट्रासंफार्मर लगाने को लेकर आजसू ने दिया ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत बुण्डू अनुमंडल क्षेत्र के बुण्डु प्रखंड के एड़केया, पारमडीह,डमारी एवं तमाड़ प्रखंड के उलीलोहोर के ट्रांसफॉर्मर पिछले एक महीने से खराब है और आमजन जीवन बुरी तरह से प्रभावित है किसानों की खेती बच्चों की पढ़ाई गांव घर की रौशनी पुरी तरह प्रभावित है इस संबंध में विद्युत विभाग की लापरवाही उभर कर सामने आई है अब तक ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली व्यवस्था सुचारू करने की कोई पहल नजर नहीं आई है।इस गंभीर मसले को लेकर संज्ञान में लेते हुए आजसु पार्टी के रांची जिला समिति के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा अपने सहयोगी संजय महतो और मोहम्मद सिराज के साथ बुधवार को विद्युत आपूर्ति विभाग रांची के महाप्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें उन्होंने ने लिखित तौर पर ये कहा कि अगर दो दिनों के अन्दर उक्त गांवों में ट्रासंफार्मरों को बदलकर बिजली व्यवस्था बहाल नहीं की जाती है तो बाध्य होकर आगामी दो सितंबर को आजसु पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा के नेतृत्व में आजसु पार्टी विद्युत आपूर्ति विभाग के महाप्रबंधक के कार्यालय के बाहर धरने में बैठेगी।उक्त ज्ञापन पर विद्युत आपूर्ति विभाग के महाप्रबंधक ने तुरंत संज्ञान लेकर विद्युत विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को फोन कर तुरंत उक्त ट्रासंफरमर की व्यवस्था करने कहा तथा राजकिशोर कुशवाहा को आश्वासन दिया कि तीन से चार दिन के अन्दर आपकी मांग पुरी हो जाएगी अतः आप अपनी कार्यक्रम फिलहाल स्थगित करें।इस पर राजकिशोर कुशवाहा ने कहा कि आपने ग्रामीणों के इस गंभीर मुद्दे पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए विभागीय अधिकारियों को ट्रांसफार्मर लगाने की दिशा में आदेश दिया इसके लिए हम ग्रामीण जनता आभारी हैं।

## उपायुक्त ने डोमचांच प्रखंड व अंचल समेत रेफरल अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने डोमचांच प्रखंड व अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उन्होंने प्रखंड व अंचल कार्यालय समेत सभी विभागों का जायजा लिये। निरीक्षण के क्रम में पाया कि प्रखंड समन्वयक 15वें वित आयोग, प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा बीपीओ कार्यालय में अनुपस्थित पाये गये, जिसमे प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय सिन्हा ने बताया गया कि सभी क्षेत्र भ्रमण में गये है। उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को निर्देश दिये कि कार्यालय के सभी कर्मी समय पर कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। प्रखंड के दूर-दराजू क्षेत्रों से आने वाले आमजनों की समस्याओं का समाधान करेंगे । उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी से राशन कार्ड धारी के बारे में जानकारी ली और कहा राशन से संबंधित मामलों का निस्तारण अपने स्तर से करेंगे। साथ ही संपन्न और आहर्ता नहीं रखने वाले कार्ड धारी को निश्चित करेंगे।वहीं उपायुक्त ने सीएम प्लस टू उच्च विद्यालय का निरीक्षण की जिसके बाद उपायुक्त ने डोमचांच नगर पंचायत अंतर्गत सीएम प्लस टू उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने बच्चों से बात चीत की और बच्चों से उनके पाठन पठन की जानकारी ली और शिक्षा व्यवस्था के बारे में जाना। उन्होंने सभी शिक्षकों से कहा कि बच्चों को सरल भाषा में विषयों को समझाएं। बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने का निर्देश दिये। उन्होंने प्रोजेक्ट रेल के तहत टेस्ट की भी जानकारी ली और कहा कि सभी विषयों का नियमित रूप से टेस्ट लेंगे। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने रेफरल अस्पताल डोमचांच का औचक निरीक्षण किये। निरीक्षण के क्रम में वहां की स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने रेफरल अस्पताल में चिकित्सक बढ़ने की बात कही और मेडिसिन स्टोर का रजिस्टर बेहतर तरीके से संधारण करने को कहा गया। साथ ही नवनिर्मित रेफरल अस्पताल के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया, उन्होंने कहा कि भवन का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो, इसका ख्याल रखेंगे। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार सिन्हा, एपीआर अविनाश कुमार, थाना प्रभारी डोमचांच व अन्य मौजूद रहे।

## बड़कागांव विधानसभा का कोई भी क्षेत्र सड़क विहीन नहीं रहेगा : अंबा प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** प्रखंड क्षेत्र के दो अति महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा मंजूरी मिली है जिसमें प्रखंड क्षेत्र के भगवानबागी से लकुरा गांव होते हुए बचवरिया तक 2.7 किमी तथा चंदौल पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय से मुरकटी मुख्य पथ तक की 2.2 किमी सड़क का निर्माण शामिल है। स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने बताया कि क्षेत्र के खराब पड़े सड़कों के मरम्मत कार्य एवं अधिक से अधिक नए सड़कों की स्वीकृति प्रदान करने को लेकर संबंधित विभाग से लगातार संपर्क मे रह कर कई सड़कों की निर्माण को लेकर स्वीकृति हासिल कराई गई है। कोई भी क्षेत्र सड़क विहीन नहीं रहेगा। उक्त दोनों सड़कों के निर्माण में लगभग 6 करोड़ की लागत आएगी एवं विधानसभा क्षेत्र वासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि विकास के मामले पर बड़कागांव विधानसभा पूरे राज्य में रोल मॉडल बन रहा है।

## चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**जयनगर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वधान में गुरुवार को वेको पंचायत भवन जयनगर में चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता देखो पंचायत की मुखिया रुपाली कुमारी ने किया। जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एलडीसीएस के अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही सभ्य समाज एवं ही विकसित राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा देना अनिवार्य है। श्री ओझा ने कहा कि लड़कियां आज किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं है। हर क्षेत्र में आगे बढ़कर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कानून की जानकारी हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है।उन्होंने पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, बाल तस्करी, महिला प्रताड़ना सहित कई कानूनों की विस्तृत रूप से जानकारी दी। वही ललन चौधरी ने डीएलएसए द्वारा चलाए जा रहे हैं कई कार्यक्रमों की विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम को उप मुखिया देवेंद्र सिंह, पंचायत सेवा प्रकाश साहू,मुखिया प्रतिनिधि बलदेव यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बल्ब अर्जुन राम ने किया। मौके पर पीएलबी दिनेश कुमार रजक, रघुनाथ यादव ,बैजनाथ यादव, विमला देवी, फूलमती देवी, मीना देवी, जगदीश यादव, जागेश्वर यादव सहित दर्जनों महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो गम्भीर रूप से घायल

**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राधा फ्यूल जंक्शन पेट्रोल पंप के समीप बुधवार की सुबह सड़क दुर्घटना में पिकअप वैन चालक समेत दो लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मरकच्चो थाना की टीम वहां पहुंची तथा दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो में भर्ती कराया गया जहां दोनों की स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल कोडरमा रेफर कर दिया। जिसमें चालक फलजीत गोस्वामी को कोडरमा सदर व डिलो यादव को परिजन बेहतर इलाज के लिए बाहर ले गये। घायलों की पहचान पिकअप वाहन चालक फलजीत गोस्वामी 25 वर्ष भोजपुर मरकच्चो व बकरा व्यपारी डिलो यादव 55 वर्ष खण्डहरा डीह मरकच्चो के रूप में कई गयी। जानकारी के मुताबिक पिकअप वैन कानपुर से बकरा लेकर आ रहा था। वही दुर्घटना में एक बकरे की मौत हो गयी तथा दर्जनों बकरों को चोंटे आयी है।

## अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में चला वाहन चेकिंग अभियान

**कोडरमा :** गत दिनों जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में बिना खनिज परिवहन चालान, अवधि समाप्त परिवहन चालान, बिना लाईसेंस और ओवरलोड वाहनों की चलाने की बात सामने आई थी, साथ ही ओवरलोड वाहनों से सड़क दुघर्टना होने की संभावनाएं होती है। जिसपर बुधवार देर रात्रि को जिला खनन टास्क फोर्स के सदस्य अनुमण्डल पदाधिकारी के नेतृत्व में जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी व अंचल अधिकारी के द्वारा बागीटांड चेकनाका के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना खनिज परिवहन चालान, अवधि समाप्त परिवहन चालान, बिना लाईसेंस समेत कई कागजातों की जांच की गयी। इस क्रम में करीब 16 वाहनों पर कार्रवाई की गयी। जिसमें बिना खनिज परिवहन चालान के अवैध रूप खनिज का परिवहन के बाबत 16 वाहनों को बिना वैध खनिज परिवहन चालान / अवधि समाप्त परिवहन चालान के साथ खनिज का परिवहन करने के विरूद्ध जप्त कर, बागीटांड स्टेडियम तथा पीसीआर कैंपस कोडरमा में रखा गया है । इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, अंचल अधिकारी कोडरमा अनिल कुमार व पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर एक अन्य जगह चले अभियान में 9 वाहनों पर कार्रवाई करते बिना परमिट, बिना फिटनेस, बिना इंसोरेंस, वाहन में अतिरिक्त स्थान निकाल देने के एवज पर 7 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया और दो वाहनों पर शराब पीकर वाहन चलाने को लेकर कार्रवाई की गयी, साथ ही उस पर जुर्माना भी लगाया गया। वाहन जांच अभियान के दौरान जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, जिला परिवहन पदाधिकारी और सड़क सुरक्षा दल की टीम मौजूद रहे।

## दुर्गा वाहिनी की बहनों ने पुलिस को बांधी राखी

**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी की बहनों ने आज राष्ट्र समाज की सेवा में लगे सरकारी कर्मियों की कलाई पर राखी बांधकर रक्षाबंधन उत्सव मनाया। इस दौरान मरकच्चो थाना में थाना प्रभारी लव कुमार ,एसआई उत्तम कुमार वैध,गोविंद सिंह, संजय शर्मा आदि को रक्षा सूत्र बांधी व मिठाई खिलाई । विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजीका कृति सुमन द्वारा यह संदेश दिया गया कि पुलिसकर्मी ,स्वास्थ्य कर्मी, प्रेस कर्मी सदैव हमारी रक्षा एवं सेवा में तत्पर रहते हैं ।

## छठी सीनियर झारखंड राज्य हॉकी चैंपियनशिप पुरुष व महिला का हुआ समापन



**रांची/जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छठी सीनियर झारखंड राज्य हॉकी चैंपियनशिप 2023 पुरुष और महिला रोमांचक मुकाबले के साथ संपन्न हुई। चैंपियनशिप के अंतिम दिन मुकाबलों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया वहीं विजेताओं ने मैदान पर अपना दमखम दिखाया। बहुप्रतीक्षित पुरुष फाइनल में, एकलव्य अकादमी ने नवल टाटा हॉकी अकादमी (एनटीएचए) को रोमांचक शूटआउट में 3-0 से हराकर खिताब जीता। एनटीएचए के लिए गोल स्कोरर में साइमन और जयमाशी शामिल थे, जबकि एकलव्य अकादमी के लिए गोल स्कोरर डेनिस केरकेट्टा और नोयेल टोप्पो थे। दिन का पहला मैच रेलवे और रांची के बीच तीसरे और चौथे स्थान के लिए हुआ। प्रभावशाली मुकाबले में रांची 2-1 के स्कोर से विजयी रहा। एक अन्य मैच में, रांची और गुमला विमेंस (तीसरे और चौथे स्थान के लिए) के बीच एक रोमांचक मुकाबला हुआ, जो ड्रॉ के साथ समाप्त हुआ। हालांकि, शूटआउट राउंड में रांची ने 3-0 से जीत हासिल कर ली। महिलाओं के फाइनल में एकलव्य एकेडमी और खूंटी के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ। एकलव्य अकादमी 8-0 के शानदार स्कोर के साथ विजयी रही। पुरुष वर्ग में एकलव्य टीम के जोसेफ टोपनो को टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब दिया गया, जबकि महिला वर्ग में एकलव्य टीम की अलबेला रानी टोप्पो को भी यही सम्मान से नवाजा गया।

## पोटका व कोवाली के 223 किसानों का धान अधिप्राप्ति की दूसरी किस्त लटकी

**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटका व कोवाली में 223 किसानों को धान अधिप्राप्ति की दूसरी किस्त की राशि बीते अप्रैल महीनों से अटकी है। दूसरी किस्त के भुगतान को लेकर हो रही देरी को लेकर रोजाना दर्जनों किसान पोटका लैंप्स कार्यालय का चक्कर लगा रहे है। भाजपा नेता सह पोटका विधानसभा प्रभारी उपेन्द्र नाथ सरदार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है व क्षेत्र के उपायुक्त से जल्द मामले को संज्ञान में लेकर किसानों के दूसरी किस्त की राशि भुगतान करवाने की मांग उठाई है अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है। इस बाबत पोटका लैंप्स के सचिव खुदी राम बेसरा ने कहा कि उनके यहां 141 किसानों ने हजारों क्विंटल धान जमा किया। पहली किस्त का भुगतान समय पर हुआ जबकि दूसरी किस्त की राशि अप्रैल महीने से बकाया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस बाबत उपायुक्त को ज्ञापन देकर भुगतान हेतु गुहार लगाई जाएगी।

## रक्षाबंधन में बहनों को प्रधानमंत्री गैस सिलेंडर का दाम घटाकर दिया उपहार : मालती गिलुवा



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सदस्य मालती गिलावा ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि भाजपा सरकार के द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर में रु200 की प्रति सिलेंडर मूल्य घटाया गए हैं जो केंद्र सरकार की ऐतिहासिक निर्णय कहे जाएंगे। रक्षाबंधन के दिन प्रधानमंत्री के द्वारा देश के बहनों को गैस सिलेंडर के मूल्य घटकर बहुत बड़ी उपहार दिए हैं । इससे देश के लगभग 33 करोड़ लोगों को लाभ होगा साथ ही उज्ज्वला योजना के गैस सिलेंडर पर भी भारी लाभ दिए गए हैं। आने वाले समय में केंद्र सरकार के द्वारा जनहित में और भी कई घोषणाएं अथवा जनहित के लिए निर्णय लिए जाएंगे। श्रीमती गिलुवा ने इस निर्णय पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## कुचाई के जोवाजंजीर में तीन दिवसीय फुटबॉल महाकुंभ का शुभारंभ

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष में रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर कुचाई प्रखंड क्षेत्र के जोवाजंजीर फुटबॉल मैदान पर नव युवक संघ के द्वारा तीन दिवसीय फुटबॉल महाकुंभ का बुधवार को सोयला एफसी रामायसाल एवं रीडिंग एफसी बिरगामडीह? के बीच शुभारंभ हुआ, जिसकी विधिवत उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा पूर्व प्रमुख सह रूगुडीह मुखिया करम सिंह मुंडा तिलोपदा मुखिया राम सोय एवं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मुंडा ने संयुक्त रूप से फुटबॉल को किक मारकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर मुंडा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी मनुष्य का एक विशेष अंग है। इस दौरान मुख्य रूप से कुचाई थाना प्रभारी चंदन कुमार भी उपस्थित थे।

## झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने पोटका में श्राद्धकर्म के लिए दिया सूखा राशन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटका प्रखंड अन्तर्गत धिरोल पंचायत के बागो ग्राम निवासी देवा कर्मकार का विगत दिनों निधन हो गया था। देहांत उपरांत पत्नी सोमबारी कर्मकार के साथ भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनके श्राद्धकर्म के लिए झामुमो नेता महावीर मुर्मू ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ उनके घर जाकर शोकाकुल परिवार के प्रति शोक संवेदना प्रकट किया एवं मृतक के भाई पंकज कर्मकार को सुखा राशन देकर सहयोग किया। मौके पर माटकू पंचायत के पूर्व मुखिया बिल्टू हांसदा, पंचायत समिति सदस्य जालिम मार्डी, युवा नेता दुर्गा प्रसाद हांसदा, पप्पू उपाध्याय, मनोज तांती, रॉकी सिंह, करण वीर कालिंदी, विनय गोप, सुंदर गोप, राजेन गोप, संदीप गोप व मनोज गोप आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# पिछली सरकार में चावल कटिंग का आरोप लगाने वाले विधायक आवंटन कटिंग के मामले में चुप क्यों : प्रदीप

## 10 हजार क्विंटल अनाज की हेराफेरी के मामले में पीडीएस दुकानदारों द्वारा उपायुक्त से की गई शिकायत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के गरीब कार्डधारियों के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए 10 हजार क्विंटल अनाज की हेराफेरी के मामले में पीडीएस दुकानदारों द्वारा उपायुक्त से की गई शिकायत गंभीर मामला है। सितंबर 2022 से दिसंबर 2022 तक चार महीने का अनाज का आवंटन किए बिना विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदार द्वारा डीएसडी इंट्री कर देने से गरीबों के लिए भेजा गया अनाज उन्हें नहीं मिल पाया। इस मामले में जुगसलाई विधायक मंगल कालिन्दी की चुप्पी संदेहास्पद है। यह बातें बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए भाजपा के जमशेदपुर महानगर जिला उपाध्यक्ष सह पीएमजीकेएवाई पटमदा के संयोजक प्रदीप कुमार महतो ने कही है। उन्होंने विधायक के खिलाफ हमला बोलते हुए कहा कि क्षेत्र भ्रमण के क्रम में जगह-जगह पर मंगल कालिन्दी आरोप लगाते हुए ग्रामीणों से कहते हैं कि पिछली सरकार में डीलरों द्वारा चावल कटिंग किया जाता था जिसे उन्होंने बंद करवा दिया। इसे विधायक की बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश की जाती है। यह बात सही भी है कि किसी-किसी डीलर के द्वारा किया भी जाता रहा होगा। शिकायत मिलने पर उस दौरान कार्रवाई भी होती रही है और यहां तक कि कई डीलरों को सस्पेंड भी किया जा चुका है। लेकिन यह भी सही है कि उस वक्त नियमित अनाज का वितरण लाभुकों के बीच होता था और उसकी निगरानी भी समिति के माध्यम से होती थी। भाजपा नेता प्रदीप का आरोप है कि वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में पूरा आवंटन ही कटिंग हो रहा है और इस मामले में अब तक विधायक ने कोई कदम नहीं उठाया है। ऐसी बात नहीं है कि मामले की जानकारी उन्हें नहीं है बल्कि उनकी चुप्पी से भ्रष्ट ठेकेदार व अधिकारियों की मनमानी का शिकार स्थानीय पीडीएस दुकानदार हो रहे हैं। डीएसडी के ठेकेदार से जुड़े लोगों द्वारा महिला समूहों की डीलरों के साथ अभद्र व्यवहार व अश्लील भाषा का प्रयोग की शिकायत भी पीडीएस दुकानदार संघ पटमदा-बोड़ाम द्वारा की गई है। उन्होंने कहा कि आखिर 4-4 महीने के अनाज के गबन के मामले में विधायक के द्वारा कोई कदम नहीं उठाना सवाल खड़े करता है। उन्होंने जिले के उपायुक्त से मांग किया कि उचित माध्यम से जांच कराते हुए गरीब कार्डधारियों को उनका हक दिलाया जाय।

## सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति ने वीर जवानों की कलाइयों पर बांधा रक्षा सूत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** हर वर्ष भांति इस वर्ष भी सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति की संरक्षक समाजसेवी रानी गुप्ता के नेतृत्व में सैनिक अधिकारियों व वीर जवानों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधा. मौके पर सैनिकों ने भी उपस्थित बहनों का उचित सम्मान करते हुए उपहार देकर सम्मानित किया. इस मौके पर संस्था की ओर से पूर्णिमा देवी, पूर्णिया अग्रवाल, गीता देवी. सतवंत कौर उपस्थित रहीं.

## जनता 5 राज्यों के चुनाव में बीजेपी को शून्य पर आउट कर दे तो मोदीजी गैस सिलेंडर मुफ्त में बांटेगे : बबलू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मोदी सरकार द्वारा कल रक्षा बंधन के मौके पर 200 रूपये रसोई गैस के दाम घटाकर देश के बहनों को रक्षा बंधन का उपहार देने की बात कर रही है। इस पर तंज कसते हुए पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के जिला उपाध्यक्ष बब्लू झा ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि ये इंडिया गठबंधन की ताक़त है कि रसोई गैस के दाम में आग लगाने वाले अब दाम घटाने



को मजबूर हैं। 9.5 सालों में ईंधन टैक्स से 30 लाख करोड़ की मुनाफ़ाख़ोरी की। ख़रीद की क्षमता से दुनिया में सबसे महँगी रसोई गैस भारत में बिकी। रसोई गैस दाम 2014 - 2023- 185 प्रतिशत ऊपर गये। रसोई गैस दाम 2014 में रु400, 2023 में रु1140 । अगस्त 2023 में रसोई गैस दाम 17.5फीसदी घटाए। भारत में रसोई गैस दाम साऊदी अरामको के एलपीजी दाम और ?/. पर निर्भर । साऊदी अरामको एलपीजी दाम- जनवरी 2014 में .1010/ मीट्रिक टन बनाम जनवरी 2023 .590/मीट्रिक टन। साऊदी अरामको एलपीजी दाम अगस्त 2023 में .470/मीट्रिक टन।साऊदी अरामको एलपीजी दाम जुलाई '23 में .400/मीट्रिक टन, जून '23 .450/ मीट्रिक टन। बबलू ने कहा कि अगर जनता आगामी 5 राज्यों के चुनाव में बीजेपी को शून्य पर आउट कर दे तो मोदीजी गैस सिलेंडर मुफ़्त में बांटेगे ।

## दलमा सफारी योजना का ग्रामीणों ने किया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** प्रखंड क्षेत्र चांडिल के माकूलाकोचा मैदान में बुधवार को दलमा क्षेत्र के ग्रामीणों ने एक बैठक किया। बैठक में दलमा सफ़ारी योजना का पुरजोर विरोध किया। ग्रामीणों ने बताया कि इस नियम से दलमा क्षेत्र के आमजनो को कई दिक्कत होगी। जो नियम विभाग द्वारा लागू किया जा रहा है उसमे 84 गांव के लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। जो कहीं से उचित नहीं है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि 84 गांव के लोगों को आने-जाने में या गांव के रिश्तेदार को भी पैसा लिया जाएगा एवं वर्तमान में भी आम लोगों के ऊपर आने जाने पर पैसा भी लिया जाता है।

### दलमा क्षेत्र के ग्रामीण व उनके रिश्तेदारों का नहीं लगेगा कोई शुल्क : दिनेश चंद्रा



वहीं बैठक पर मौजूद दलमा रेंजर दिनेश चंद्र ने भी काफी समझाने बुझाने की प्रयास किया परंतु ग्रामीणों के साथ उनका वार्तालाप अधूरा रहा। इस दौरान सभी ने अपनी-अपनी राय भी रखा। रेंजर ने कहा कि , इस विषय को लेकर अभी तक विभाग की ओर से कोई नोटिफिकेशन नहीं आया है लेकिन उसकी प्रक्रिया चल रहा ऊपर से जो भी आदेश आएगा इसकी सूचना सभी को दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दलमा क्षेत्र के ग्रामीण एवं रिश्तेदारों से किसी भी प्रकार की शुल्क नहीं लिया जाएगा। अगर इस विषय कोई भी कुछ कहता है तो वो गलत है।

## आंधारझोर पहुंचे डीसी ने वाद्ययंत्र के कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराने का दिया आश्वासन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत बोड़ाम प्रखंड के आंधारझोर गांव के वाद्य यंत्र बनाने वाले कारीगरों को जोड़ा जाएगा। जिसके तहत 15-15 हजार रुपये करीब 70 परिवारों को दिए जाएंगे। इसके अलावे सदियों से वाद्य यंत्र (तबला, मांदर व ढोलक आदि) बनाने वाले कारीगरों को जमशेदपुर में बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। एक न्यूज चैनल को इंटरव्यू देते हुए डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि सदियों से जो इन परिवार के लोगों द्वारा परंपरागत रूप से हस्तशिल्प को जारी रखा गया है उसके संरक्षण के लिए इन्हें प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाया जाएगा। जिसमें



बेसिक ट्रेनिंग एवं टूल किट के लिए 15-15 हजार की राशि दी जाएगी। साथ ही जमशेदपुर में इनलोगों द्वारा वाद्य यंत्र बेचने के लिए जिस जगह का उपयोग किया जाता था, वर्तमान में इन्हें वह जगह नहीं मिल रही है। इनलोगों को जगह उपलब्ध कराने का प्रयास जिला प्रशासन की ओर से किया जाएगा। यहां की महिलाओं को स्वरोजगार हेतु मोमबत्ती निर्माण व मशरूम की खेती आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही राज्य सरकार की सर्वजन पेंशन योजना, ग्रीन राशन कार्ड समेत अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए बुधवार को गांव में शिविर आयोजित की जाएगी। मौके पर गोपाल रुहिदास, दयामय रुहिदास समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## भाजपा महिला मोर्चा ने आयोजित किया स्नेह यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** भाजपा महिला मोर्चा जिला कमेटी द्वारा आयोजित स्नेह यात्रा कार्यक्रम के तहत जिलाध्यक्ष रश्मि साहू के नेतृत्व में रक्षाबंधन के पूर्व संध्या पर ऑटो चालक भाइयों को रक्षा सूत्र बांध कर उनकी उन्नति और खुशहाली की कामना की गई। बताया गया है कि केंद्रीय कमेटी से निर्देशित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ऑटो चालक भाइयों के साथ मधुर संबंध बनाते हुए उनका सम्मान करना था। इसके अलावा घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में कटौती की खुशी में महिलाओं की बीच लड्डू वितरण भी किया गया। इस मौके पर महिला मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी सुनीता मिश्रा, कार्यसमिति सदस्य पूनम ठाकुर, श्वेता मिश्रा, अनु घोष समेत क्षेत्र की कई महिलाएं उपस्थित थी।

## भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम के जीर्णोद्धार कार्य को सुचारू तरीके करने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम का जीर्णोधार कार्य को सुचारू एवं गुणवत्ता के साथ करने की मांग स्थानीय खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों द्वारा किया गया है। शिकायतें मिली थी कि संवेदक द्वारा कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं रखा जा रहा है। इस संदर्भ बुधवार को पूर्व खिलाड़ी सह सामाजिक कार्यकर्ता जलेश कवि कुछ खिलाड़ियों के साथ निर्माण स्थल जाकर विभाग के सहायक अभियंता से बातचीत की। अभियंता द्वारा आश्वस्त किया गया कि प्राक्कलन के आधार पर गुणवत्ता को ध्यान में रख कर कार्य किया जाएगा। जलेश



कवि ने मीडिया को बताया कि विभागीय सहायक अभियंता का ध्यानाकृष्ट कराया गया है। असंतोषजनक कार्य करने पर उपायुक्त सहित मंत्री से भी इसकी शिकायत की जाएगी। बातचीत के दौरान स्थानीय खिलाड़ी हिमाचल हसदा, बबलू होनागा, बीजू दत्ता, मिलू , रमेश , शंभू , शुभम, आशीष, नंद , राजकुमार, मनजीत, दुखु हेंब्रम, सीमा सोरेन, सुमित, समरजीत, नमन, विशाल,आकाश, कृष्णा,अभिषेक एवं अन्य खिलाड़ी तथा खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल के डॉ. अंशुमन शर्मा को मिला सम्मान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** मिशन इंद्रधनुष 5.0 के प्रथम चरण टीकाकरण में बेहतर उपलब्धि हासिल करने पर चक्रधरपुर सहित जिले के तीन प्रखंडों को सम्मानित किया गया। इसमें चक्रधरपुर के अलावा जगन्नाथपुर एवं बड़ाजामदा सीएचसी शामिल है। उपायुक्त अनन्य मित्तल ने अपने कार्यालय कक्ष में तीनों प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारियों को सम्मानित किया। अनुमंडल अस्पताल चक्रधरपुर के चिकित्सा पदाधिकारी डा. अंशुमन शर्मा ने सम्मान ग्रहण किया। मौके पर सिविल सर्जन डा. साहिर पाल भी उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता सेनानी सह ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमानत अली अंसारी का 100 वां जन्मदिन मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधान पार्षद अमानत अली अंसारी का 100वें जन्मदिन को जन्मशताब्दी वर्ष के रूप में रांची के पुराना विधानसभा सभागार में केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर भारत के विभिन्न राज्यों से सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों ने बधाई दी एवं लंबी आयु की कामना की। कार्यक्रम का संचालन मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष



आबिद अली अंसारी ने की। इस अवसर पर मुख्य रूप से ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अहमद अंसारी, पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, पूर्व सांसद सलाउद्दीन अंसारी, पूर्व विधायक गौतम सागर राणा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, अपना वक्तव्य दिया। इस अवसर पर मोमिन कॉन्फ्रेंस जिला पूर्वी सिंहभूम के अध्यक्ष नसीम अंसारी, उपाध्यक्ष तनवीर अहमद अंसारी, सनाउल्लाह अंसारी, जावेद अख्तर अंसारी, गुलरेज अंसारी, शमीम अंसारी, वसीम अंसारी, इमरान अंसारी ने फूलों का गुलदस्ता देकर 100वें जन्मदिन की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर नेता उदयों ने अपनी बात रखते हुए कहां की अमानत अली झारखंड के नहीं देश के धरोहर है उनके संघर्षील जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आजादी में अमानत अली जी जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, अब्दुल रजाक अंसारी, अब्दुल कयूम अंसारी, सुभाष चंद्र बोस सरीखे नेताओं के साथ देश की आजादी की लड़ाई में अपना योगदान दिया और साथ ही साथ अलग झारखंड राज्य के लिए शिबू सोरेन, ऐ के राय शरीखे झारखंड आंदोलनकारीयों के साथ मिलकर वानर सेना बनाकर झारखंड के आंदोलन में अपना ताकत झोंक दिया।

## रीजनल ताईक्कांडो चैंपियनशिप में 4 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक

### विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल की उपलब्धि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सीआईएससीई रीजनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप का आयोजन 26 और 27 अगस्त को देवघर में आयोजित किया गया, जिसमे ओल्ड पुरुलिया रोड स्थित विवेकानन्द इंटरनेशनल स्कूल के चार विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक (गोल्ड) जीतकर स्कूल व शहर का मान बढ़ाया. इसमे अंडर 14 गर्ल्स ग्रुप में अफसरा परवीन (कक्षा 8वीं), अंडर 17 बॉयज ग्रुप में मोहम्मद इमरान व आसिम रज़ा (कक्षा 9वीं) तथा अंडर 19 ग्रुप में एस के ज़ीशान (कक्षा 8वी) के नाम शामिल है. विद्यार्थियों ने इस उपलब्धि पर शहर लौटकर प्रधानाध्यापिका डॉ निधि श्रीवास्तव ने



मिलकर उनका आशीर्वाद लिया. प्रधानाध्यापिका ने भी उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. उन्होंने बताया कि सभी स्वर्ण पदक विजेता आगामी राष्ट्रीय टूर्नामेंट में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे जो अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा.

संपादकीय

## स्कूल में थप्पड़ कांड

**आज** हम बेहद आहत हैं। नींद और मानसिक चैन गायब हो गए हैं। हमने ऐसे स्कूल और शिक्षक की कल्पना भी नहीं की थी। ऐसा स्कूल, जहां सहपाठी की पिटाई महज इस आधार पर कराई जाए कि वह मुसलमान है! स्कूलों और कक्षाओं में कब से हिंदू-मुसलमान होने लगा? यह स्थिति तब बेहद नाजुक और संवेदनशील हो जाती है, जब एक महिला शिक्षक अपने छात्रों को आदेश दे कि मुस्लिम सहपाठी को थप्पड़ मारो! शिक्षिका को यह अधिकार किस संविधान और कानून ने दिया गया है? कानून तो स्पष्ट है कि अब कोई भी अध्यापक, किसी भी छात्र को, स्कूल परिसर या क्लास-रूम में, शारीरिक रूप से पीट कर आहत, चोटिल नहीं कर सकता। उसे मानसिक आघात नहीं पहुंचा सकता, जो जिंदगी भर उसे मथता रहे। फिर भी हमारे ग्रामीण, पिछड़े इलाकों के स्कूलों में छात्रों को पिटाई का दंड दिया जाता है। चलो, इसे गुरु-शिष्य की प्राचीन परंपरा का एक उदाहरण माना जा सकता है, लेकिन शिक्षक ही 'सांप्रदायिक जहर' फैलाने लगे, तो उसका दंड क्या होना चाहिए? पश्चिमी उप्र के मुजफ्फरनगर जिले के एक गांव में ऐसा ही हुआ है। मुजफ्फरनगर सांप्रदायिक दंगों के लिए कुख्यात रहा है। स्कूली छात्र यूकेजी का विद्यार्थी है। उसे '5' का पहाड़ा आता था अथवा नहीं, लेकिन महिला शिक्षिका ने कक्षा के छात्रों को आदेश दिया कि वे उस छात्र के गाल पर थप्पड़ मारें। सहपाठियों को वैसा ही करना पड़ा, लेकिन छात्र का चेहरा लाल हो गया, तो शिक्षिका ने कमर पर मारने के निर्देश दिए। यदि किसी छात्र को पहाड़े नहीं आते या याद नहीं हैं अथवा उसने गृह-कार्य नहीं किया है, तो किस कानून की धाराओं में प्रावधान है कि उस बच्चे को थप्पड़ मारे जाएं? सिर्फ यही नहीं, उस शिक्षिका का यह कथन भी सार्वजनिक हुआ है, 'मैंने तो डिक्लेयर कर दिया, जितने भी मुहम्मडन बच्चे हैं, इनके वहां चले जाओ।' शिक्षिका की मानसिकता साफ है कि मुस्लिम छात्र किसी दूसरे इलाके के स्कूल में चले जाएं अथवा मदरसों में चले जाएं। क्यों चले जाएं....भारत में प्राथमिक शिक्षा अनिवार्य और निःशुल्क है। यदि शिक्षक स्कूल में पढ़ा रहे हैं और किसी भी छात्र का प्रवेश किया गया है, तो शिक्षक जाति, धर्म, मत, संप्रदाय और नस्ल के आधार पर कोई फैसला नहीं ले सकता। स्कूल में हिंदू-मुसलमान विभेद करने वाली शिक्षिका को ऐसे अधिकार किसने दिए हैं? दरअसल हम शिक्षिका को दोहरा अपराध मानते हैं। एक तो उसने थप्पड़ कांड कराया है। दूसरे, उसने एक छात्र को चोटिल, आहत किया है। जीवन भर के मानसिक घाव दिए हैं। वह शिक्षिका दंड की भागी है। लगभग ऐसी ही घटना जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक स्कूल में हुई है।

> स्कूलों और कक्षाओं में कब से हिंदू-मुसलमान होने लगा? यह स्थिति तब बेहद नाजुक और संवेदनशील हो जाती है, जब एक महिला शिक्षक अपने छात्रों को आदेश दे कि मुस्लिम सहपाठी को थप्पड़ मारो! शिक्षिका को यह अधिकार किस संविधान और कानून ने दिया गया है? कानून तो स्पष्ट है कि अब कोई भी अध्यापक, किसी भी छात्र को, स्कूल परिसर या क्लास-रूम में, शारीरिक रूप से पीट कर आहत, चोटिल नहीं कर सकता। उसे मानसिक आघात नहीं पहुंचा सकता, जो जिंदगी भर उसे मथता रहे। फिर भी हमारे ग्रामीण, पिछड़े इलाकों के स्कूलों में छात्रों को पिटाई का दंड दिया जाता है। चलो, इसे गुरु-शिष्य की प्राचीन परंपरा का एक उदाहरण माना जा सकता है, लेकिन शिक्षक ही 'सांप्रदायिक जहर' फैलाने लगे, तो उसका दंड क्या होना चाहिए? पश्चिमी उप्र के मुजफ्फरनगर जिले के एक गांव में ऐसा ही हुआ है। मुजफ्फरनगर सांप्रदायिक दंगों के लिए कुख्यात रहा है। स्कूली छात्र यूकेजी का विद्यार्थी है। उसे '5' का पहाड़ा आता था अथवा नहीं, लेकिन महिला शिक्षिका ने कक्षा के छात्रों को आदेश दिया कि वे उस छात्र के गाल पर थप्पड़ मारें।

वहां प्रधानाचार्य और अध्यापक ने 10वीं कक्षा के छात्र को इसलिए पीटा, क्योंकि उसने ब्लैक बोर्ड पर 'जय श्रीराम' लिख दिया था। वहां छात्र हिंदू था और शिक्षक मुसलमान थे। यह कैसी शिक्षा-संस्कृति पनपती जा रही है? ऐसी घटनाएं राजस्थान, झारखंड, मध्यप्रदेश, कश्मीर, बंगाल आदि राज्यों में होती रही हैं। कश्मीर में एक प्राध्यापक ने अनुच्छेद 370 रद्द करने का विरोध किया, तो उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया। किसी ने प्रधानमंत्री मोदी का पुतला जलाया, तो उस पर रासुका थोप दिया गया और जेल में ठूंस दिया गया। यह क्या हो रहा है हमारे देश में? एनसीआरईटी के लंबे समय तक निदेशक रहे प्रो. जेएस राजपूत की टिप्पणी बेहद मर्माहत लगती है कि उन्होंने 1962 में पढ़ाना शुरू किया था, लेकिन आज वह अध्यापक होने पर ही शर्मिन्दा महसूस कर रहे हैं। बेशक आरोपित शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है, लेकिन धाराएं कमजोर और जमानती हैं। यही नहीं, गांव और समाज के प्रधाननुमा चेहरे, पिटने वाले बच्चे के पिता और पुलिस पर, दबाव बना रहे हैं कि समझौता कर लिया जाए। मुद्दे को सांप्रदायिक रंग न दिया जाए, लेकिन थप्पड़ कांड वाली शिक्षिका की जिम्मेदारी कौन तय करेगा? घरों में चलने वाले ऐसे स्कूल छात्रों को कैसी तालीम दे रहे हैं? सांप्रदायिक जहर पढ़ाया जाएगा, तो देश के हालात कैसे हो सकते हैं? वैसे भी हमारी राजनीति, समाज और सोच सांप्रदायिक तौर पर विभाजित है। कमोबेश ऐसे स्कूलों पर ताला लटका दिया जाना चाहिए।

## कुछ अलग

## आत्मनिर्भरता का सफर

**एचआरटीसी** ने अपने वित्तीय बोझ को कम करने के लिए जनता के बोझ को उठाने का दायरा बढ़ाया है। कभी सवारी मुफ्त में अपने सामान की जिम्मदार होती थी, लेकिन अब सवारी अलग टिकट पर होगी, तो सामान भी टिकट लेने का हकदार होगा। सरकारी बसों की बोझ उठाने की क्षमता का मूल्यांकन होना अभी बाकी है, लेकिन प्रबंधन ने यह तय कर दिया है कि आइंदा घरेलू फर्नीचर तथा नागरिकों की जरूरत का सामान भी इनकी छत पर ढोया जाएगा। आय बढ़ाने के लिए हाथ पांव मारना जरूरी है, लेकिन जब तक सेवा भावना में संकल्प नहीं होगा, घोषणाएं मिट्टी के पुतले की तरह नाजुक बनी रहेंगी। इससे पूर्व कूरियर सर्विस शुरू करके ऐसी ही एक पहल हुई थी, लेकिन बिना मुकाम हासिल किए यह सफर खत्म हो गया। मसला प्रबंधन और कार्यसंस्कृति का है। कभी मंडी-कुल्लू सडक़ परिवहन निगम के तहत ऐसी सेवाएं चलती रही हैं, लेकिन अब तो सवारियों को बैठाने तक के लिए फुर्सत नहीं है तो सामान चढ़ाने और उतारने के लिए मेहनत कौन करेगा। यात्रियों का अनुभव बताता है कि सामान के साथ बस का इंतजार करेंगे, तो गाड़ी 'छलांगा' मारती निकल जाएगी। बेशक फैसलों की नीयत में कोई खोट नहीं और एचआरटीसी को घाटे से उबरने के लिए हर संभावना पर गौर करना होगा, लेकिन हिमाचल में परिवहन का शिष्टाचार बदलने की जरूरत है। सार्वजनिक परिवहन के तौर तरीके पूरी तरह बदलने होंगे। वर्तमान रूट-परमिट इस हिसाब से आबंटित नहीं हुए हैं कि सवारियों के साथ सामान भी रवाना किया जा सके। जब से महिला यात्रियों के किराए में पचास फीसदी की छूट है, सरकारी बसों में इस वर्ग की कृपा ने कहीं अधिक सीटें घेर रखी हैं। इसमें दो राय नहीं कि हिमाचल के भीतर सामान को एक कोने से दूसरे छोर तक ले जाने का व्यवसाय बढ़ा है और अगर एचआरटीसी इसमें से आधा भाग उठा ले, तो कितने ही घाटे के रूट फायदे में बदल जाएंगे। खास तौर पर नाइट बसों की कतार में अगर कूरियर उठाने के घुंघरू बांध दिए जाएं, तो फायदे का कारवां चल निकलेगा, लेकिन इसके लिए एचआरटीसी का वर्तमान ढर्रा नहीं चलेगा। एचआरटीसी को कुछ स्टार्ट अप व कूरियर सर्विस अपने अभियान के साथ जोडऩे पड़ेंगे, बसों की बॉडी में आवश्यक परिवर्तन तथा माल ढुलाई की सुरक्षित व्यवस्था को अंजाम देना पड़ेगा। दिल्ली, चंडीगढ़, देहरादून, जालंधर, लुधियाना, अमृतसर व पठानकोट जैसे शहरों से हिमाचल की एक सप्लाई चेन जुड़ती है। अगर भविष्य की बसों में प्रशीतन के साथ भंडारण कक्ष होगा, तो राज्य में स्थापित फूड चेन को हर दिन कम दरों पर सामग्री की आपूर्ति हो सकती है। विडंबना यह है कि जब एक निजी बस सफर पर निकलती है, तो यह अपनी क्षमता का पूर्ण दोहन करती है, लेकिन जब सरकारी बस गंतव्य चुनती है, तो वहां अधिकारों व अधिकारियों का एक लंबा काफिला भी निकलता है। हिमाचल के लिए सडक़ परिवहन एकमात्र वांछित माध्यम है, लेकिन इसकी क्षमता के अनुरूप सरकारी बसों ने अपनी आमदनी को अठन्नी बना कर पचास प्रतिशत संभावना गंवा दी है। एचआरटीसी प्रदेश में कम से कम सौ बस स्टैंड को अगर निजी पूंजी निवेश से जोडक़र उन्हें भविष्य के मॉल, फूड मॉर्ट व मनोरंजन स्थल के रूप में संचालित करे, तो घाटे के दलदल से बाहर निकला जा सकता है।

### विश्व बैंक के मुताबिक चीन की विकास दर करीब 5.6 फीसदी रह सकती है

# चीन की सुस्ती में भारत के मौके

डा. जयंती लाल भंडारी

> हाल ही में दुनिया की दिग्गज आर्थिक शोध व बाजार पर नजर रखने वाली ब्रोकरेज फर्म मोर्गन स्टेनली के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारत की विकास दर चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 6.2 फीसदी के साथ चीन से अधिक है। इस दशक के अंत तक जहां भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत पर रहेगी, वहीं चीन 3.9 प्रतिशत की सुस्त दर से विकास करेगा, यानी भारत की विकास दर की रफ्तार चीन से दो-तिहाई ज्यादा रहेगी। खास बात यह है कि मार्गन स्टेनली ने भारत की इकोनॉमिक आउटलुक रेटिंग बढ़ाकर ओवरवेट, तो चीन की घटाकर इक्वलवेट की है।

**इन** दिनों प्रकाशित हो रही वैश्विक आर्थिक-वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में दो महत्वपूर्ण बातें उभरकर दिखाई दे रही हैं। एक, वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीन की सुस्ती का दौर है और भारत की विकास दर चीन की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। दो, चीन की बढ़ती हुई आर्थिक समस्याओं और आपदाओं के बीच भारत के लिए आर्थिक अवसरों का नया दौर आकार ग्रहण करते हुए दिखाई दे रहा है। चीन-ताइवान के बीच चरम पर पहुंची तनातनी और चीन के द्वारा अपनाई जा रही अमेरिका के विरोध की रणनीति के कारण चीन से निकलकर एप्पल, सैमसंग जैसी कई बड़ी कंपनियां भारत में काम शुरू कर चुकी हैं। हाल ही में दुनिया की दिग्गज आर्थिक शोध व बाजार पर नजर रखने वाली ब्रोकरेज फर्म मोर्गन स्टेनली के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारत की विकास दर चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 6.2 फीसदी के साथ चीन से अधिक है। इस दशक के अंत तक जहां भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत पर रहेगी, वहीं चीन 3.9 प्रतिशत की सुस्त दर से विकास करेगा, यानी भारत की विकास दर की रफ्तार चीन से दो-तिहाई ज्यादा रहेगी। खास बात यह है कि मार्गन स्टेनली ने भारत की इकोनॉमिक आउटलुक रेटिंग बढ़ाकर ओवरवेट, तो चीन की घटाकर इक्वलवेट की है। ओवरवेट रेटिंग का मतलब बाजार दूसरों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और आगे भी प्रगति की पूरी संभावनाएं है। भारत की इकोनॉमी अपनी श्रेणी के दूसरे देशों से बेहतर करेगी, जिसकी वजह से इसका शेयर बाजार भी बेहतर प्रदर्शन करेगा। चीन की रेटिंग का इक्वलवेट होना बताता है कि चीन के प्रति वैश्विक निवेशकों की भावना नकारात्मक है। चीन की आउटलुक रेटिंग गिरना यह संकेत भी है कि चीन के बाजारों में निवेश के अवसरों में कमी आने की संभावनाएं बनी हुई हैं। यदि हम चीन की अर्थव्यवस्था को देखें तो पाते हैं कि वित्त वर्ष 2023-24 की डगर पर चीन की अर्थव्यवस्था निराशाओं और मुश्किलों से घिरी हुई है। विश्व बैंक के मुताबिक चीन की विकास दर करीब 5.6 फीसदी रह सकती है। चीन के बाजार में सुस्त उपभोक्ता खर्च, निर्यात में गिरावट, संकट ग्रस्त संपत्ति बाजार, बढ़ती बेरोजगारी, भारी स्थानीय सरकारी ऋण, घरेलू मांग में कमी, कमोडिटी की कीमतों से लेकर इक्विटी बाजारों तक गिरावट, कर्मचारियों की छंटनी जैसी आर्थिक मुश्किलों और आपदाओं का परिवेश दिखाई दे रहा है। कुछ साल पहले बार-बार यह कहा जा रहा था कि चीन तेजी से दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अमेरिका से आगे निकल जाएगा और वर्ष 2028 तक दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा।



लेकिन अब अमेरिका की आर्थिक स्थिति तक पहुंचने में चीन को निश्चित रूप से अधिक समय लगेगा। अर्थविशेषज्ञों का मत है कि चीन 30 वर्षों की अभूतपूर्व आर्थिक वृद्धि के बाद जापान शैली की धीमी विकास की स्थिति की तरह दिखाई दे रहा है। अमेरिका की इकोनॉमिस्ट इंटेलीजेंस यूनिट के मुताबिक चीन को अमेरिका से आगे निकलने के लिए 2040 के दशक तक इंतजार करना होगा। राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सरकार के पास आर्थिक चुनौतियों के समाधान के लिए आसान विकल्प नहीं हैं। दूसरी ओर भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। मॉर्गन स्टेनली ने अपनी रिपोर्ट में भारत को एशिया के सबसे उभरते बाजारों की लिस्ट में पहले नंबर पर रखा है। भारत में ढांचागत विकास की तेजी, बढ़ते विदेशी निवेश, बढ़ते शेयर बाजार, मजबूत राजनीतिक नेतृत्व, मध्यम वर्ग की ऊंची क्रय शक्ति, कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती, प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेंटिव (पीएलआई) स्कीम तथा बढ़ते हुए कामकाजी उम्र वाले लोग अर्थव्यवस्था की ताकत बढ़ा रहे हैं। एसऐंडपी ग्लोबल ने अपनी 'लुक फॉरवर्ड : इंडियाज मूमेंट' रिपोर्ट 2023 में कहा है- वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2031-32 तक भारत औसतन 6.7 फीसदी सालाना दर से आगे बढ़ेगा। इस समयावधि में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 3.4 लाख करोड़ डॉलर से बढक़र 6.7 लाख करोड़ डॉलर यानी लगभग दोगुना हो जाएगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रति व्यक्ति जीडीपी भी बढक़र करीब 4500 डॉलर हो जाएगी। यह कोई छोटी बात नहीं है कि एक वर्ष पहले दुनिया के प्रमुख आर्थिक और वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा था कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा रखने वाला भारत वर्ष 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में दिखाई देगा, लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), अमेरिकी इन्वेस्टमेंट बैंक मॉर्गन स्टेनली जैसे कई वैश्विक संगठनों की रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोडक़र दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आएगा। इसी तरह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की शोध इकाई इकोरैप की रिपोर्ट में भी कहा गया है कि भारत वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ अग्रसर है। रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल से जून की पहली तिमाही में भारत की आर्थिक विकास दर 8 फीसदी से ज्यादा रहने वाली है। इससे चालू वित्त वर्ष के दौरान सालाना विकास दर के 6.5 फीसदी रहने की संभावना बन गई है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2027 तक अमेरिकी इकोनॉमी का आकार 31.09 ट्रिलियन डॉलर का होगा और यह पहले स्थान पर होगी। दूसरे स्थान पर चीन 25.72 ट्रिलियन डॉलर के साथ होगा। तीसरे स्थान पर भारत 5.15 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में दिखाई देगा।

निश्चित रूप से इस समय जहां एक ओर चीन की आर्थिक आपदाओं के बीच वैश्विक आर्थिक अवसरों को मुट्ठी में करने तथा वहीं दूसरी ओर भारत को 2027 तक दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की संभावनाओं को साकार करने के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। नई लॉजिस्टिक नीति, गति शक्ति योजना के कारगर कार्यान्वयन पर अधिक ध्यान देना होगा। ध्यान देना होगा कि भारत की ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को प्रशिक्षित कार्यबल में परिणित किया जाए। दुनिया की सबसे अधिक युवा आबादी वाले भारत को बड़ी संख्या में युवाओं को डिजिटल कारोबार के दौर की और नई तकनीकी योग्यताओं के साथ एआई, क्लाउड कम्प्यूटिंग, मशीन लर्निंग एवं अन्य नए डिजिटल स्किल्स से सुसज्जित किया जाना आवश्यक होगा। अब भारत के द्वारा विभिन्न देशों के साथ एफटीए के लिए वार्ताएं तेजी से पूरी करनी होंगी। रुपए को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में स्थापित करने के लिए अधिक प्रयास करने होंगे। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को ज्यादा बढ़ावा देने पर ध्यान देना होगा। चूंकि वर्ष 2050 तक भारत की ऊर्जा मांग दोगुनी बढ़ जाएगी, ऐसे में इसके लिए भारत को अपने पारंपरिक और गैर-पारंपरिक ऊर्जा क्षेत्रों के बीच बेहतर तालेमल करना होगा। निश्चित रूप से ऐसे रणनीतिक प्रयासों से भारत चीन की आर्थिक आपदाओं के बीच नए आर्थिक अवसरों को मुट्ठियों में करते हुए दिखाई दे सकेगा। साथ ही इससे देश के आम आदमी, उद्योग-कारोबार तथा संपूर्ण अर्थव्यवस्था के लिए विकास का नया दौर निर्मित होते हुए दिखाई देगा। भारत का भविष्य चमकीला लगता है।

## हाजीपीर के योद्धाओं को याद करे राष्ट्र

> अप्रैल 1965 में पाक सेना ने गुजरात के रण ऑफ कच्छ व सरक्रीक क्षेत्रों पर कब्जा करने के लिए आपरेशन 'डेजर्ट हॉक' को अंजाम दे दिया था। ब्रिगेडियर इफ्तिखार जंजुआ की कयादत में पाक सेना की 51वीं ब्रिगेड मिशन डेजर्ट हॉक में शामिल थी। लेकिन भारतीय सेना ने पलटवार करके डेजर्ट हॉक मंसूबे को नाकाम कर दिया। रण ऑफ कच्छ में शिकस्त से बौखलाई पाक सेना ने 5 अगस्त 1965 को अपनी 'आजाद कश्मीर रेजिमेंट' के हजारों सैनिकों व मुजाहीदीनों को सिविल लिबास में जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में हथियारबंद घुसपैठ करवाकर ऑपरेशन 'जिब्राल्टर' की मंसूबाबंदी को अंजाम दिया था। घुसपैठ का मकसद कश्मीर की आवाम को भारत के विरुद्ध उकसा कर बगावत का माहौल पैदा करना था। पाक सेना ने जिब्राल्टर फोर्स को पांच हिस्सों में तकसीम किया था।

**वजूद** में आते ही पाकिस्तान की जम्हूरियत पर फौजी जरनैलों की हुक्मरानी काबिज हो गई थी। पाकिस्तान के पहले सदर इस्कंदर मिर्जा को जिलावतन करके पाक सिपाहसालार अयूब खान ने अक्तूबर 1958 में अपनी सैन्य हुकूमत कायम की तो पाक जरनैल की नापाक निगाहें कश्मीर हथियाने का ख्वाब देखने लगीं। अप्रैल 1965 में पाक सेना ने गुजरात के रण ऑफ कच्छ व सरक्रीक क्षेत्रों पर कब्जा करने के लिए आपरेशन 'डेजर्ट हॉक' को अंजाम दे दिया था। ब्रिगेडियर इफ्तिखार जंजुआ की कयादत में पाक सेना की 51वीं ब्रिगेड मिशन डेजर्ट हॉक में शामिल थी। लेकिन भारतीय सेना ने पलटवार करके डेजर्ट हॉक मंसूबे को नाकाम कर दिया। रण ऑफ कच्छ में शिकस्त से बौखलाई पाक सेना ने 5 अगस्त 1965 को अपनी 'आजाद कश्मीर रेजिमेंट' के हजारों सैनिकों व मुजाहीदीनों को सिविल लिबास में जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में हथियारबंद घुसपैठ करवाकर ऑपरेशन 'जिब्राल्टर' की मंसूबाबंदी को अंजाम दिया था। घुसपैठ का मकसद कश्मीर की आवाम को भारत के विरुद्ध उकसा कर बगावत का माहौल पैदा करना था। पाक सेना ने जिब्राल्टर फोर्स को पांच हिस्सों में तकसीम किया था। पुंछ क्षेत्र में 'गजनवी फोर्स' तैनात थी जिसकी कमान भारत विभाजन से पूर्व 'आजाद हिंद फौज' के सैनिक रहे मेजर 'मलिक मुन्नवर खान अवान' को सौंपी गई थी। पुंछ क्षेत्र में घुसपैठ की जानकारी मिलते ही भारतीय सेना का गश्ती दल घुसपैठियों की तलाश में निकला। उस गश्ती दल का नेतृत्व हिमाचली शूरवीर कैप्टन 'चंद्र नारायण सिंह' (2 गढ़वाल) कर रहे थे। पाक ऑपरेशन जिब्राल्टर पर पहला वार करने वाले कै. चंद्र नारायण उस समय पुंछ के सेना मुख्यालय में तैनात थे। अपने सैन्य दल का साहसी नेतृत्व करते हुए चंद्र नारायण ने कई पाक घुसपैठियों को मौत के घाट उतार कर जिब्राल्टर साजिश की पूरी तजवीज को बेनकाब कर दिया था, मगर उसी आक्रामक कार्रवाई के दौरान भीषण गोलीबारी में कै. चंद्र नारायण सिंह 5 अगस्त 1965 के दिन वीरगति को प्राप्त हो गए। चंद्र नारायण की कुशल रणनीति व साहस ने भारत को पाकिस्तान की एक बड़ी साजिश से महफूज बचा लिया था। दुश्मन के समक्ष असीम वीरता का परिचय देने वाले कै. चंद्र नारायण सिंह को सेना ने 'महावीर चक्र' (मरणोपरांत) से अलंकृत किया था। पाक मंसूबे जिब्राल्टर का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय सेना नियंत्रण रेखा की बंदिशों को तोडक़र 'पीओके' में मौजूद सामरिक महत्व वाले जंगी मोर्चे 'हाजीपीर' को अपने नियंत्रण में लेकर पाक सेना को सबक सिखाने का ऐतिहासिक फैसला ले चुकी थी। पुंछ व उड़ी के बीच पीओके के अंदर मौजूद एक बड़ा इलाका हाजीपीर पाक घुसपैठ का मरकज रहा है। भारतीय सेना ने बेहद दुर्गम क्षेत्र हाजीपीर के महाज पर पाक सेना के खिलाफ 15 अगस्त 1965 के दिन 'आपरेशन बख्शी' नामक सैन्य मिशन को अंजाम दिया था। रक्तरंजित सैन्य संघर्ष में कई दिनों की कड़ी मशक्कत के बाद भारतीय सेना ने 28 अगस्त 1965 के दिन हाजीपीर पर कब्जा कर लिया था। हाजीपीर के 'बदोरी' इलाके में पाक सेना को शिकस्त देकर तिरंगा फहराने वाली बटालियन '19 पंजाब' के हिमाचली जांबाज 'लाखा सिंह' ने संगीन से कई पाक सैनिकों को हलाक करके हाजीपीर की भीषण जंग में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। रणभूमि में अनुकरणीय साहस के लिए सेना ने लांस नायक लाखा सिंह को 'वीर चक्र' (मरणोपरांत) से अलंकृत किया था। हाजीपीर की शदीद जंग में 19 पंजाब के मेजर रणबीर सिंह 'वीर चक्र' सहित 21 जवान जांवाहक हो गए थे। हाजीपीर युद्ध में साहसी नेतृत्व के लिए 19 पंजाब के कमान अधिकारी कर्नल सम्पूर्ण सिंह को सेना ने 'महावीर चक्र' व 'वीर चक्र' से सरफराज किया था। हाजीपीर के नजदीक 'चांद टेकरी' पर कब्जा करने वाली बटालियन '3 डोगरा' में सेवारत बिलासपुर के सिपाही सुखराम सिंह ठाकुर 'वीर चक्र' ने शत्रु की पोजीशन पर हमले के दौरान शहादत को गले लगा लिया था। इसी यूनिट के कै. 'प्रेम सिंह गुलेरिया' को युद्ध में शूरवीरता के प्रदर्शन के लिए 'वीर चक्र' से नवाजा गया था। हाजीपीर के उसी युद्ध में पाक सेना पर जोरदार हमला करके 'गिट्टयां' क्षेत्र पर कब्जा जमाने वाली बटालियन '6 डोगरा' के हिमाचली रणबांकुरे हवलदार 'कांशी राम' 'वीर चक्र' दुश्मन की पोस्ट को खामोश करके मैदाने जंग में बलिदान हो गए थे। हाजीपीर को कब्जाने में सेना की 'प्रथम पैराशूट' रेजिमेंट ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पैरा कमांडो ने पाकिस्तानी कै. मकसूद को पाक सैन्य दल के साथ हिरासत में ले लिया था। पैराशूट के मेजर 'रणजीत सिंह दयाल' को साहसी नेतृत्व के लिए 'महावीर चक्र' तथा हवलदार उमराव सिंह को 'वीर चक्र' से सम्मानित किया गया था। हाजीपीर युद्ध में बहादुरी का मुजाहिरा करने वाली बटालियन 'प्रथम पैराशूट' तथा '6 डोगरा' को 'हाजीपीर' 'बैटल ऑनर' का सम्मान हासिल है। उसी युद्ध में 'चार राजपूत' यूनिट के भयंकर हमले में पाक सेना भागने पर मजबूर हुई थी। राजपूतों ने हाजीपीर के 'बिसाली' क्षेत्र पर कब्जा जमाया था।

## देश दुनीया से

## प्रकृति की मांग प्राकृतिक खेती

**प्राकृतिक** खेती में पौधों की दिशा उत्तर- दक्षिण रखी जाती है, ताकि पौधों को सूरज की ऊर्जा और रोशनी ज्यादा समय तक मिले। इससे पौधों का अच्छा विकास हो जाता है, उनमें न सिर्फ कीट लगने की आशंका कम हो जाती है, बल्कि पौधों में पोषक तत्त्व भी संतुलित मात्रा में एकत्र हो जाते हैं। प्राकृतिक कृषि में मुख्य फसल के साथ सहयोगी फसलों को भी उगाया जा सकता है। खेती करने के इस तरीके में देसी बीजों की भी काफी अहम भूमिका होती है। देसी बीज पोषक तत्त्व कम लेते और प्राकृतिक खेती हमारी परंपरा से जुड़ी हुई है और पैदावार ज्यादा देते हैं। अब यह समय की मांग बन चुकी है। खेती के आधुनिक तौर-तरीके अपनाकर हमने अपनी खाद्य जरूरतों को तो पूरा कर लिया, मगर दूसरी ओर रसायन के अंधाधुंध प्रयोग की वजह से, हमारी धरती और हमारे जीवन पर इसका बहुत दुष्प्रभाव पड़ा है। रासायनिक खेती के कारण धरती की घटती उर्वरा शक्ति और बढ़ते प्रदूषण ने पूरी दुनिया को चिंता में डाल दिया है। मगर इसका समाधान हमारी परंपरागत खेती यानी प्राकृतिक खेती में मौजूद है। अब भारत में इस ओर ध्यान दिया जा रहा है। इस तरीके से की जाने वाली खेती में फसलों में जलवायु परिवर्तन की मार को सहन करने की ताकत रहती है। इसमें लागत कम आती, पानी की बचत होती और उत्पादन भी बढ़ जाता है। दरअसल, खेती में रसायनों का प्रयोग न केवल मिट्टी को कमजोर करता, बल्कि फसलों को भी भारत में प्राकृतिक खेती की शुरुआत सुभाष पालेकर ने की। पहले उन्होंने अपने फार्म में रासायनिक तरीके से ही खेती करनी शुरू की। मगर कई वर्षों के बाद उन्हें प्राकृतिक खेती का विचार उपनिषदों और वेदों से मिला। इन धार्मिक ग्रंथों में प्रचलित कुछ सूत्रों से प्रेरित होकर उन्होंने प्राकृतिक खेती की शुरुआत की और इस पर वैज्ञानिक शोध शुरू किए। वे खेती के ऐसे तरीके तलाश करने लगे, जिससे मिट्टी में मौजूद जीवों की रक्षा हो सके और ये तभी संभव था, जब खेत जहरीले रसायनों से मुक्त हों और मिट्टी की सेहत मजबूत हो। उन्हें पता चला कि जंगलों में पौधों के विकास के लिए किसी बाहरी तत्त्व की जरूरत नहीं पड़ती, बल्कि बढ़वार के लिए जरूरी सभी साधन प्रकृति से ही उपलब्ध हो जाते हैं। छह साल की कड़ी मेहनत के बाद उन्होंने बिना रसायनों वाली प्राकृतिक खेती की तकनीक विकसित करने में सफलता हासिल की। इसका उन्होंने नाम दिया- 'कम लागत प्राकृतिक खेती'। अब वे पूरे भारत में इसे प्रोत्साहित कर रहे हैं। खासकर छोटे और सीमांत किसान इसे लेकर काफी उत्साहित हैं, क्योंकि इसमें उर्वरकों और कीटनाशकों पर कोई खर्च नहीं आता और उपज भी भरपूर मिलती है। ऐसे किसानों के पास आय के काफी कम साधन होते हैं और खेती में लगने वाली भारी लागत इनकी कमर तोड़ देती है। कई लोगों को लगता है कि प्राकृतिक खेती से शुरुआत में उपज कम रहेगी, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। पहले ही साल में किसान भरपूर उपज ले सकते हैं। खाद और कीटनाशक, खेती के लिए जरूरी होते हैं। इन्हें घर पर ही मौजूद सामग्री से बनाया जा सकता है। इसमें खाद के रूप में जीवामृत और घनजीवामृत तैयार किए जाते हैं। यह खाद मिट्टी की भौतिक दशा को सुधार देती है। इसी तरह कीटनाशक बनाने के लिए गोबर, गोमूत्र, पौधों के पत्ते, तंबाकू, लहसुन और लाल मिर्च का प्रयोग किया जाता है। खेती को अक्सर मौसम की मार झेलनी पड़ती है, जिससे किसानों का बहुत नुकसान होता है और कड़ी मेहनत करने के बावजूद उनकी फसलें बर्बाद हो जाती हैं। ऐसे में प्राकृतिक खेती के तरीके अपनाकर इन चुनौतियों का समाधान निकल सकता है।

> प्राकृतिक कृषि में मुख्य फसल के साथ सहयोगी फसलों को भी उगाया जा सकता है। खेती करने के इस तरीके में देसी बीजों की भी काफी अहम भूमिका होती है। देसी बीज पोषक तत्त्व कम लेते और प्राकृतिक खेती हमारी परंपरा से जुड़ी हुई है और पैदावार ज्यादा देते हैं। अब यह समय की मांग बन चुकी है। खेती के आधुनिक तौर-तरीके अपनाकर हमने अपनी खाद्य जरूरतों को तो पूरा कर लिया, मगर दूसरी ओर रसायन के अंधाधुंध प्रयोग की वजह से, हमारी धरती और हमारे जीवन पर इसका बहुत दुष्प्रभाव पड़ा है। रासायनिक खेती के कारण धरती की घटती उर्वरा शक्ति और बढ़ते प्रदूषण ने पूरी दुनिया को चिंता में डाल दिया है। मगर इसका समाधान हमारी परंपरागत खेती यानी प्राकृतिक खेती में मौजूद है। अब भारत में इस ओर ध्यान दिया जा रहा है।

## दृष्टिकोण

## प्रत्याशी के नाम की जल्द घोषणा से पार्टी को क्या हासिल होता है

**भाजपा** ने मध्य प्रदेश में 39 और छत्तीसगढ़ में 21 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। इन दोनों राज्यों के साथ-साथ राजस्थान में चुनाव आयोग अक्तूबर के मध्य में अधिसूचना जारी करेगा, लेकिन 60 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए जा चुके हैं। माना जा रहा है कि सितंबर में कांग्रेस राजस्थान में करीब सौ और छत्तीसगढ़ में 25 से 30 उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी। भाजपा भी राजस्थान में अगले कुछ दिनों में करीब 50 नामों का एलान कर सकती है। कर्नाटक में कांग्रेस ने तारीखों के एलान से पहले ही 224 में से 112 नाम घोषित कर दिए थे। यह काम मायावती पहले किया करती थीं। देखा-देखी अरविंद केजरीवाल ने इस रणनीति को अपनाया था। ऐसे में, सवाल उठता है कि नामों की जल्द घोषणा से पार्टी विशेष को क्या हासिल होता है। क्या यह पार्टी विशेष के आत्मविश्वास को दिखाता है? क्या ऐसा सोशल मीडिया में चर्चा के लिए किया जाता है? क्या यह विपक्ष को भरमाने के लिए किया जाता ह? क्या ऐसा करने पर समर्थकों में जीत का जोश बढ़ता है? ऐसे कई सवालों का जवाब देने से पहले थोड़ा-सा गणित समझ लेते हैं। भाजपा विधानसभा सीटों को चार श्रेणियों में बांटती है। पहली श्रेणी में पक्की सीटें होती हैं। जाहिर है, इन पर नाम की घोषणा करना सबसे आसान काम है। दूसरी में ऐसी करीब-करीब पक्की सीटें होती हैं, जहां जीत की संभावना ज्यादा होती है। तीसरी में आधी पक्की-आधी कच्ची सीटें होती हैं, जहां पार्टी मानकर चलती है कि ज्यादा जोर लगाया जाए, तो सीट निकाली जा सकती है। चौथी में सबसे कमजोर सीटें आती हैं, जहां पार्टी को भी पता होता है कि पार पाना लगभग असंभव है। अब पहली और चौथी श्रेणी के नाम जल्दी घोषित हों या देर से, कोई फर्क नहीं पड़ता। सबसे ज्यादा दिक्कत तो बीच की श्रेणियों में होती है। जबकि कांग्रेस में तीन ही श्रेणियां बनाई जाती हैं। पक्की, कच्ची-पक्की और पूरी तरह कच्ची। इस बार कांग्रेस ने भी चार श्रेणियां बनाई हैं। उसकी नजर में 27 सीटें अति कमजोर हैं। जबकि भाजपा 19 सीटों को अति कमजोर मानकर चल रही है। उदाहरण के रूप में, राजस्थान में कुल 200 सीटें हैं। भाजपा ने पिछली बार 73 सीटें जीती थी। अब पार्टी को देखना है कि जीते हुए उन विधायकों में कितनों को दोबारा टिकट दिए जाएं। एक वक्त था कि सिटिंग गेटिंग फॉर्मूला चलता था, यानी मौजूदा जीते हुए विधायकों को तो रिपीट करना ही है। अब ऐसा नहीं चलता, क्योंकि राजस्थान में पिछले चार बार के विधानसभा चुनावों का निचोड़ बताता है कि 60 से 65 विधायक ही रिपीट होते हैं। इस हिसाब से, भाजपा को देखना होगा कि 73 में से करीब 40 के टिकट काट दिए जाने चाहिए या नहीं? कांग्रेस के पास निर्दलीय मिलाकर 120 विधायक हैं और वह सत्ता में है। लिहाजा, कांग्रेस को तो करीब 80 के टिकट काटने होंगे। पर ऐसा होता नहीं है, क्योंकि हारे हुए उम्मीदवारों में से भी कई टिकट मिलने पर अपनी खोई हुई सीट निकालने में कामयाब हो जाते हैं। यहां केरल में वाम मोर्चे की सरकार का उल्लेख करना जरूरी है। मुख्यमंत्री पी विजयन ने दो बार के जीते विधायकों (जिनमें से कुछ मंत्री भी थे) के टिकट पिछले विधानसभा चुनाव में काट दिए थे, ताकि नई पीढ़ी को मौका दिया जा सके। कैडर आधारित पार्टी ने आलाकमान का निर्देश चुपचाप मान लिया और विजयन ने हर बार सरकार बदलने की परंपरा को तोड़ते हुए पुनः सत्ता हासिल की। पर ऐसा जोखिम भाजपा और कांग्रेस उठाने का साहस शायद ही करें! टिकट काटने में दिक्कत यही है कि कुछ बागी हो जाते हैं, कुछ भितरघात करते हैं और कुछ विरोधी खेमे को जिताने में लग जाते हैं। कई बार बड़ा दल छोटे दल के साथ समझौता करता है, और खुद की जीती हुई सीट भी समझौते में बलि चढ़ जाती है। राजस्थान का ही उदाहरण बताता है कि हर बार मौजूदा सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल करीब एक तिहाई मंत्री भी विधानसभा का मुंह नहीं देख पाते। पर मंत्रियों के टिकट इसलिए भी नहीं काटे जाते, क्योंकि ऐसा करने पर नैरेटिव निगेटिव हो जाता है और विपक्ष इसका फायदा उठाता है।

# प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण, विद्यालय में खाद्यान्न की प्रत्येक माह ससमय उपलब्धता, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनांतर्गत विद्यालयों में पोषण वाटिका (किचन गार्डेन) की स्थापना, विद्यालयों में कार्यरत रसोईया सहित अन्य विषयों की जानकारी लेते हुए बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याहन भोजन) योजना की समीक्षा करते हुए जिले का अच्छादन दर बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर लगातार अनुश्रवण/पर्यवेक्षण कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया की प्राथमिक कक्षाओं के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को पोषणयुक्त भोजन मिले इसे सुनिश्चित करें। शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए पदाधिकारियों को स्कूलों में जाकर नियमित मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही उपायुक्त द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सरकार के द्वारा छात्रों के लिए चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ उन्हें मिले, इसके लिए शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी सजगता के साथ काम करें।बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी, शेखर कुमार, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अफीम के साथ तीन युवक गिरफ्तार, जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र के कुंदा पुलिस ने बुधवार को 1 किलो 800 ग्राम अफीम के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों में प्रतापपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर निवासी सियाचिन साव, पिंटू भारती और पोटम गांव निवासी विनोद कुमार साव का नाम शामिल है। पुलिस ने उनके पास से अफीम के अलावा दो स्मार्ट मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिल जब्त किया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि पिंजरे से सिकीदाग जाने वाली कच्ची सड़क में कुछ लोग अफीम का खरीद फरोख्त कर रहे हैं। जिसकी सूचना के आलोक में सत्यापन के लिए एक टीम गठित किया गया और उसे मौके पर भेजा गया। टीम जैसे ही सड़क पर पहुंची की उन्हें चार व्यक्ति मोटरसाइकिल के साथ बातचीत करते दिखे जो पुलिस को देखते ही भागने लगे। पुलिस ने तीनों को खदेड़ कर पकड़ा जबकि चौथा भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि तीनों पर एनडीपीएस की धारा के तहत जेल भेजा जा रहा है जबकि चौथे की तलाश जारी है। छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावा कुंदा थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह, एसआई पुरुषोत्तम लांगूरी और कुंदा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# अनुमण्डल क्षेत्र को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर भाकपा करेगी धरना

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमण्डल क्षेत्र को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर भाकपा कार्यकर्ताओं ने 1 सितंबर को प्रखंड कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना देंगे। उक्त आशय की सूचना पार्टी के अंचल मंत्री गयानाथ पांडेय ने अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास को ज्ञापन सौंप कर दिया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र अकाल की चपेट में है। वर्षा नहीं होने से फसल चौपट हो गई है। किसान परेशान हैं किंतु उन्हें किसी प्रकार की राहत नहीं मिल रही है। ऐसे में एकदिवसीय धरना देकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया जाएगा ताकि क्षेत्र को अकाल क्षेत्र घोषित कर अविलंब राहत कार्य चलाया जा सके।

# ग्रामीणों की शिकायत पर पत्थर क्रेशर को डीएमओ ने की जांच



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के कदले गाँव के करीब संचालित पत्थर क्रेशर को जिला खनन पदाधिकारी ने ग्रामीणों की शिकायत पर जांच की कार्रवाई की बात कही। ग्रामीणों ने पूर्व में क्रेशर मालिक पप्पू सिंह के विरोध में विरोध जताते हुए जिला खनन पदाधिकारी से शिकायत की थी। शिकायत में कहा था कि पप्पू सिंह का क्रेशर गाँव के सटे है। जिसमें कई घर प्रभावित होता है। वहीं पत्थर की टोडाई से उसका निकलने वाला डस्ट हम ग्रामीणों के घर में प्रवेश कर रहा है। वहीं रात्रि को नींद हराम तथा मशीन की आवाज से हृदय रोगी को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों की शिकायत को लेक डीएमओ ने उक्त स्थल पर पहुंच कर अवलोकन किया साथ हीं कार्रवाई की बात कहा। ग्रामीणों का कहना है कि यह क्रेशर कहीं और संचालित किया जाय यहां गाँव है जिसके चपेट में हम सभी ग्रामीण आ रहे है।

# बिजली के करंट में आने से एक मवेशी की मौत विभाग की लापरवाही

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के सलगी पंचायत के एरेगड़ा गाँव में बिजली की करंट की चपेट में आने से एक भैंसा की मौत घटना स्थल पर हो गयी है। मृत भैंसा छठु साव पिता स्व.रामोवतार साव का है। जानकारी के अनुशार पोल पर से तार लटका हुआ था। किसी कारण वस तार कट कर गिर गयी थी और करंट प्रवाहित हो रहा था। सुबह जब भैंसा घास चरने के लिए उक्त तार के करीब से गुजर रही थी की बिजली की प्रवाहित तेज करंट के चपेट में आ गयी। जिससे घटना स्थल पर हीं मौत हो गयी है। बता दें कि बिजली विभाग की लापरवाही इतनी बढ़ी हुई है कि जिसका अंदाजा घटना देख व सुन कर लगाया जा सकता है। क्षेत्र के सभी गांवों में बिजली का तार जहां तहां जैसे तैसे लटक रहा है। लेकिन बहाल एंव वेतनभोगी मिस्त्रियों के कहने के बावजूद भी कान में जूं तक नहीं रेंगता। चुकी इन मिस्त्रियों को किसी भी काम के लिए रुपया चाहिए। एक तरफ बिजली उपभोगता बिजली बिल देता है तो वहीं उसे सही से ना बिजली मिलती है ना उसे सुविधा मिलती है। ऐसे में भुक्तभोगी उपभोगता होते रहते है। यदि बिजली तार सही से लटकाया जाता तो भुक्तभोगी को 30 हजार का नुकशान नहीं होना पड़ता। ऐसे में ऐसे बिजली मिस्त्रियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। भुक्त भोगी छठु साव ने बिजली विभाग से इसकी मुआवजे की मांग की है।

# चमातू शिव मंदिर में सावन के पवित्र महीने में 24 घंटे का अखण्ड कीर्तन का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत चमातू शिवमंदिर में सावन उत्सव के अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें रुद्राभिषेक एवं सावन पुजनोत्सव किया गया। हरिकीर्तन के मंत्रोच्चारण ओम नमः शिवाय, जय भोलेनाथ जय जय शिव शंभु के नारे से पूरा वातावरण भक्तिमय में डूबा हुआ था। बूढ़े-जवान यहां तक की युवा पीढ़ी से लेकर बच्चों को भी हरिकीर्तन के रस में डूबो दिया। हरिकीर्तन में एक से बढ़कर एक धुनों पर ओम नमः शिवाय, जय भोलेनाथ का उच्चारण किया गया। हरिकीर्तन में आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। पंडित अभिमन्यु ने बताया कि मंदिर परिसर में सावन पुजनोत्सव के अवसर पर पूजा अर्चना के साथ-साथ 24 घंटे के अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि हरिकीर्तन के आयोजन से लोगो की सुख, शांति, समृद्धि, बारिश तथा भक्तों के मन को शांति के साथ घरों में खुशहाली के लिए की जा रही है। अखंड हरिकीर्तन के पूर्व से पूरा मंदिर परिसर को विशेष तरीके से सजाया गया था। इस मौके पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में खिचड़ी, व मन भोग भी वितरण किए गए। मौके पर मगध संघमित्रा के जीएम के के सिन्हा, सिविल ऑफिसर सुनील मनोहर भास्कर, डिस्पैच ऑफिसर ओझा जी, उप प्रमुख कामेश्वर राम, विजय कुमार, मोहन साव, खुसियाल साव, जय प्रकाश साव, हिरामन साव, भुनेश्वर मिस्त्री, बंसी राम, केदार साव, भीम प्रजापति, सुरेश राम, सुरेन्द्र साव समेत भारी संख्या में भक्तों की भीड़ रही।

# फुटबॉल टूर्नामेंट का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरियातू :** प्रखंड स्थित नाचना में प्रीमियम स्व अशोक मिंज फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है, इस टूर्नामेंट का उद्घाटन जिप सदस्य रमेश राम एवं पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर व फुटबॉल को किक मार कर किया। खेल मैदान में जिप सदस्य रमेश राम एवं पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया साथ ही कहा कि आप सभी खिलाड़ियों खेल को खेल की भावना से खेल और आगे की ओर बढ़े ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होने से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की मौका मिलता है और बेहतर प्रदर्शन करने वालों खिलाड़ियों को प्रखंड से जिला राज्य देश तक खेलने का अवसर प्राप्त होता है, इस टूर्नामेंट का अध्यक्ष मनोज लाकड़ा एवं सचिव वकील उरांव ने बताया कि तीन दिवसीय टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए 1099 रू० प्रवेश शुल्क रखा गया है जिसमें प्रथम पुरस्कार पच्चीस किलो खासी प्लस शील्ड एवं द्वितीय पुरस्कार बीस किलो खस्सी सी प्लस शील्ड तथा तृतीय पुरस्कार एक बड़ा खस्सी प्लस शील्ड और चतुर्थ पुरस्कार एक खस्सी प्लस शील्ड देकर पुरस्कृत किया जाएगा। मौके पर कोषाध्यक्ष जीतू मिंज अर्जुन, प्रेम, जयराम, संजय, निक्कू, राजकुमार, कपिल, मनोज, बब्लू, रमेश, संतोष, सरजू, सुरेश, राकेश, निरंजन, समीर, अनुज, अमित, सुरेंद्र, सतीश, उपेंद्र, शिवकरण, बालकिशोर, वकील, अणेश, बिल्ला, सुनील, सहित अन्य खेल प्रेमी मौजूद थे।

# राखी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लातेहार स्टेशन में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालिकाओं ने एक पर एक राखियां बनाई एवं चित्रांकन भी किया। इस दौरान विधालय के प्रधानाचार्य राजबल्लभ शर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के पवित्र रिश्तों का आधार होता है। यह पर्व ऐतिहासिक, सामाजिक, धार्मिक व राष्ट्रीय महत्व है। आयोजन में सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं की अहम भूमिका रही, इस अवसर पर विद्यालय के सचिव विवेक कुमार गुप्ता एवं प्रधानाचार्य राजबल्लभ शर्मा, मुकेश कुमार, विनय कुमार विश्वकर्मा, प्रीति कुमारी एवं समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहे।

# एसपी के कुशल नेतृत्व का नतीजा, अपहृत कुंदन छह साल बाद मिला परिजनों से

- ➲जोरी पुलिस अपहृत कुंदन कुमार को तमिलनाडु से छह साल बाद सकुशल लाने में रही सफल
- ➲2017 में कुंदन कुमार का हुआ था अपहरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** एसपी राकेश रंजन के कुशल नेतृत्व का नतीजा है कि वशिष्ठ नगर जोरी थाना प्रभारी गुलाम सरवर के नेतृत्व में अपहृत व्यक्ति को तमिलनाडु से सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सपुर्द कर दिया गया है। जारी ब्यान में एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया की बशिष्ठनगर थाना कांड सं0-35 / 17, दिनांक 24.07.2017, धारा-365 भा0द0वि0 के वादी भोला कुमार यादव, उम्र 48 वर्ष, पिता जगदीश यादव, ग्राम धोबे, थाना बशिष्ठनगर, जिला चतरा के पुत्र कुन्दन कुमार को अज्ञात अपराधकर्मियों ने अपहरण कर ले गये थे।अपहृत बालक की बरामदगी की प्रयास पुलिस लगातार कर रही थी, परंतू बरामदगी नही हो पा रही थी। वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी गुलाम सरवर विभिन्न मानवीय एवं तकनिकी सूत्रो का उपयोग करते हुए अपहृत बालक को अपनी अनुसंधान कौशल की दक्षता का उपयोग करते हुए अपहृत कुन्दन कुमार को तमिलनाडु राज्य के कृष्णागिरी जिले के होसुर नामक स्थान से बरामद कर आवश्यक कानुनी औपचारिकता पुरी करने के बाद कुन्दन कुमार को उनके परिजन को सौंपे दिया गया है। छापामारी दल गुलाम सरवर थाना प्रभारी बशिष्ठनगर एसआई रूपेश कुमार यादव शामिल थे।

# डीएमएफटी मद से बनाए जा रहे पीसीसी पथ में गोरखधंधा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के सड़मा गाँव में डीएम एफटी मद से बनाए जा रहे पीसीसी सड़क में जीएसबी में मेटल गायब, 6 इंच के जगह तिन इंच से 4 चार इंच कर किया जा रहा है खानापूर्ति। यह पीसीसी सड़क बोली आहार से लेकर जगलाल राम के घर तक लगभग 65 लाख की लागत से बनायी जा रही है। किंतु जीएसबी में महज तीन इंच से लेकर 4 इंच देकर वारे न्यारे किया जा रहा है। साथ हीं मेटल में महज दिखावे के थोड़ा बहुत देकर खाना पूर्ति की जा रही है। हैरत वाली बात है कि जीएसबी मिक्सचर मशीन से मिला कर देना है लेकिन वगैर मिक्सचर मशीन के मिलाए जैसे तैसे कर दिखावा किया जा रहा है। जबकि ग्रामीणों के विरोध पर देख लेने से लेकर जहां जाने तक की धमकी दी जा रही है। वैसे में उक्त पीसीसी सड़क का गुणवता क्या होगी यह समझने वाली बात है। वहीं ग्रामीणों ने उपायुक्त से जाँच कर उचित कार्रवाई करने की बात की है।

# बम-बम भोले के गगनभेदी नारों के साथ शुरू हुई भव्य कावड़ यात्रा : बिरजू तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सावन के महीने में भगवान शिव प्रसन्न मुद्रा में रहते हैं और अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं. साथ ही भगवान शिव और माता पार्वती की कृपा भी बनी रहती है।सावन में भगवान शिव की पूजा करने से जीवन सफल हो जाता है। भक्तों को सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। सावन में शिव की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। ये बातें पूर्णिमा के अवसर पर वनखंडी मंदिर प्रांगण राजपुर में आयोजित भव्य कावड़ यात्रा को संबोधित करते हुए बिरजू तिवारी ने कहीं।कावड़ यात्रा भव्य रूप से निकाली गई।कावड़ यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी सहित सैकड़ों महिला, पुरुष एवं युवा शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर शिव भक्त जमकर थिरके। सभी शिवभक्त टट्रा स्थित नदी से जल लेकर वनखंडी मंदिर पहुंचे और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। गौरतलब है कि हर साल इस यात्रा का आयोजन ग्रामीणों द्वारा किया जाता है। परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। प्रखंड प्रमुख इंदु देवी ने कहा कि क्षेत्र की समृद्धि, सुख व शांति के लिए यात्रा का आयोजन किया गया है।दूसरी ओर कान्हाचट्टी प्रखंड के कादे ग्राम में आज से 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया।

# जलमीनार के पास सोकपिट का निर्माण अति आवश्यक : राकेश सहाय



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतों के जलमीनार के पास 15 वें वित्त मद से सोकपिट निर्माण करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने पंचायत के मुखिया व सचिव को दिया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बरसात काफी कम होने की स्थिति में भूगर्भ जल स्तर काफी नीचे जाने की संभावना है जिससे कि आनेवाले दिनों में पानी की समस्या का विकराल रूप धारण करने वाला है। इसे लेकर सरकार गंभीर है। वहीं जिले के उपायुक्त हिमांशु मोहन के निर्देशानुसार बीडीओ राकेश सहाय ने सभी मुखिया पंचायत सचिवों को गुणवत्तापूर्ण सोकपिट निर्माण कार्य माह दिसंबर तक पूर्ण कराने को लेकर निर्देशित किया है ताकि भूगर्भ जल स्तर बरकरार रखा जा सके।

# चतरा के शिक्षक मो एजाजुल्हक को पांच सितंबर को राष्ट्रपति के हाथों किया जायेगा सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** शिक्षकों के द्वारा दी गई शिक्षा से ही मनुष्यों में मानवता का लक्षण पाया जाता है।शिक्षकों की शिक्षा से ही मानव बैल गाड़ी से यात्रा शुरू कर हवाई जहाज और रॉकेट उड़ा रहा है। दुनिया की चमक दमक शिक्षकों के शिक्षा से ही संभव हुआ है। दानव प्रवृत्ति का मनुष्यों को इस लायक बनाने में शिक्षकों की महती भूमिका है।शिक्षक ज्ञान का भंडार होता है।राष्ट्र और समाज निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका है। देश के विकास और निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मानव के बौद्धिक और वैज्ञानिक विकास में शिक्षक की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है।प्राचीन काल से ही शिक्षा व्यवस्था में शिक्षकों का केन्द्रीय स्थान रहा है। एक माली जैसे बागबानी करता है ठीक शिक्षक भी उसी तरह से अपने छात्र एवं छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।उक्त बातें पिछले दिनों राज्यपाल से सम्मानित सह समाज सेवी कालीचरण सिंह ने राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किये जाने के लिए चयनित शिक्षक इजाजुलहक को सम्मानित करने के उपरांत कही। मालूम हो कि झारखंड के एकमात्र शिक्षक मोहम्मद इजाजुल हक को 5 सितंबर (शिक्षक दिवस) पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा. कालीचरण सिंह शिक्षक एजाजुल हक के साथ उत्क्रमित हाई स्कूल दीवानखाना चतरा पहुंचे और शॉल ओढ़ाकर, अंगवस्त्र और फूलों का गुलदस्ता देकर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर श्री सिंह ने अपनी जीवन के अद्भुत पहलुओं को साझा करते हुए कहा मैं भी एक शिक्षक था।1986 में शिक्षक पद से त्यागपत्र दे दिया। लेकिन शिक्षक के प्रति मेरे मन में आज भी बहुत सम्मान और आदर है।राष्ट्रपति के हाथों एजाजुल हक को मिलने वाले अवार्ड से राज्य के लिए गर्व का क्षण है और हमसब के लिए प्रसन्नता का अवसर है। मोहम्मद एजाजुल हक को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रपति के द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा कालीचरण सिंह ने आगे कहा कि शिक्षण एक ऐसा पेशा है जिसका दुनिया के हर धर्म और समाज में प्रमुख स्थान है. सबसे ऊंचे स्तर का और सबसे मूल्यवान काम देश के शिक्षकों का काम है। शिक्षक का कर्तव्य सभी कर्तव्यों में सबसे कठिन एवं बहुमूल्य है। इसमें नैतिक, नागरिक और धार्मिक सद्गुणों की कुंजी निहित है। मोहम्मद एजाजुल हक उत्क्रमित उच्च विद्यालय दीवानखाना चतरा के प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता में बेहतर प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ शिक्षक जिला स्तरीय पुरस्कार 2022 को पीएमई विद्या पर संबोधन के लिए निपा, एनसीईआरटी नई दिल्ली में बुलाया गया था।

# फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में शामिल हुए विधायक रामचंद्र सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** छिपादोहर थाना क्षेत्र के कुचिला पंचायत में लगातार एक सप्ताह से चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट मैच के आयोजन के समापन समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा क्षेत्र विधायक रामचंद्र सिंह ने समापन समारोह का उद्घाटन कर फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ करने का काम किया। वहीं उनके आगमन पर स्थानीय कलाकारों और समर्थकों के द्वारा ढोल नगाड़े एवं मांदर की थाप पर फुल माला और बुके भेंट कर भव्य स्वागत करने का काम किया गया। यह फुटबॉल टूर्नामेंट में चंदवा बनाम कुचिला के बीच खेला गया। जिसमें सफल प्रतिभागी को शिल्ड मेडल देकर खिलाड़ियों को हौसला अफजाई करने का काम किया गया। इस अवसर पर छिपादोहर विधायक प्रतिनिधि तेतर यादव, थाना प्रभारी छिपादोहार अभिषेक कुमार, समाजसेवी अनिल सिंह नेजाम मियां, कौशल यादव, कांग्रेस नेता रविंद्र राम, विधायक पुत्र सह स्टेट कोर्डिनेटर कांग्रेस पार्टी के युवा नेता विजय बहादुर सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए हौसला बढ़ाने का काम किया। वहीं विधायक ने श्री सिंह ने खेल मैदान में शामिल खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने तथा समय-समय पर खेल को खेलते रहने लगातार अभ्यास करने को कहां की आपलोग मन लगाकर खेलें बेहतर खेलने वाले खिलाड़ियों को हमारी सरकार नौकरी देने का काम कर रहा है साथ ही कुचिला गांव के खेल मैदान का भी सुंदरीकरण किया जाएगा और बेहतर खेलने वाले खिलाड़ियों को जिला स्तर पर भी चयन कराने का काम करेंगे मौके पर मैच आयोजनकर्ता अध्यक्ष नरेश सिंह, सचिव देवनंद सिंह कोषाध्यक्ष अल्ताफ राजा के साथ साथ आलोक सिंह, अमित सिंह ,रंजन सिंह नौशाद अली, विरेन्द्र सिंह, अजीत कुमार, फुलेश्वर सिंह, अजय सिंह, बीफन राम, सुजीत कुमार गुप्ता समेत काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण जनता और विधायक समर्थक खेल मैदान में उपस्थित थे।

# रेड क्रॉस सोसाईटी के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण 6 को

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी लातेहार के नवनिर्वाचित सदस्यों का समाहरणालय सभागार में छह सितंबर को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कर शपथ दिलाई जायेगी। यह शपथ ग्रहण समारोह छह सितंबर को दिन के 12 बजे आयोजित किया जायेगा। इसे लेकर अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार के द्वारा पत्र जारी किया गया है। साथ ही इसी दिन भारतीय रेड़ क्रॉस सोसाईटी की जिला प्रबंध समिति की बैठक भी आयोजित किया जायेगा। इन्हें दिलाई जायेगी शपथ दिलीप कुमार (पवन), महेंद्र प्रसाद गुप्ता, अमलेश कुमार सिंह, विनित कुमार मधुकर, उदय भानु प्रताप, ज्वाला प्रसाद, विशाल कुमार भास्कर, उमाकान्त प्रसाद, विशाल चन्द्र साहु, डा0 हरी प्रसाद, जावेद अख्तर, रविन्द्र प्रसाद, राजदेव प्रसाद, विष्णुदेव प्रसाद गुप्ता व संतोष कुमार सिंह।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यालय की वंदना सभा में संस्कृति ज्ञान प्रश्न मंच में सफल विद्यार्थीयो को मिला सम्मान

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव, कोर्रा, हजारीबाग में वंदना सभा में पूर्व छात्र भैया कमलेश कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि किया गया। साथ ही विभाग स्तरीय संस्कृति ज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सफल भैया बहन को प्रमाण पत्र एवं मेंडल देकर सम्मानित किया गया। संस्कृति ज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता में विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिससे विद्यालय को प्रांतीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सम्मिलित होने का अवसर मिला। प्रांतीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,3/सी, बोकारो में आगामी15-16 अक्टूबर को आयोजित हैं। जिसमे भैया मयंक राज, भैया सुमित कुमार एवं भैया आदित्य कुमार प्रतिभागी तथा आचार्य राज कुमार सिंह संरक्षक होंगे। वंदना सभा में भैया कमलेश ने विद्यार्थियों को सफलता के कई टिप्स भी दिया।

### शिलाड़ीह में तीन टीम के द्वारा24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन समापन शामिल हुए जिप सदस्य प्रतिनिधि

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड क्षेत्र के ग्राम शिलाडीह में मंगलवार को अपराह्न 11 बजे से 24 घंटे के लिए अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक अशोक राणा के टीम, लगनवां के टीम,शिलाड़ीह के टीम के द्वारा 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन आरंभ किया गया है।वहीं कार्यक्रम स्थल को आकर्षक लाइट और डीजे से सजाया गया है। वहीं ग्रामीण हरे रामा हरे कृष्णा का भजन पर थिरकते नजर आ रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिलाडीह ग्राम के अलावे अन्य स्थानों से लोग आकर हरि कीर्तन में शामिल हो रहे हैं । पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी ने बताया कि हरि कीर्तन से इंद्र देवता खुश होते हैं तथा बारिश ठीक से होने की संभावना बढ़ जाती है ।

### श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्यों ने की गौ सेवा

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: श्याम भक्तों के लिए श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के द्वारा एकदिवसीय द्वितीय श्री श्याम मनुहार महोत्सव का आयोजन 2 सितंबर को मुनका बगीचा के प्रांगण में किया जा रहा है जिससे पूर्व बुधवार को शहर से 7 किलोमीटर दूर कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में प्रातः काल के समय में श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्यों ने गौ माता को गुड़, चोकर सहित अन्य सामग्री खिलाकर उनकी सेवा कर गौ माता का आशीर्वाद लिया। साथ ही सभी युवा साथियों ने गौशाला परिसर में बाबा श्याम का कीर्तन एवम गुणगान किया।

### नये थाना प्रभारी से पूर्व पार्षद सदस्य एवं समाजसेवी ने की शिष्टाचार मुलाकात

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड अंतर्गत बासल थाना में आए नए थाना प्रभारी विकास आर्यन को पूर्व पार्षद झरी मुन्डा एवं समाजसेवी नन्द किशोर मुन्डा ने सामूहिक पुष्प गुच्छा देकर शिष्टाचार मुलाकात किए। श्री मुन्डा ने कहा आए दिन हो रहे एक्सीडेंट एवं फोर लाइन में खड़ी गाड़ियों और बासल थाना क्षेत्र में कैसे शांति बहाल हो उस पर चर्चा की गईं। मौके पर पवन कुमार मुन्डा, विकास मुन्डा आदि उपस्थित थे।

### विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का किया वितरण

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बरही प्रखंड के केदारुत पंचायत अंतर्गत केदारुत गांव के प्राचीन देवी मंडप में पिछले 24 घंटे से निरंतर चल रहे अखंड हरी कीर्तन का आज बुधवार को समापन हो गया। हरि कीर्तन संपन्न होने के बाद हवन पूजन एवं आरती हुई। आरती होने के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों के बीच विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के सहजन से महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं के बीच फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव ने कहा की समाज के बदलने से पहले खुद को बदलना जरूरी है दुनिया को बदलने से पहले खुद को ठीक करना जरूरी है तभी हम सब तरक्की की राह पर जा सकते हैं। हवन पूजन पुरोहित लक्ष्मण पांडे के द्वारा संपन्न कराया गया।

### आजाद जागृति छात्र संघ का 18वां वर्षगांठ संपन्न

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड अंतर्गत सांढ पंचायत के ग्राम शिवाडीह में संचालित झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था आजाद जागृति छात्र संघ का 18वां वर्षगांठ समारोह 30 अगस्त को सामुदायिक भवन शिवाडीह में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता विनोद प्रसाद एवं संचालन भूगेश्वर प्रसाद दांगी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सामूहिक रूप से सरस्वती मां तस्वीर के तस्वीर में पूजन व आरती के बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात संस्था के वार्षिक आय -व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। उसके बाद वर्तमान पदाधिकारीयो के कार्यकाल पूर्ण होने के कारण पुनर्चयन की प्रक्रिया शुरू हुई जिसमें सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष विनोद प्रसाद, सचिव भुगेश्वर प्रसाद दांगी, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार, उपाध्यक्ष शिबू सोनी, उपसचिव श्रवण सोनी की जिम्मेवारी को दी गई। कार्यक्रम में संबोधन के दौरान पदाधिकारी व सदस्यों ने संस्था के विकास के विषयों पर बारी-बारी से अपनी-अपनी बातों को रखा।

### चरही पुलिस ने छः टन अवैध लोहा लदा पिकअप वैन किया जब्त, तीन गिरफ्तार

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: चरही पुलिस ने मंगलवार को एनएच 33 स्थित 15 माईल में एंटी क्राइम चेकिंग लगा कर महिंद्रा पिकअप वैन (जेएच 01 ईवाई-9261) में लदे करीब छः टन लोहा स्क्रैप जब्त किया है। इस मामले में तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने बताया कि महिंद्रा पिकअप वाहन में लोहा (स्क्रैप) लोड कर ले जाने की सूचना मिली थी। इसी कड़ी में माण्डू की ओर से एक महिन्द्रा पिकअप वैन में लोहा (स्क्रैप ) लोड कर अधिक मुनाफा कमाने के लिए हजारीबाग के तरफ आ रहा था। उक्त सूचना का सत्यापन करने हेतू पुलिस पार्टी के पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने हेतू निर्देशित किया। आवश्यक कार्रवाई करते हुए महिन्द्रा पिकअप वैन को चेकिंग स्थल में पकड़ लिया गया। तथा उसमें सवार तीन व्यक्तियो को अपने कब्जे में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त प्रवीण कुमार जायसवाल (25 वर्ष) पिता स्व0 चन्द्रनन्द चौधरी , अभिषेक कुमार शर्मा (22 वर्ष) पिता- दिनेश शर्मा एवं धीरज कुमार सिंह (19 वर्ष) पिता हरि नारायण सिंह तीनो ग्राम विकास नगर जिला रामगढ निवासी से पुलिस द्वारा पूछ ताछ करने पर पिकअप वैन में लदा स्क्रैप चोरी का होने की बात कबूल की। पिकअप में करीब छः टन लोहा (स्क्रैप) लदा पाया गया। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है एवं पिकअप वैन को जब्त कर थाना लाया गया।

### नये दुर्ग अभियन्ता का स्वागत किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: शहर के प्रतिष्ठित होटल के सभागार में दुर्ग अभियन्ता रांची का स्वागत और बिदाई समारोह का आयोजन एम ई एस बिल्डर्स एसोसिएशन झारखंड, बिहार एसोसिएशन के द्वारा किया गया। एसोसिएशन के सचिव नरेश राय के द्वारा उपस्थित सभी अफसर और बिल्डर्स का स्वागत किया गया । एसोसिएशन के चैयरमेन वि. पी. संजीव द्वारा स्वागत भाषण दिया गया । सर्व प्रथम निर्वतमान दुर्ग अभियन्ता, रांची मेजर सुनील राकेश हल्ली को बुके देकर सम्मानित किया गया एवं मेजर सुनिल राकेश ने सभा को अपने कार्यकाल के बारे में सम्बोधित किया। अन्त मे जी ई साहब को माला पहनाकर , मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य रूप से एम. ई. एस बिल्डर्स एसोसिएशन के निम्न पदाधिकारी गण उपस्थित थे। झारखंड बिहार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष के. के. गुप्ता , उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष आकाश कुमार सिंह ,परिषद् सदस्य सौरव कुमार सिंह , कार्यकारणी सदस्य अंकुर मित्तल , सूर्य प्रकाश सिंह , मनोरंजन सिंह एवं रांची के तमाम बिल्डर्स गण उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन मनोज कुमार सिन्हा के द्वारा दिया गया एवं सभी का आभार ब्यक्त किया गया।

## श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय राखी बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय समूह राखी बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता चार सदनों के बीच में हुआ। साहेबजादा अजीत सिंह ,साहेबजादा जुझार सिंह , साहेबजादा जोरावर सिंह , साहेबजादा फतेहसिंह। यह प्रतियोगिता कक्षा (6 से 8) तथा (9 से 12) के बीच हुआ। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने




काफी उत्साहित हो भाग लिया और तरह-तरह की रंग बिरंगी राखियां भी बनाई और साथ में थाली तथा कार्ड भी बनाया।

बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक राखियां बनाई। इस अवसर पर प्राचार्य हरजाप सिंह ने बच्चों के उत्साह की प्रशंसा की और भविष्य मे बेहतर करने की कामना की।

## रजरप्पा क्षेत्र में रक्षाबंधन पर मिठाइयों का सज-धज कर तैयार है दुकाने

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र में भाई बहन के धागों का त्यौहार रक्षाबंधन पर कई दुकानों में एक से बढ़कर एक राखी का दुकान सजाया गया है वही रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित केसरी मिष्ठान भंडार में 32 किस्म के मिठाई बनाया गया है जिसमें काफी स्वादिष्ट मिठाइयां बनी है उन्होंने बताया कि राखी त्यौहार को लेकर प्रत्येक वर्ष एक से बढ़कर एक कई अलग-अलग तरह के मिठाई बनाकर दुकान में सजाया जाता है रक्षाबंधन को लेकर काफी भीड़भाड़ र रहती है और मिठाई की मांग काफी रहती है होटल संचालक मिथिलेश केसरी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर तीन दर्जन से अधिक किसके स्वादिष्ट मिठाई उचित दर पर



ग्राहकों को दिया जाता है जिसमें रजरप्पा के ग्रामीण क्षेत्र से काफी संख्या में मिठाई की खरीदारी करने आते हैं उन्होंने बताया कि उचित मूल्य पर मिठाई बेचकर मैं संतुष्ट रहता हूं और ग्राहकों की संतुष्टि से ही मेरा दर्जनों के मिठाई के बिक्री होती है सभी गुणवत्तापूर्ण मिठाइयां बनाई जाती है जो की बंगाल से पहुंचे कारीगर होटल पर ही बनाते हैं ।

## रक्षा बंधन त्यौहार उत्क्रमित उच्च विद्यालय मनुआ मे मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** रक्षा बंधन त्यौहार उत्क्रमित उच्च विद्यालय मनुआ मे मनाया गया । इस सुअवसर पर विद्यालय परिवार के दो संप्रदाय हिंदू मुस्लिम छात्रा एक साथ मिलकर अपने सहपाठी को राखी बांधकर उन्हे मुंह मीठा कराकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए साथ ही इस त्यौहार के द्वारा एक राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया कि



इसको सभी भाई बहन बिना भेदभाव का मनाना चाहिए आज विद्यालय में पेड़ पौधे को भी रक्षा सूत्र बंद्धकर पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान भी चलाया ।

## पूर्व विधायक मनोज यादव ने दर्जनों पंचायत का किया दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा के तहत बरही प्रखंड मैदान में आना सुनिश्चित हुआ है। संकल्प यात्रा को सफल बनाने हेतु बरही विधानसभा के पूर्व विधायक सह भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज कुमार यादव बुधवार को बरही प्रखंड अंतर्गत दर्जनों पंचायत व गांवों का दौरा कर आम जनों से मिलकर भारी से भारी संख्या में संकल्प यात्रा में भाग लेने का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने कोल्हुआकला पंचायत भवन, भण्डारो पंचायत अंतर्गत ग्राम तेतरिया भण्डारो, विजैया पंचायत में लिटिल स्टेप स्कूल के समीप,



डपोक पंचायत भवन, मलकोको पंचायत भवन के समीप, बरसोत पंचायत भवन, पंचमाधव पंचायत भवन, केदारुत पंचायत भवन, गौरियाकरमा पंचायत की मुखिया आवास के समीप कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए 04 सितंबर को प्रखण्ड मैदान पहुंचने का अपील किया है। सभी जगहों पर बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। बैठक झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री मरांडी आगामी 04 सितंबर को हजारीबाग जिला के बरही विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तय की गई।पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि सभी मंडल अध्यक्ष, बूथ संयोजक, शक्ति केंद्र के प्रत्येक पदाधिकारी अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को लेकर आए और प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम को सफल बनावे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पतरातू नगर द्वारा मनाया गया रक्षाबंधन उत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पतरातू नगर में रक्षाबंधन उत्सव परंपरागत और हर्षोल्लास से मनाया गया। संघ की परंपरा के अनुसार नगर के सह संघचालक सरयू राम स्वयंसेवकों की तरफ से ध्वज को रक्षा सूत्र बांधा साथ में पतरातू नगर के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व क्षेत्र संघ चालक सिद्धनाथ सिह जिला कार्यवाह धनंजय सिह नगर कार्यवाह उमाशंकर अग्रवाल कटिया पंचायत के मुखिया किशोर कुमार महतो, निर्मल जैन और अन्य सैकड़ो स्वयंसेवक उपस्थित थे। वह जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख अनिल शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ ने वर्ष भर में छःउत्सव मनाने का निर्णय लिया जिसमें रक्षाबंधन भी उत्सव के रूप में मनाया जाता है।



उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई बहन का त्यौहार तो है लेकिन यह केवल भाई बहन का त्यौहार नहीं बल्कि समाज के सभी कमजोर वर्ग की सबल वर्गों द्वारा रक्षा करने का भी उत्सव है।

## जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात, समाजसेवी ने प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** हजारीबाग बरकट्ठा विधानसभा चुनाव क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्रों में बीते लगभग एक माह से जंगली हाथियों के उत्पात मचाने से आमजनों को जीवन जीना मुहाल हो गया है.बीते रात्रि बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र करमटांड पंचायत डाढा प्रखंड ईचाक के गीता देवी पति स्व- महाबीर तुरी को हाथियों के द्वारा घर पर तोडफ़ोड़ व हमला करने के पश्चात हाथियों के हमले में महिला का कमर टुट गया।जिसका ईलाज सदर अस्पताल हजारीबाग में किया जा रहा है।वहीं बासुदेव तुरी पिता स्वः-सोमर तुरी के पक्का मकान



का दरवाजा तोडते हुए.घर में रखें चावल व आटा चट कर गए।सबसे तो आश्चर्य की बात यह है कि दिलीप तुरी पिता स्व-योगेंद्र तुरी के घर खिडक़ी तोडकर सामने रखें ड्राम में चावल व नगद नौ हजार रुपये चट कर गये।

वहीं गिरजा तुरी पति सुखदेव तुरी के यहां हाथियों ने कच्चा मकान को तोड़ डाला एवं घर में रखें अनाज व सब्जियों को चट कर गए।वहीं जीतन तुरी के घर का दिवार तोड़कर नुकसान पहुंचाया गया एवं खेतों में लगें मक्का के फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया गया है।

## गुरुचट्टी कुशवाहा समाज के द्वारा बुढ़वा महादेव में 24 घंटे का अखंड हरिकृतन का हुआ आयोजन

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूरे राज्य में विख्यात महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में गुरूचट्टी कुशवाहा समाज के ओर से सावण माह के पवित्र माह के पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया। अखंड हरी कीर्तन बुधवार को 10ः51 सुबह से स्टार्ट किया गया जो की पूर्णिमा के पति वार दिन को 10ः51 में समाप्त किया जाएगा। उपस्थित अखंड हरिकीर्तन करने वाले ग्रामीणों ने बताया कि यह परंपरा हमारे पूर्वजों के द्वारा पिछले 100 वर्षों से भी अधिक समय से किया जा रहा है जीसका अनुपालन आज के युग में भी हमलोग कर रहे है। आगे उन्होंने बताया कि 100 वर्ष पहले जब बारिश नहीं होने के कारण खेती नहीं हो पा रही थी तब जाकर हमारे पूर्वजों ने 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन कर भगवान भोलेनाथ से बारिश की कामना किया तत्पश्चात अच्छी बारिश हुई और समस्त बड़कागांव कर्णपुरा क्षेत्र में खेती भी हो पाई। जिसके बाद से इस परंपरा को आज तक चलाया जा रहा है।



## अंबेडकर युवा मंच के द्वारा फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के ग्राम बादम बस स्टैंड मैदान में अंबेडकर युवा मंच के द्वारा तीन दिवसीय खस्सी फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य शहाब अकबर एवं पंचायत समिति प्रतिनिधि संतोष मेहता ने फुटबॉल को किक मार कर शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता टीम को खस्सी और ट्रॉफी दे कर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला मार्शल युवा क्लब इंद्रा बनाम जेबीएस क्लब गुत्रु के बीच खेला गया। दोनो ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। जेबीएस क्लब गुत्रु ने मार्शल युवा क्लब इंद्रा को 1 गोल से हराया। मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष सतीश ठाकुर, सचिव रवि कुमार, उप सचिव कुंदन कुमार, कोषाध्यक्ष विक्रम गुप्ता, अनिल कुमार, बाले राम, मो नाजिम, आकिब अनवर, राजू दास, कुंदन कुमार, त्रिलोकी, कृष्णा कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## पर्यावरण मंच ने लोगों के बीच 200 फल व छायादार पौधे का किया वितरण

**सिरका :** पर्यावरण मंच (बीएमएस) के प्रदेश संयोजक प्रशांत बेलथरिया के द्वारा बुधवार को लोगों व बच्चों के बीच 200 फलदार, छायादार पौधे बांटे गए। अभियान डब्ल्यूटीपी अरगड्डा, सिरका स्टैंड, कहुआबेड़ा आदि क्षेत्रों में चलाया गया। बताया गया कि पूरे देश में बीते एक अगस्त से 31 अगस्त तक एक पेड़ देश के नाम कार्यक्रम चल रहा हैं। इसी को लेकर पर्यावरण संरक्षण, पोषण, पौधारोपण जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। मौके पर कई लोग व बच्चे उपस्थित थे।

## बासल थाना के नए प्रभारी के रूप में विकास आर्यन ने पदभार संभाला

**रामगढ़ :** रामगढ़ के बासल थाना के नए प्रभारी के रूप में विकास आर्यन ने अपना पदभार ग्रहण किया । इसके पूर्व विकास आर्यन रामगढ़ थाना में पदस्थापित थे । बासल थाना का पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बानने व अपराधियों पर नकेल कसने का काम किया जाएगा । उन्होंने विधि व्यवस्था में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की किसी भी तरह की गलत एक्टिविटी की सूचना सीधे उन्हें देने की बात कही।

## बरही प्रेस क्लब के चुनाव आगामी 3 सितंबर को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रेस क्लब का चुनाव आगामी 3 सितंबर को होना है, इस बाबत चुनाव को लेकर प्रक्रिया जारी है। बुधवार को सभी पदों के लिए प्रपत्रों को उम्मीदवारों ने भरकर निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा। जिसपर निर्वाचन पदाधिकारियों ने स्क्रुटनी के बाद दो प्रपत्र को पूरी तरह से भरा नहीं होने के कारण अस्वीकार कर दिया गया। वही दो प्रपत्र को छोड़कर सभी प्रपत्र वैध पाए गए जिनमे अध्यक्ष पद के लिए राजदेव कुमार व बिपिन बिहारी, उपाध्यक्ष पद के लिए कृष्णा कुमार यादव और अजय कुमार, सचिव पद के लिए रितेश कुमार गुप्ता, राजेश प्रसाद केशरी, अनुज कुमार सोनी, सोनू पंडित व सोमनाथ कुमार, उप सचिव पद के लिए कुनकुन स्वर्णकार, सुरेंद्र निषाद व अमित कुमार सोनी, संयुक्त सचिव पद के



लिए कमल शंकर पंडित, सोनू पंडित, कोषाध्यक्ष पद के लिए कमल शंकर पंडित, जयदीप सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए योगेंद्र प्रजापति, शोएब अख्तर, पंचम पांडे, सोमनाथ कुमार व अमित कुमार सोनी है। निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में जावेद इस्लाम, श्याम मोहन शर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, कृष्णा प्रजापति, दयानंद चौरसिया शामिल थे। जमा किए प्रपत्रों में नाम वापसी की अंतिम तिथि 01 सितंबर को शाम 5 बजे तक है। वही 3 सितंबर को बरही प्रेस क्लब का चुनाव एवं मतगणना की तिथि निर्धारित है।

## प्रताड़ित पत्नी ने तंग आकर करा दी पति की हत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत नवादा के चरनखिया में एक पुराने कुएँ से मो0आजाद अंसारी का शव बरामद किया गया। बताया गया कि मृतक राजधनवार के लालबाजार का निवासी है । उजागर पहलुओं के आधार पर उपरोक्त घटना हत्या से जुड़ा प्रतीत होता है।पुलिस द्वारा हत्या के आरोप में विष्णुगढ़,नवादा के शब्बीर अंसारी,पुत्र तनवीर अंसारी,बेटी शहादा एवं भतीजा खादिम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है । आरोपियों की गिरफ्तारी विष्णुगढ़ थाना पुलिस के सहयोग से राजधनवार व बगोदर पुलिस की संयुक्त छापेमारी में हुई।इस संबंध में राजधनवार थाने में मामला दर्ज है ।बताया गया कि आरोपित शब्बीर अंसारी की बेटी शहादा का ससुराल राजधनवार के लालबाजार के बगल के बिशुनपुर में है। मृतक आजाद पर आरोपित की पुत्री को प्रताड़ित का आरोप उसके ससुराल वालों ने लगाया। आरोपित के द्वारा बताया गया कि काफी कोशिशो के बावजूद भी आजाद द्वारा विवाहिता को परेशान किया जाता था।

इससे तंग आकर विवाहिता ने अपने मायके के परिजनों संग मिलकर आजाद को रास्ते से हटाने की साजिश रची। योजना के तहत विवाहिता ने 24 अगस्त को मो0आजाद को नवादा आने को कहा।मृतक आजाद अपनी बुलेट नवादा पहुँचा,उसी दिन विवाहिता भी बस से मायके पहुँच गई थी।विवाहिता के परिजन ने आजाद को अपनी गिरफ्त में लेकर उसी रात उसकी हत्या कर दी ।शव को पत्थर से बांध कर कुएँ में डाल कर उसकी बुलेट को हसला में ले जाकर छोड़ दिया ।आजाद के घर नही पहुँचने पर उसके परिजन ने उससे जब संपर्क किया तो दूसरी तरफ से जवाब मिला वह धनबाद जा रहा है।उसके बाद उसका मोबाइल बंद आने लगा। इसकी शिकायत करने पर राजधनवार पुलिस उसकी खोज में जुटी ।बुलेट को हसला से बरामद किया गया व दबिश देने पर पुलिस की गिरफ्त में आए विवाहिता के मायके वालों की निशानदेही पर शव को कुएँ से बरामद किया गया ।

## एचएमसीएच : कम काउंटर की वजह से लग रही लंबी कतारें, वृद्ध अत्यधिक परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दिन प्रतिदिन कई खामियां नजर आती रहती हैं परंतु इलाज के लिए घंटों कतार में खड़े रहना गंभीर चिंता का विषय है। मौसमी बीमारियों का वक्त चल रहा है ऐसे में सैंकड़ों लोग रोजाना सरकारी अस्पताल पहुंच रहे हैं परंतु उन्हें इलाज करवाने के लिए घंटों तक लाइन में लगा रहना पड़ रहा है। इसका मुख्य कारण है पर्चा काटने वाले काउंटर की कमी। दरअसल इलाज करवाने के लिए पहले पर्चा बनवाना अनिवार्य है परंतु पर्चा काटने वाले काउंटर सिर्फ तीन हैं। कम संख्या में काउंटर होने की वजह से लंबी लंबी कतारें लग रही हैं। खबर के साथ लगी हुई तस्वीर शाम के 4ः30 बजे की है। 5 बजे



शाम तक ही इलाज के लिए पर्चा बनवाने का समय है। ऐसे में पीछे खड़े लोगों को बिना इलाज करवाए वापिस घर का रुख करना पड़ सकता है। कतार में लगने से महिलाओं और वृद्धों को भी खासा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही लोगों में नोक झोंक भी खूब होती है। किसी गार्ड या देखने वाले के नहीं होने की वजह से यदि कोई आगे आकर पर्चा कटवाने की कोशिश करता है तो पीछे कतार में खड़े लोगों के साथ तू तू - मैं मैं शुरू हो जाती है जिससे माहौल खराब होने खतरा हमेशा बना रहता है। इधर अकेले इलाज के लिए पहुंचे वृद्ध और अनपढ़ लोगों को सबसे अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## बचरा बंसत विहार मे गणेश पूजा को लेकर कमेटी का हुआ गठन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बंसत विहार स्थित टीएच कॉलोनी मे गणेश पूजा को लेकर कॉलोनी के लोगो की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता बंसत कुमार और संचालन गांधीराम साहु ने किया।बैठक मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बचरा मे गणेश पूजा धुमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।सर्वसम्मति से आगामी 19 सितम्बर से 21 सितम्बर तक तीन दिवसीय गणेश पूजा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया,साथ ही पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण कराने का निर्णय लिया गया।इसके सफल संचालन को लेकर समिति का गठन किया गया,जिसमे अध्यक्ष गांधीराम साहु,उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह,सचिव बंसत कुमार,उप सचिव किशुन केवट को बनाया गया।वही कई लोगो को सदस्य बनाया गया।बैठक मे काली दास,बासदेव गंझु, शंकर सतनामी,राजु कुमार, राम कुमार,राज कुमार, देवनारायण,रूपलाल केवट, दुलार चन्द,लखेश्वर लाल, गंगा राम,संतोष दास, जयपाल दास,विजय कुमार सहित कई लोग मौजुद थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्यू बुंडू रोड ओभरब्रीज के समीप स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक दूसरे की कलाई पर राखी बांधी और उपहार में चॉकलेट दी। इस अवसर पर प्राचार्या पलक सरकार ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है और आज की जनरेशन के लिए जरूरी है कि उन्हें सभी त्योहारों के बारे में विस्तृत जानकारियां दी जाय। बदलते समाज में भाई बहन का रिश्ता जो पीछे छूट गया वह कितना महत्वपूर्ण है, हमें उसे बनाए रखना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि हमें अपने सभी त्योहार उत्साह व उल्लास से मनाने चाहिए। इस मौके पर अनिता चौधरी, मून तनीषा, सुमन, पायल, तारा समेत स्कूली बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## कार्यालय का उद्घाटन किया गया

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोटेमिक कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा के द्वारा सिंगपुर मैरेज हॉल,गोला रोड़ ,मुरी ( टुगरी पार्क के सामने ) में कार्यालय खोला गया जो आगामी 20 सितंबर को मुरी में रेल टेका को देखते हुएकार्यालय का शुभारंभ टोटेमिक कुरमी/ कुड़मी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार जी फीता काटकर शुरूआत किया। इस मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष शिशुपाल महतो , केंद्रीय संगठन सचिव रघुनाथ महतो, रांची जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र महतो,सिल्ली के प्रभारी शशि रंजन महतो, जितेन महतो, रंजीत सिंह, डॉ पशुपति महतो, घनेश्याम महतो, रविंद्र नाथ महतो, आदि लोग उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी का हुआ विशाल चुनावी जनसभा

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 30 अगस्त डुमरी उपचुनाव बेहरासुईयाडीह पंचायत और बड़कीबेरगी पंचायत के बीच मांझीलाडीह मैदान पर एनडीए गठबंधन आजसू पार्टी का विशाल चुनावी जनसभा हुआ। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने लोगों को यसोदा देवी को भारी मतों से विजय बनाने के लिए केला छाप पर वोट देने के लिए आग्रह किया और कहा इस बार डुमरी विधानसभा में परिवर्तन की लहर दौड़ चुकी है।मौके पर राज्यसभा सांसद डुमरी विधानसभा प्रभारी आदित्य प्रसाद साहू,पूर्व मंत्री और केंद्रीय महासचिव आजसू पार्टी रामचंद्र सहिस,आजसू पार्टी केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत,बेहरासुईयाडीह पंचायत प्रभारी पारसनाथ उरांव,आदि थे ।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन

### रक्षाबंधन के मौके पर राखी बनाओ और मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में रक्षाबंधन त्यौहार की पूर्व संध्या पर रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम मे स्कूल के बच्चो के बीच राखी बनाओ और मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।राखी बनाओ प्रतियोगिता में शिशु वर्ग,बाल वर्ग,किशोर वर्ग और तरुण वर्ग के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक आकर्षक और मनमोहन राखी बनाया।जिसके बाद स्कूल की छात्राओं ने छात्रों के हाथो पर राखी बांधा।वही कन्या भारती आचार्य प्रमुख अंजु झा ने आचार्य सोनिका देवी, राजेश्वरी सिन्हा,वीणा देवी, नीलम कुमारी के सहयोग से मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें एक दुसरे के हाथों मे एक से बढ़कर एक और सुंदर मेहंदी लगाई गई।राखी बनाओ प्रतियोगिता में शिशु वर्ग से परी रानी,बाल वर्ग से उज्जवल कुमार और किशोर वर्ग से रोशनी कुमारी प्रथम स्थान पर रही।वही मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में शिशु वर्ग से ताली कुमारी,बाल वर्ग से नंदनी कुमारी, किशोर वर्ग से अंशु



कुमारी और तरूण वर्ग से उमा भारती प्रथम स्थान पर रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य गणेश कुमार महतो ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूल के छात्र-छात्राओं में कलात्मक और रचनात्मक कौशल का विकास करना है। उन्होंने स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को रक्षाबंधन की बधाई देते हुए आगे भी इस तरह के प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल,क्षेत्र और अपने राज्य का नाम रोशन करने की अपील की।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और बच्चे मौजूद थे।

# न्यु उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में राखी बनाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में रक्षाबंधन के मौके पर राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम मे स्कूल के कक्षा एक से कक्षा दसवीं तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंग बिरंगी आकर्षक और सुंदर राखी बनाया।बच्चों के बेहतर कलात्मक राखियों की प्रदर्शनी ने सभी का मन मोह लिया।राखी बनाओ प्रतियोगिता में छात्रों को तीन समूह में बांटा गया था।समूह ए में कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक समूह बी में कक्षा प्रथम से पंचम तक तथा समूह सी में कक्षा छः से दसवीं तक के बच्चे शामिल हुए।प्रतियोगिता मे कक्षा एक से पांच तक मे अभिजीत



महतो प्रथम,रिया टाना भगत द्वितीय और अनिश उंराव एंव मनीष उंराव संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहा।वही कक्षा छः से दस तक मे सबिना कुमारी और सोनी कुमारी प्रथम,प्रिती टोप्पो और आरती कुमारी द्वितीय एंव सादिया प्रवीण तृतीय स्थान पर रही।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के निदेशक मोहम्मद साहिल ने कहा कि विद्यालय में समय समय पर इस तरह के प्रतियोगिता को आयोजन किया जाता है,जिससे बच्चो का मनोबल बढ़ता है।उन्होंने बच्चों से बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल का नाम रोशन करने की अपील।इस मौके पर स्कूल की प्राचार्य ताका नारो जमीर,उप प्राचार्या विलाशिनी राज,निदेशक मो. साहिल सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

### बाबा भोलेनाथ धाम गगारी में सावन पूर्णिमा पर लगा मेले में उमड़ी भीड़

# इसे प्रर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा : सांसद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** बाबा भोलेनाथ धाम गगारी पहाड़ मनोरम खुबसूरत वादियों से भरा पटा है। इसमें प्रर्यटन की असिम सम्भावनाए है,से प्रर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का संकल्प लेता हूं उक्त बातें ओरमांझी प्रखंड के गगारी पहाड़ के बाबा भोलेनाथ धाम गगारी पहाड़ परिसर में सावन पूर्णिमा के उपलक्ष्य में पुजा समिति गगारी द्वारा आयोजन मेले में लोगों को संबोधित करते हुए रांची सांसद संजय सेठ ने कहा उन्होंने आगे कहा प्रर्यटन क्षेत्र बनने से सैकड़ों लोगों को यहां से रोजगार भी मिलेगा साथ ही सांसद ने बाबा भोलेनाथ से जल्द वारिश कर किसानों के मुख पर मुस्कान भरने की कामना किए।इसके अलावा खिजरी विधायक राजेश कच्छप ,पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी बेदिया विकास परिषद उपाध्यक्ष जितनाथ बेदिया भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता पूर्व उपप्रमुख जयगोविंद साहू युवा सरना समिति अध्यक्ष अशोक मुण्डा आदि ने भी संबोधित किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र बेदिया, दिपेश



बेदिया व देवनारायण महतो ने संयुक्त रूप से किया।मेले का मुख्य आकर्षण का केंद्र नागपुरी आर्केस्ट्रा रहा। जिसके गानों में उपस्थित हजारों लोग झुमते रहे। पुरा मेला परिसर मिठाईया खिलौना आदि दुकानों से भरा पटा था, इसके सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष गोवर्धन बेदिया सचिव लक्ष्मण गझू कोषाध्यक्ष लालू बेदिया संरक्षक व पंचायत के मुखिया धनराज बेदिया शिवटहल नायक जितेन्द्र बेदिया महेन्द्र महतो बृजलाल बेदिया साधो उरांव लक्ष्मन उरांव गौरीशंकर नायक बालेश्वर उरांव आदि थे।

# देश के प्रति टाना भगतों का समर्पण बेहद प्रासंगिक आदर्श और महत्वपूर्ण है : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड खक्सीटोला के स्मारक स्थल और महादानी मैदान में टाना भगत मुक्ति दिवस के तहत् कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सह झारखंड समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, टाना भगत विकास परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगा टाना भगत व अन्य अतिथियो द्वारा झंडोत्तोलन व दीप जला कर किया गया। इसके पूर्व टाना भगत शहीद स्थल खक्सी टोली में अंकित शिलालेख पर माल्यार्पण किया गया,वीर जतरा टाना भगत के मुर्ति व स्वंत्रता सेनानी शिला लेख में श्रद्धा सुमन अर्पित किया।समारोह को संम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह झारखंड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने कहा कि देश के प्रति टाना भगतों का समर्पण बेहद प्रासंगिक, आदर्श और महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के बताये रास्ते



पर चलते हुए टाना भगतों ने हमेशा अहिंसा धर्म का पालन किया है। स्वतंत्रता संग्राम में सफलतापूर्वक भाग लेनेवाले टाना भगतों पर उनके सीधे-सादे व्यवहार और भोलेपन के कारण होनेवाले किसी भी अन्याय को बर्दास्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने महान स्वतंत्रता सेनानियों व टाना भगतों के ऐतिहासिक स्थलों एवं स्मारकों के विकास के लिए तीन महत्वपूर्ण योजनाओं की स्वीकृति दिया है, जो ऐतिहासिक के साथ ही बहुत ही सराहनीय कदम है। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज महात्मा गांधी के विचारों से टाना भगत समुदाय जिस प्रकार से गहराई से जुड़ा है वह सभी के लिये आदर्श है। टाना भगत समुदाय के युवाओं को अपने समाज की समस्याओं को मुखरता और प्रमुखता से सामने लाना चाहिये।केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगा टाना भगत सहित कई वक्ताओं ने अपनी बात रखी। मौके पर बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार,उप प्रमुख मोद्दसिर हक,जिला परिषद सदस्य बेरोनिका केरकेट्टा, करमा उराँव, सुनिल कच्छप, आदि थे ।

## सांसद व विधायक द्वारा रांची पुरुलिया पथ का शिलान्यास

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची सांसद संजय सेठ एवं खिजरी विधायक राजेश कच्छप के करकमलों द्वारा झारखण्ड सरकार के पथ प्रमण्डल, रांची (ग्रामीण) अन्तर्गत रांची-पुरुलिया पथ (नामकुम आर.ओ.बी. से अनगड़ा सेक्शन) चार लेन डिवाईडेड कैरिजवे में चौड़ीकरण कार्य (पुलों के निर्माण, युटिलिटी शिफिटंग एवं रिसेटमेंट और रिहैबिलिटेशन सहित) योजना की शिलान्यस दुर्गा सोरेन चौक लोवाडीह पर किये। सभा को सम्बोधित करते हुए विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि हमारी गठबंधन की सरकार निरंतर जनहित में कार्य कर रही है। पथ की चौड़ीकरण हो



जाने से दुर्घटना की कमी होगी। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि पथ की लम्बाई 17.700 किमी., चौड़ाई 20 मीटर, जिसमें 02 पुल एवं 18 पुलियाओं तथा नाली की लम्बाई 28005 मीटर की होगी। योजना की लागत 1,57,26,74,892 की लागत से बनेगी। योजना को दो वर्ष में पूरी की जायेगी। मौके पर पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश किरण महतो, पूर्व पार्षद कुलभूषण डुंगडुंग, विधायक प्रतिनिधि रंजीत बड़ाईक, अनगड़ा विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अनगड़ा एतवा उरांव, दीपक राणा, चमन रजक, शिवदास गोस्वामी, यूनुस अंसारी, बीरु साहू, मंटू लाला, बंशीधर ठाकुर, साकिर अंसारी, सुनील उरांव, पंचू तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह,बिरसा पाहन, अर्चना मिश्रा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय फुटबॉल टुर्नामेंट फाइनल मैच संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के तुतलो नवाटांड़ में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का बुधवार कोफाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो उपस्थित थे। मैच चापाटोली रातु बनाम बोण्डो मांडर के बीच खेला गया। जिसमें चापाटोली रातु ने बोण्डो मांडर को 2-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। मौके पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि तुतलो के इस पावन धरती पर फुटबॉल टुर्नामेंट के माध्यम से आपसी सौहार्द को बरकरार रखते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों मे प्रतिभा कूट-कूट कर भरा होता है लेकिन बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि हमारे मांडर विधानसभा क्षेत्र मे एक भी स्टेडियम नही है। जहां खिलाड़ी गण जाकर प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने खेल को निखार कर भारतीय टीम के लिए खेल सके। अगर भविष्य मे मुझे मांडर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा तो मांडर विधानसभा क्षेत्र मे आधुनिक सुविधायुक्त स्टेडियम बनवाएंगे और क्षेत्र के खिलाड़ियों के एक अच्छा कोच रखकर प्रशिक्षण दिलवाएंगे। मौके पर तुतलो पंचायत के मुखिया गंगी कुमारी, विरेन्द्र उरांव, कुलदीप उरांव, प्रधानाध्यापक मंगरा उरांव, पूर्व मुखिया सुनील उरांव, तबारक अन्सारी, अमानत अन्सारी, वकील अन्सारी, नौशाद अन्सारी,प्रवेज अंसारी, उपाध्यक्ष महताब अंसारी, जहीर अंसारी, प्रदीप उरांव, फैज आलम, नसीम अंसारी, अबरार आलम, अफरोज अंसारी, मुमताज अंसारी, जितेश उरांव सहित काफी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

## तालीमी मुजाहिरा व इस्लाह ए मुआशरा का किया गया आयोजन

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**इटकी :** मदरसा दिनिया अरबिया गुलाम टोली में मंगलवार की शाम तालीमी मोजाहिरा व इस्लाह ए मुआशरा कार्यक्रम को संबोधित करते यूएनओ के शांति एम्बेसडर स्वामी विश्व आनंद ने कहा कि शिक्षा इंसान की पहचान , के साथ वह हुनर है जो कभी कोई छीन नहीं सकता है, इस्लाम मे पैगम्बर मुहम्मद (सअस) ने 14 सौ साल पहले हर व्यक्ति को शिक्षा जरूरी बताया है। उन्होंने गर्न्थो के श्लोगन का उल्लेख्य करते हुये कहा भारत देश धर्मनिरपेक्ष देश है हिन्दू मुस्लिम सिख, ईशाई, रहते है । भारत राष्ट्र हिन्दू राष्ट्र का सपना बेकार है। ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड के जनरल सेक्रेट्री अल्लामा बुनाई हसनी ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस्लाम में कुरान अमन का पैगाम देता है, मदरसों में इंसानियत की सिख दी जाती है , उन्होंने सभी को अपने बच्चों को तालीम हासिल करने पर बल दिया। कार्यक्रम को सुप्रीम कोर्ट के वकील सह राजद के केंद्रीय उपाध्यक्ष अमजद खान, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, उलेमा बोर्ड कोलकाता के सचिव (महिला)अरमिना शहाब उड़ीसा के मो अली, उलेमा बोर्ड आईटी सेल के इंचार्ज मिस्टर अमित रॉय, उर्दू अमीन अखबार के संपादक मो नौशाद, अब्दुल कलाम, सहित अन्य ने संबोधित किया. धन्यवाद ज्ञापन मदरसा के मोहतमिम कारी अमीनुद्दीन ने किया।मौके पर मदरसा के सेक्रेटरी रकीब अंसारी, तैयब अंसारी, वसीम इकबाल, मौलाना अंसार, मौलाना सईद सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

**शुद्धि पत्र**

पत्रांक – 715 /गढ़वा, दिनांकः– 29.08.2023

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित PR. No.- 304505 Minor Irrigation(23-24).D निविदा आंमत्रण सूचना संख्या– 04-F2/2023-24 में तकनीकी कारण से आंशिक संशोधन कंडिका– 5.2 में Tender not accompanied with required Earnest Money in the prescribed manner shall be rejected outright and will not be evaluated. किया गया है तथा निविदा प्राप्त एवं खुलने और अग्रधन जमा करने की दिनांक में निम्नलिखित संशोधन किया गया हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2023 05:00 PM |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.09.2023 11:00 AM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.09.2023 03:00 PM |

अन्य शर्तें पूर्ववर्त रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 305853 Minor Irrigation (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

पत्रांक – 717/गढ़वा, **शुद्धि पत्र** दिनांकः– 29.08.2023

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित PR. No.- 304514 Minor Irrigation(23-24):D निविदा आंमत्रण सूचना संख्या– 06-F2/2023-24 में तकनीकी कारण से आंशिक संशोधन कंडिका– 5.2 में Tender not accompanied with required Earnest Money in the prescribed manner shall be rejected outright and will not be evaluated. किया गया है तथा निविदा प्राप्त एवं खुलने और अग्रधन जमा करने की दिनांक में निम्नलिखित संशोधन किया गया हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2023 05:00 PM |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.09.2023 11:00 AM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.09.2023 03:00 PM |

अन्य शर्तें पूर्ववर्त रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 305855 Minor Irrigation(23-24)#D

**Jhumritelaiya Nagar Parishad, Koderma, Jharkhand E Procurement**

**Notice (Very Short Notice Inviting Tender)**
**NIT No. - JMT/08/2023-24(2nd call)**
**Date: - 30.08.2023**

| Sl No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Request for Proposal for Selection of Bidder for "Bioremediation and Clearing of Legacy Waste (Scientific Dumpsite Land Reclamation through Biomining and Resource Recovery) at Existing Dumpsite Under Municipal Council Jhumritelaiya |
| 2 | Mode of Submission | e-tendering https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app |
| 3 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 4,60,21,093/- (Rupees Four Crore Sixty Lac Twenty One Thousand Ninety Three Rupees Only) |
| 4 | Tender Fee (Rs.) | Rs. 10,000/- ( Rupees Ten Thousand Only) |
| 5 | Bid Security (Rs.) | Rs. 4,60,500/- ( Rupees Four Lac Sixty Thousand Five Hundred Only) |
| 6 | Time of Completion | 5.3 Months |
| 7 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 08.09.2023 at 3:00 PM |
| 8 | Date of Pre-Bid Meeting | 16.09.2023 at 4:00 PM |
| 9 | Last Date/Time for receipts of Bids Online | 21.09.2023 at 5:00 PM |
| 10 | Date of Receiving Hard Copy of Earnest Money & Cost of Tender Fee | Upto 22.09.2023 at 5:00 PM at Office of Nagar Parishad Jhumritelaiya. |
| 11 | Opening of Pre-Qualification/ Technical Bids | 23.09.2023 at 3:00 PM |
| 12 | Opening of Financial Bids | Will be communicated later |
| 13 | Name & Address of Officer Inviting Tender | Administrator, Jhumritelaiya Nagar Parishad, Jharkhand |
| 14 | Contact no. of Procurement Officer | 9798062988, 9693145111 |

**Note: -** (i) Only e- tenders will be accepted. Further Details can be seen on website https://jharkhand tenders.gov.in /nicgep/app
(ii) Contractor should be registered in appropriate class as per NIT
(iii) Estimated Cost/Quantity may vary

Sd/-
Administrator
Jhumritelaiya Nagar Parishad

PR305923 (Urban Development)23-24*D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, सिमडेगा**

**भारतीय वायुसेना द्वारा आयोजित भर्ती अभियान विषयक विवरणी**
**Airmen- Group 'Y' (Non-Technical) [Medical Assistant Trade] भर्ती हेतु विज्ञापन**

स्थल : भारतीय वायुसेना स्टेशन, बरैंकपुर, उ० 24 परगणा, पश्चिम बंगाल
अभ्यर्थियों के रिपोटिंग हेतु समय : चिन्हित दिवस को पू० 6.00 बजे तक।

**भर्ती के हेतु जानकारी**

| क्र० सं० | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता | अन्य योग्यता | आयु | अभियान दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेडिकल असिस्टेंट | 10+2 (फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायोलॉजी एवं अंग्रेजी के साथ। | 1. कुल गुणसंख्या 50% से अधिक 2. अंग्रेजी में गुणसंख्या 50 से अधिक | जन्म तिथि 26.12.1999 से 26.12.2004 तक | 15.09.2023 |
| | | डिप्लोमा/बी०एस०सी० फार्मसी | आवेदक का राज्य फार्मसी काउन्सिल अथवा फार्मसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया में वैध पंजीकरण। | जन्म तिथि 26.12.1999 से 26.12.2002 तक | 18.09.2023 |

**अभ्यर्थियों का (पुरुष) अविवाहित होना आवश्यक है।**

अधिक जानकारी हेतु www.airmenselection.cdac.in पर जायें।

ह०/–
जिला नियोजन पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 305849 Labour Employment and Traning (23-24)_D

**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, राँची।**
**अनुबंध आधारित Guest Faculty से संबंधित सूचना**

निदेशालय पत्रांकः–606, दिनांकः–19/04/2023 के अनुपालन में महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, राँची में व्यवसायः– COMPUTER OPERATOR AND PROGRAMMING ASSISTANT (COPA) में सफल प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु घंटी आधारित Remuneration पर Guest Faculty के रूप में प्रशिक्षण अधिकारियों की नियुक्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थी दिनांकः–13/09/2023 तक अपना आवेदन स्पीड पोस्ट/हाथोंहाथ कार्यालय में जमा कर सकते हैं, जिसकी अर्हताएं निम्नांकित हैः–

| Sl. No. | Name of the post | No. of post | Trade | Qualification Required |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | Training Officer | 01 | COMPUTER OPERATOR AND PROGRAMMING ASSISTANT (COPA) | B.Voc/Degree in Computer Science/ IT from AITCE/UGC Recognized University with one year experience in the relevant field. OR Post Graduate in Computer Science /Computer Application / IT from UGC Recognized University or NIELIT B Level with one year experience in the relevant field. OR Bachelor in Computer Science / Computer Application / IT OR PGDCA from UGC recognized University or NIELIT A Level with two year experience in the relevant field. OR 03 years Diploma in Computer Science / IT from recognized Board/ Institute or relevant Advanced Diploma (Vocational) (ADIT) from DGT with two year experience in the relevant field. OR NTC/NAC in COPA or any trade in IT-ITeS sector trade with three year experience in the relevant field. **Essential Qualification:** Relevant Regular / RPL variants of National Craft Instructor Certificate (NCIC) under DGT. |

नोटः–
1. नियुक्ति हेतु CITS उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
2. यह नियुक्ति पूर्णतः औपबंधिक है, जिसके आधार पर भविश्य में स्थायी करने हेतु किसी भी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
3. Guest Faculty को प्रति घंटे के आधार पर निम्नवत्त Remuneration प्रदान किया जायेगाः–

| | | |
|---|---|---|
| (a) | First hour of teaching of CTS Courses | Rs. 200/- |
| (b) | Second hour of teaching of CTS Courses | Rs. 150/- |

उपरोक्त पारिश्रमिक राशि निम्न शर्तों के साथ देय होगाः–
क) प्रतिदिन अधिकतम रू० 500/– (पाँच सौ) मात्र देय होगा।
ख) एक महिना में अधिकतम 20 दिन कार्य दिवस होगा अर्थात् एक महिना में अधिकतम रू० 10,000/– (दस हजार) मात्र देय होगा।

पत्राचार का पताः– **Principal, Govt. Women ITI, Ranchi, Itki Road, Hehal, Ranchi, Jharkhand-834005.**
*आवेदन फार्म **https://iti.jharkhand.gov.in/ITIs/GR20000012/index.aspx** से डाउनलोड किया जा सकता है।

Sd/-
प्रभारी प्राचार्य महिला औ० प्र० संस्थान, राँची।

PR 305850 Labour Employment and Traning(23-24)D

## ऑल इंडिया पुना महतो मेमोरियल आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन



**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चिटाही फुटबॉल ग्राउंड में ऑल इंडिया पुना महतो मेमोरियल आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन पुरुलिया भाजपा सांसद ज्योतिमय सिंह महतो एवं बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने संयुक्त रूप से विधिवत उद्घाटन किया शमयिता क्रिरांगन बांकुड़ा एवं एस बी एस टी सी दुर्गापुर के बीच खेला गया जिसमें, एस बी एस टी सी दुर्गापुर शानदार खेल खेलते हुए 6/1से विजय घोषित किए गए मौके पर गोविंदपुर एरिया 3 के जीएम जीसी शाह भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा शत्रुघ्न महतो गौर चन्द बाउरी महेश पासवान बच्चू राय राकेश सिंह उत्तम गायली सुजीत गयाली अनील उपाध्यक्ष बिनोद सिंह बिट्टू चौहान सुभाष लोद समीर पाल काजल पाल संजीव पाल राजेश सिंह गौतम गण डाब्लू तिवारी मुन्ना चौहान भीम कर्मकार राजकुमार चौहान अजय साव के अलावा कमिटी के सभी सदस्य मौजूद थे।

## बच्चों ने प्राचार्या की कलाई पर राखी बांध रक्षाबंधन मनाया



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई, धनबाद में अंतर सदनीय राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पहली से दसवीं तक के छात्र -छात्राओं ने बढ़ चढ़कर अपने-अपने सदन के लिए भाग लिया। बच्चों ने जिस बड़े उत्साह एवं लगन के साथ राखियाँ बनायी, उससे उनके रचनात्मकताऔर भावनात्मकता को महसूस किया जा सकता है। कुछ बच्चों ने प्राचार्या की कलाई पर राखी बांधकर प्यार का त्योहार रक्षाबंधन मनाया। बच्चों के रचनात्मक कार्य को देखकर अपनी खुशी प्रकट करते हुए कहा कि बच्चों में कार्यात्मक क्षमता कूट-कूट कर भरी हुई है। उसे सही दिशा देने की जरूरत है। प्रथम श्रेणी से रुत्विक कुमार को प्रथम, सनाया कुमारी प्रसाद को द्वितीय, पारितोष कुंडू को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। द्वितीय श्रेणी से शिवराज को प्रथम, एमडी आसिफ आलम को द्वितीय तथा सांगवी को तृतीय स्थान मिला। कक्षा तृतीय से पांचवी तक से फिजा प्रवीण को प्रथम राजदीप देवनाथ को द्वितीय, नैसी और राजेश को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कक्षा छठी से आठवीं तक में सिद्धि कुमारी को प्रथम, दानेश्वर,अनुष्का मुखर्जी एवं आलोक को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा खुशी प्रिया और वैभव कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कक्षा नवी-दसवीं श्रेणी से मोहिनी कुमारी को प्रथम, करणवीर को द्वितीय तथा दीक्षा सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## राखी बनाओ और राखी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सेंट जेवियर्स स्कूल शालीमार के प्रांगण में स्कूली बच्चों ने राखी बनाओ और राखी सजाओ प्रतियोगिता में भाग लिया। नर्सरी क्लास से क्लास 8 तक के बच्चों ने रंग बिरंगी राखियां बनाई और प्रतियोगिता में भाग लिया। स्कूल के निर्देशक आर पीटर शाह और प्रार्चाय पुनीत शाह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बच्चों के बीच राखी बनाने का प्रतियोगिता होता है। जिसमे अभिभावकों का काफी सहयोग मिलता है और बच्चे उत्साह पूर्वक अपने हाथों से राखियां बनाकर प्रतियोगिता में भाग लेते हैं। छात्रों को आइसा परवीन, ममता शर्मा, सीमा दास, कोमल कुमारी, प्रीति कुमारी, पम्पा गुहा ने मार्गदर्शन किया है। प्रतियोगिता में नर्सरी कक्षा से कक्षा आठ तक के छात्राएं को दो ग्रुप में बाटा गया। ग्रुप ए में नर्सरी से कक्षा चार की छात्राएं वही ग्रुप बी में कक्षा चार से कक्षा आठ की छात्राएं शामिल थी। ग्रुप ए में प्रथम रानी कुमारी, द्वित्य अदिति कुमारी, तृतीय महिमा कुमारी वहीं ग्रुप बी में प्रथम रुकसार परवीन, दुतीय पायल सिंह, तृतीय मनीषा कुमारी रही। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक आर पीटर साह ने कहा कि राखी भाई बहनों का मुख्य त्योहार है। जिसमे हमारी देश की संस्कृति झलकती है। छात्राओं द्वारा बनाई गई राखी को बॉर्डर पर देश की सेवा में खड़े जवानों के लिए भेज दिया गया है।

## कोर्ट ने जमानत के बदले पांच पौधे लगाने का दिया अनोखा आदेश



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह कोर्ट के आदेश पर नया प्राथमिक विद्यालय खास झरिया में मो. रियाज खान ने पांच फलदार पौधा लगाया एवं इसे पाल पोश कर बड़ा करने का संकल्प लिया। झरिया के रियाज खान पर किसी कंपनी पर पैसे का लेन देन में चेक की गड़बड़ी का आरोप था जिसकी जानकारी वर्षो बाद रेयाज को कोर्ट नोटिस मिलने के बाद हुई। कोर्ट ने पांच पौधा लगाने की शर्त पर जमानत दिया। रियाज ने झरिया में युथ कॉन्सेप्ट संस्था से सम्पर्क कर पौधरोपण किया। युथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए यह अच्छा पहल है। ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह ने कहा कि अदालत ऐसी सजा सब को सुनाए तो पर्यावरण संरक्षण आसान हो सकता है। मौके पर फ़िज़ियोथेरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह, अखलाक अहमद, भूपेंद्र, मो रियाज़ प्रियंका श्रवण आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने की राजस्व विभाग की साप्ताहिक समीक्षा

# हर हफ्ते प्रगति हासिल कर लंबित मामलों को निपटाने का निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज राजस्व विभाग की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों से म्यूटेशन के लंबित मामलों, म्यूटेशन रिजेक्ट करने वाले कारणों, सरकारी योजनाओं में भूमि स्थानांतरण, रिवेन्यू कोर्ट, भूमि अधिग्रहण, जीएम लैंड में अतिक्रमण, अवैध जमाबंदी समेत अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने म्यूटेशन में आने वाली समस्या और मामलों के लंबित होने के कारणों एवं रिजेक्शन की बारिकी से समीक्षा की। उन्होंने जल्द से जल्द सभी लंबित मामलों को निपटाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अंचलाधिकारी समय के साथ अपने-अपने कार्यों का निपटारा करें ताकि एक बार अधिक कार्य का लोड ना हो और आम जनता का कार्य समय से पूरा हो। साथ ही उन्होंने कहा की सभी अंचल अधिकारी अपने रिसोर्स का सही तरीके से प्रयोग करें ताकि जितने भी लंबित कार्य हैं उसका समय से निष्पादन हो सके। बैठक के दौरान उपयुक्त में ई समाधान पोर्टल पर आए आवेदन एवं जनता दरबार में आने वाले शिकायतों की भी सभी अंचल अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने कहा की सभी अंचलाधिकारी आम जनता की समस्याओं को सुने एवं उन्हें सही रास्ता दिखाने का भी कार्य करें। ताकि उन्हे दफ्तरों के चक्कर न लगाना पड़े। वहीं क्षेत्र में बढ़ रहे आपराधिक घटना पर लगाम लगाने के लिए चिन्हित अपराधियों पर कार्रवाई करने को निर्देशित किया, ताकि आम जनता का विश्वास प्रशासन पर बना रहे। रिवेन्यू कोर्ट के मामलों पर उपायुक्त ने नियमित समीक्षा करने एवं चरणबद्ध तरीके से विवरण तैयार कर मामले का निपटारा करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सरकारी योजनाओं के लिए समय पर भूमि स्थानांतरण करने, लैंड एक्विजिशन में तेजी लाने का निर्देश दिया। राजस्व की बैठक के उपरांत उपायुक्त ने कोल कंपनी एवं अंचलाधिकारियों के साथ योजनाओं में आ रही समस्याओं से संबंधित बैठक की।

## निरंजन तांती हत्याकांड के तीन आरोपी यूपी से गिरफ्तार



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** निरंजन तांती हत्या केस में नामजद आरोपी कैलाश धिक्कार (40), करण धिक्कार (19) और मुख्य आरोपी दुखहरनी देवी (35) को इनके पैतृक निवास उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। यह जानकारी सिंदरी एसडीपीओ अभिषेक कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के झरिया थाना क्षेत्र के सिंह नगर स्थित गुलगुलिया पट्टी में 19 जनवरी को धनंजय यादव गुट और रामबाबू धिक्कार गुट में खूनी संघर्ष हुआ था। इसमें निरंजन तांती की मौत हो गई थी। इस मामले में आरोपित तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं एक अगस्त को धनंजय यादव के घर में घुसकर की गई हत्या के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। सिंदरी के एसडीपीओ ने बताया कि झरिया पुलिस की एक टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर इन्हें गिरफ्तार किया है। तीनों को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि धनंजय यादव कांड में विक्की वर्मा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। दोनों कांड के नामजद आरोपी राम बाबू धिक्कार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिंदरी एसडीपीओ अभिषेक कुमार, झरिया थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, मुकेश सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## कई थाना प्रभारियों का तबादला, महेश चंद्र बने भूली ओपी प्रभारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** एसएसपी संजीव कुमार ने कई थानों के प्रभारियों को इधर से उधर किया है। इनमें कुछ को पहली बार पदभार मिला तो कुछ को ओपी और थाना दी गई है। इसमें पाथरडीह थाना प्रभारी अभय सिंह को निरसा अनुमंडल का कालूबाथन ओपी के प्रभारी बनाये गए है। जबकि साइबर थाना के एसआई विरेंद्र कुमार को गौशाला ओपी की कमान सौपी गई है। वही धनबाद पुलिस लाइन में तैनात महेश चंद्र को भूली ओपी की कमान सौपी गई है। इधर बी एन सिंह को पुटकी से पाथरडीह ओपी की कमान सौपी गई है। जबकि महिला थाना के एसआई पूजा कुमारी को महिला थाना के नए प्रभारी बनाया गया है।

## गिरिडीह : धूमधाम से मनाई गई लव-कुश जयंती समारोह

### कार्यक्रम में महिलाओं ने दिखाई एकजुटता

पप्पु कुमार@प्रभात मंत्र

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में बुधवार को सावन पूर्णिमा के अवसर पर हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी कुशवाहा छात्रावास सिहोडीह में लव - कुश जयंती समारोह कार्यक्रम कुशवाहा संघ गिरिडीह जिलाध्यक्ष इंद्रनारायण प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। जिसका संचालन कुशवाहा संघ के जिला कार्यकारी अध्यक्षद्वय दिगंबर दिवाकर और मुन्ना कुशवाहा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जिप अध्यक्षा मुनिया देवी एवं कुशवाहा संघ के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता पूरन महतो ने संयुक्त रूप



से भगवान लव - कुश और भगवान बुद्ध के साथ - साथ भारत की प्रथम शिक्षिका ज्योतिबा फुले, पूर्व सांसद स्व. रीतलाल वर्मा, पूर्व सांसद टेकलाल महतो तथा कुशवाहा समाज के आधारस्तंभ स्व. जगदीश कुशवाहा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया । वही इसके पूर्व संघ एवं समाज के लोगों ने मुख्य शहर स्थित जननायक रीतलाल वर्मा चौक पर स्थापित स्व. रीतलाल वर्मा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और साथ ही समारोह स्थल में कुशवाहा संघ के संरक्षक तिलक महतो के द्वारा झंडोतोलन भी किया गया . समारोह में भगवान लव-कुश को याद किया गया और उन्हें साक्षी मानकर समाज से दहेज प्रथा, दहेज हत्या, तलाक प्रथा,बाल विवाह, बहु उत्पीड़न जैसी सामाजिक कुरीतियों को जड़ से उखाड़ फेंकने तथा अर्द्धनिर्मित कुशवाहा छात्रावास भवन का निर्माण कार्य पूर्ण करते हुए वहाँ भव्य चारमंजीला छात्रावास भवन बनाने का संकल्प लिया गया । उक्त समारोह में पिछले एक वर्ष के दौरान नौकरी प्राप्त करने वाले समाज के युवाओं, मेधावी छात्राओं ,किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों के साथ-साथ छात्रावास निर्माण हेतु बड़ी राशि का सहयोग करने वालों को सम्मानित किया गया ।

# धनबाद : सोनार्डीह ओपी क्षेत्र में धड़ल्ले से जारी कोयले की अवैध उत्खनन व तस्करी

सुभाष मिश्रा@प्रभात मंत्र

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के पुलिस कप्तान के लाख चाहने के बाद भी बाघमारा प्रखंड अंतर्गत सोनार्डीह क्षेत्र में अवैध उत्खनन कर कोयले की तस्करी इन दिनों भी जारी है। बताया जाता हैं की सोनार्डीह के आस पास इलाको में पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण दिशा में भिड़ भाड़ इलाको के बीचो बीच कोयला तस्करों द्वारा बड़े पैमाने पर बोकारो, जामताड़ा और अन्य जगहों से गरीब मजदूरों को लाकर कोयला का अवैध उत्खनन करवाया जा रहा है।



चर्चा है की कोयला तस्कर का एक आदमी कॉलोनी में अवैध रूप से बीसीसीएल आवास को कब्जा कर अपनी दुकानदारी चला रहा है। वही दिन के समय में सोनार्डीह के खुले मैदान में बीसीसीएल आवास के सामने खाली ट्रेको को रखा जाता हैं। रात होने पर वही ट्रक अलग अलग अवैध उत्खनन स्थानों में जाकर कोयला लोड मजदूरों से करवा कर डेहरी ऑनसन के अलावा बिहार के अन्य जगहों में कोयला को टपाया जाता हैं। सोनार्डीह के एक आम जनता ने अखबार में नाम नही छापने के शर्त में बताया की कोयला का अवैध उत्खनन तो इलाके में होता ही है और छोटे मोटे हादसे भी होते रहता है जिसको सबकी मिली भगत से साल्ट लिया जाता हैं। ज्ञात हो कि धनबाद जिला के सोनार्डीह इलाके में कभी भी एक बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### एसएसबीडी क्लब द्वारा फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

## कुमार गौरव व वसीम खान ने दी विजेताओं को ट्रॉफी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरमसिया फुटबॉल ग्राउंड में एसएसबीडी क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में मुख्य अथिति के रूप में युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कुमार गौरव ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनका मनोबल बढ़ाया। मौके पर धनबाद युवा कांग्रेस के जिला महासचिव वसीम खान, धनबाद छात्र युवा मंच के अध्यक्ष विवेक गुप्ता, जिला सचिव नीरज कुमार आदि मौजुद थे। सभी ने खिलाड़ियों और कार्यक्रम के आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## युवा कांग्रेस के महासचिव वसीम खान के नेतृत्व में "यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो" कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** डुमरियाटांड में धनबाद जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव की उपस्थिति एवं युवा कांग्रेस के महासचिव वसीम खान के नेतृत्व तथा जिला महासचिव विक्की कुमार के संचालन में ÷यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इंजमाम आलम, दानिश खान, अली दानिश, जया आलम, राजा खान, अनिमेष झा, अश्विनी झा, रौनक खान, मो मुशर्रफ, जीशान आलम, रेहान खान, प्रिंस खान, शाहबाज, आफताब, दाऊद खान सहित सैकड़ो युवाओं ने युवा कांग्रेस का दामन थामा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के सचिव वैभव सिन्हा, महासचिव रविन्द्र वर्मा, अशोक साव, मो आलम, जिला युवा कांग्रेस के महासचिव विक्की कुमार, सोनू यादव, वसीम खान, दाऊद खान, डेनियल खान, समीर खान, जीशान खान, सोहेब खान, चांद खान, आजाद खान, आतिफ खान, आकाश कुमार, विशाल कुमार आदि उपस्थित थे।

### लोयाबाद थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध कोयले का कारोबार शुरु

## थाना प्रभारी राजन राम को निलंबित की जाए : बिरेंद्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** लोयाबाद कांग्रेस इंटक प्रदेश सचिव सह बिरेंद्र पासवान ने ई समाधान के जरिए ऑनलाइन आवेदन देते हुए धनबाद एसएसपी संजीव कुमार और धनबाद उपायुक्त को लिखा है कि पिछले महीने हमारे उपर कोयला माफिया के गुंडों ने थाना के बगल में जानलेवा हमला किया था जिसमे अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। लोयाबाद थाना क्षेत्र में अवैध कोयले का कारोबार बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है जिसकी सुचना हमने सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक कर दी थी, फिर भी अवैध कोयले के करोबार पर अंकुश नहीं लगा।

सुत्र बताते हैं कि जिस दिन



लोयाबाद थाना के चौकीदार रामजी के उपर जान लेवा हमला हुआ था उस रात्रि में भी दो ट्रक अवैध कोयला डिपो से लोड किया गया था। लोयाबाद के मदीनाडीह में अवैध कोयला डिपो चल रहा है। वहीं लोयाबाद के सेंन्द्रा से कोयला चोर मारुति वैन के जरिए कोयला को रात्रि में अवैध कोयला डिपो में पहुंचा कर मालामाल हो रहें हैं। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार को करोड़ों रुपए का नुक़सान कर रहे हैं कोयला माफिया। ऐसा प्रतीत होता है कि धनबाद एसएसपी संजीव कुमार के आदेशों का उलंघन कर निजी स्वार्थ के लिए लोयाबाद थाना प्रभारी राजन राम कोयला माफिया, कोयला चोर एवं हमारे उपर जान लेवा हमला करने वाले को संरक्षण दे रहे हैं। अखबारों में खबर प्रकाशित होने से झारखण्ड पुलिस, धनबाद पुलिस सहित गठबंधन में शामिल पार्टियों की छवि धुमिल हो रही है। सुत्रो से जानकारी मिली है कि कोयला माफिया एवं कोयला चोरों के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों और जनप्रतिनिधियों को झूठे मुकदमे में फंसाया जाएगा।

## मायुमो ने प्रभु महतो की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजली



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने आज पुटकी चौक पर स्व प्रभु महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मायुमो केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी एवं मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। मायुमो केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी ने कहा कि स्वर्गीय प्रभु महतो झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता थे जिन्होंने झारखंड अलग राज्य की मांग को लेकर पुटकी क्षेत्र में काफी सक्रिय भूमिका निभाई।

## वाराणसी यार्ड रिमॉडलिंग कार्य हेतु एनआई कार्य के मद्देनजर परिवर्तित मार्ग से चलायी जाएगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु वाराणसी जंक्शन के यार्ड रिमाडलिंग कार्य किये के मद्देनजर दिनांक 01.09.23 से 19.09.23 तक प्री-बीएनआई कार्य, 20.09.23 से 05.10.23 तक बीएनआई कार्य तथा 06.10.23 से 15.10.23 तक एनआई कार्य किया जाना है । यार्ड रिमाडलिंग के फलस्वरूप नॉन रनिंग लाइन, रनिंग लाइन में परिवर्तित हो जायेगा। परिणामस्वरूप अधिक गाड़ियों का संचलन किया जा सकेगा तथा गाड़ियों के विलम्ब में कमी आयेगी।

उपरोक्त के मद्देनजर निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार परिवर्तिति मार्ग से चलाया जाएगा -

**ऽ परिवर्तित मार्ग से चलायी जाने वाली ट्रेनें -**

**ऽ वाया अतरौली रोड-जौनपुर-षाहगंज के रास्ते चलायी जाने वाली ट्रेनें -**

1. दिनांक 31 अगस्त, 07, 14, 21, 28 सितम्बर एवं 05 तथा 12 अक्टूबर, 2023 को रक्सौल से खुलने वाली गाड़ी सं. 14017 रक्सौल-आनंद विहार सदभावना एक्सप्रेस ।
2. दिनांक 06, 13, 20, 27 सितम्बर एवं 04 तथा 11 अक्टूबर, 2023 को आनंद विहार से खुलने वाली गाड़ी सं. 14018 आनंद विहार-रक्सौल सदभावना एक्सप्रेस ।
3. दिनांक 12, 19, 26 सितम्बर एवं 03 तथा 10 अक्टूबर, 2023 को न्यू तिनसुकिया से खुलने वाली गाड़ी सं. 15933 न्यू तिनसुकिया-अमृतसर एक्सप्रेस ।
4. दिनांक 15, 22, 29 सितम्बर एवं 06 तथा 13 अक्टूबर, 2023 को अमृतसर से खुलने वाली गाड़ी सं. 15934 अमृतसर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस ।

**ऽ वाया अतरौली रोड-जौनपुर-जफराबाद-सुल्तानपुर के रास्ते चलायी जाने वाली ट्रेनें -**

5. दिनांक 01, 06, 08, 13, 15, 20, 22, 27, 29 सितम्बर एवं 04, 06, 11 तथा 13 अक्टूबर, 2023 को रक्सौल से खुलने वाली गाड़ी सं. 14007 रक्सौल-आनंद विहार सदभावना एक्सप्रेस ।

## भारतीय जनता पार्टी ग्रामीणों के साथ नही होने दी जाएगी नाइंसाफी : लक्ष्मण बड़ाईक



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिछले दिनों 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन गोईबेड़ा गांव में प्रतिबंध पशु वध करने के प्रकरण एवं उसके बाद सिमडेगा विधायक द्वारा मामले को धार्मिक रंग पर ग्रामीणों के बुलावे पर भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक गांव पहुंचे स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम को फिर से जाना,साथ ही ग्रामीणों को आश्वासन दिया की इस सत्य की लड़ाई में भारतीय जनता पार्टी के पूरे संगठन ग्रामीणों के साथ है प्रशासन को सारी घटनाक्रम से अवगत कराया जाएगा और ग्रामीणों के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा की जिस चीज का वध कानून द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया है वैसे पशु का वध करना यह भी भारत के स्वतंत्रता दिवस के दिन यह बहुत बड़ा अपराध है और प्रशासन को दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।साथ ही प्रशासन से आग्रह है कि निर्दोष इसमें ना फंसे और दोषी इसमें ना बचे, किसी के दबाव में कोई कार्य नही होनी चाहिए,मौके पर भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा सेवई मंडल अध्यक्ष देवकीनंदन साव भाजपा ग्रामीण मंडल सांसद प्रतिनिधि सरवन गोस्वामी जवाहर प्रसाद सहित गन्य मान्य मौजूद थे ।

## भादी अमावस का 44 वां वार्षिकोत्सव 14 सितंबर को मनाया जाएगा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रत्येक वर्ष मारवाड़ी समाज के द्वारा भादी अमावस के दिन रानी सती दादी जी की पूजा का कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया जाता रहा है इसी को व्यापक रूप देने हेतु एक बैठक शिव प्रसाद राजगढ़िया जी की अध्यक्षता में निर्माणाधीन रानी सती मंदिर में रखी गई। जिसमें समाज के द्वारा 44 वां भादी अमावस का कार्यक्रम हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भादी अमावस का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास और धूम धाम से मनाया जाएगा। जिसमें प्रातः नगर में प्रभात फेरी एवं शोभा यात्रा निकाली जाएगी,जिसमें रानी सती दादी की आकर्षक झांकी भी होगी। मंदिर प्रांगण में राणी सती दादी जी का दिव्य दरबार सजाया जाएगा। सभी महिलाओं के द्वारा दोपहर 2 बजे से मंगल पाठ किया जाएगा,सवामनी भोग और प्रसाद वितरण के साथ संध्या 7 बजे से मां भगवती जागरण मंडली रांची के प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा बैठक में शिव प्रसाद राजगढ़िया, किशोर बंका रामप्रकाश मोदी,दीपक सराफ, रितेश बंका,जयप्रकाश शर्मा,अनुराग पोद्दार, रूपेश चौधरी,चंदन राजगढ़िया,आशीष पोद्दार, निशांत सराफ,मयंक मोदी,शशांक एवं अन्य भक्तगण उपस्थित थे।

## सावन पूर्णिमा के मौके पर अखंड हरि कृतन का हुआ आयोजन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के भट्ठखिजरी पंचायत अंतर्गत मुंदो ग्राम में सावन पूर्णिमा तथा रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर 12 घंटे अखंड हरि कृतन मंदिर समिति मुंदो ग्राम के ग्रामीणों ने मिल कर आयोजन किया,वही प्रातः6 बजे से पुजारी त्रिपुरेश्वर पाठक द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर अखंड ज्योत जलाया गया,तथा सुबह 8 बजे से लेकर संध्या 8 बजे तक संकल्प ले अखंड हरि कृतन की शुरुआत की गई। मौके पर अध्यक्ष उमेश साहू, नीरज साहू, राजकुमार साहू, ललन प्रसाद साहू,धनेश्वर साहू,पूर्व मुखिया सुरेंद्र लोहरा, रघुनंदन साहू,रामेश्वर साहू, रामप्रसाद साहू, दयानन्द साहू, दीपक, दिनेश, सरजू, अधेश्वर, प्रह्लाद साहू,सुनील,र जू,सागर, विनोद, प्रेम आदित्य सुमन इत्यादि सदस्यों ने भाग लिया संध्या काल के दौरान भव्य भंडारे का भी आयोजन मंदिर परिसर में किया गया। इस दौरान महिला, बच्चे तथा बुजुर्ग इत्यादि लोगो ने विधिवत पूजा सम्पन्न करने में जुटे रहे।

## बहनों ने खरीदी भाइयों के लिये रंगबिरंगिया राखी एवं मिठाई

**सेन्हा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा सावन पूर्णिमा के अवसर भाई बहन का पवित्र त्योहार रक्षा बंधन पर राखी खरीदने के लिये प्रखंड क्षेत्र के दुकानों में बहनों का सभी जगह भीड़ देखा जा रहा है। सावन माह का अंतिम दिन होने के कारण बहने अपने भाइयों का कलाई में राखी बांधने के लिये रंगबिरंगी और स्टोन का विभिन्न तरह के राखी खरीदते हुए दिखाई दी राखी को लेकर प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न दुकानों पर बहनों का जुटान हो रही है। राखी के साथ ही मिठाई एवं गिफ्ट के दुकानो पर भी काफी चहल पहल देखा जा रहा है। वही प्रखंड क्षेत्र के पुरोहितो अवनीश पाठक,राजेश पाठक,नमेंदेश्वर पाठक ने बताया इस वर्ष सावन पूर्णिमा बुधवार रात्रि से लेकर गुरुवार सुबह तक ही है। जिसे रक्षा बंधन का शुभ मुहूर्त गुरुवार सुबह में 7 बजकर 7 मिनट तक है। वैसे गुरुवार को उदीयमान तिथि होने के कारण बहने दिन भर अपने भाइयों के कलाई पर राखी बाँध सकती हैं।

## अविराम कॉलेज में पौधो को राखी बांध पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुरू, लोहरदगा के प्रशिक्षुओ द्वारा इको फ्रेंडली राखी का निर्माण किया गया और स्वनिर्मित राखी पेड़ पौधों को बांध कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।रखी निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशा लकड़ा को द्वितीय स्थान ललिता कुमारी को और तृतीय स्थान अरिबा अंजुम ने प्राप्त किया जिन्हें पुरस्कृत किया गया। शिक्षिकाओ के लिए सावनोत्सव का आयोजन किया गया पांच राउंड जिसमें वेशभूषा प्रदर्शन,वॉक,सावन गीत,आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे वेशभूषा और वॉक में सुनीता,चूड़ी प्रतियोगिता में रीता,सावन गीत लेखन में प्रियंका तथा सावन की रानी अंकिता कुमारी को चुना गया जिन्हें आकर्षक उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# चंद्रयान 3 की सफलता के पीछे संस्कृत की ही महत्वता : सदानंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मातृभाषा एवं देवभाषा संस्कृत के संवर्धन एवं रक्षणार्थ हेतु कल शहर के सेन्स त्रिवेणी सेंचुरी फॉर एजुकेशनल पब्लिक स्कूल में संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में धार्मिक संस्था लोकहितम भानुदय भगवत् संस्थानम् के तत्वावधान में प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक सदानंद रामानुज श्री वैष्णव जी महाराज के सानिध्य में आयोजित संस्कृत संभाषण का कार्यक्रम किया गया। जिसके तहत बच्चों को संस्कृत भाषा के प्रति जागरूकता,निस्वार्थ सेवा, और उसकी उपयोगिता बताई गई।कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान मानित विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर के सिद्धांत ज्योतिष के शोधकर्ता एवं छात्र अभिनव आनंद पांडेय के संस्कृत संरक्षण भाषण के साथ किया गया-जहां उन्होंने बताया कि संस्कृत विश्व भर में अपना परचम लहरा रहा है अमेरिका,इंग्लैंड,जर्मनी जैसे देशों में संस्कृत यूनिवर्सिटी खुल गई है। उन्होंने कहा कि आज चंद्रयान 3 जिसका गर्व हर भारतीय कर रहा है इसके पीछे भी संस्कृत का ही हाथ है इसरो प्रमुख ए सोमनाथ के बयान का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने चंद्रयान-3 की सफलता के पीछे वेद एवं शास्त्रों का संपूर्ण ज्ञान विद्यमान है। वही कार्यक्रम में वाराणसी के बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के व्याकरण के छात्र आशुतोष पाठक भी मौजूद रहे जहां उन्होंने विदेशो में किस प्रकार संस्कृत का प्रचलन हो रहा है इस पर संस्कृत भाषण देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया इस बीच उन्होंने हस्त स्वर के द्वारा वेद मंत्रों का भी पाठ किया। वही सदानंद जी महाराज ने कहा संस्कृत के बिना हम एक क्षण भी नहीं चल सकते,हम बोलचाल की भाषा में संस्कृत का प्रयोग करते हैं लेकिन ज्ञान की कमी की वजह से हम समझ नहीं पाते कि वह संस्कृत शब्द है अथवा हिंदी शब्द। इस बीच उन्होंने कहा की संस्कृत ही एकमात्र भारतीय भाषा है,क्योंकि अंग्रेजों द्वारा लाई गई अंग्रेजी,मुगलों द्वारा लाया गया उर्दू,और फारसियों द्वारा लाया गया फारसी भाषा को हम बोलचाल की भाषा में प्रयोग कर रहे हैं, लेकिन जो हमारी भारतीय भाषा संस्कृत है उसे हम बिल्कुल खोते जा रहे हैं। वही कार्यक्रम का अंत बौली बगीचा स्थित राजेंद्र पाठक जी की बेटी जो संस्कृत भारती दिल्ली की छात्रा है लक्ष्मी रानी पाठक ने संस्कृत गीत के साथ किया। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने संस्थान के सभी लोगों को धन्यवाद कहा उन्होंने कहा कि आपकी संस्था बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है।

## डीएवी विद्यालय में चंद्रयान-3 की सफलता पर आधारित नाटक मंचन का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में भारत चंद्र अभियान चंद्रयान-3 की सफलता पर आधारित नाटक मंचन तथा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता व राखी बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारत को चांद पर सफलता मिल गई है। चंद्रयान-3 ने चांद की सतह पर उतर कर इतिहास रच दिया है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने वाला भारत पहला देश बन गया है। स्वयं को भारत का नागरिक होने के कारण गौरवान्वित अनुभव करते वह सभी को करते हुए सीनियर बायो शिक्षक यू सी दास व सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका रीना रितिका तिर्की के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा इसरो के चंद्रयान-3 की सफलता पर आधारित नाटक मंचन विद्यार्थियों द्वारा करवाया गया जिसमें कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा आकृति पंकज व समूह,कक्षा दसवीं के छात्र तेजस्वी दूबे व समूह तथा रिद्धिमा सिंह व समूह तथा छोटे बच्चों में रिशिथ राज,प्राची विश्वकर्मा,वेदांश पंकज व अन्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। मौके पर माननीय प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार व्यक्ति ने पहले पक्षियों की तरह आसमान में उड़ने तथा चांद पर जाने का स्वप्न देखा फिर उन्हें साकार भी किया।

# अपने धर्म के प्रति आस्था और कृतज्ञता में धार्मिक आयोजनों से आती है प्रगाढ़ : दीपक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शहर के कृषि बाजार निकट रियाडा स्थित मनोकामना दुर्गा व हनुमान मंदिर में जय श्रीराम समिति के बैनर तले नगर अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में मंगलवार की संध्या भव्य महाआरती व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के पदाधिकारी,सदस्यों के अलावा सनातन धर्म के सैकड़ो महिला पुरुष शामिल हुए। समिति द्वारा प्रत्येक मंगलवार को जिले के अलग-अलग मंदिरों में महाआरती सहित धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाता है,जिसके तहत महाआरती व भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों में धार्मिक भावना जागृत होती है। साथ ही अपने धर्म के प्रति आस्था और कृतज्ञता में प्रगाढ़ आती है। उन्होंने कहा कि समिति समय-समय पर ऐसे कई धार्मिक आयोजन करते रहती है जिससे सनातनी एकजुटता कायम रह सके। वही समिति के जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि ऐसे आयोजन का मुख्य उद्देश्य अपने धर्म और संस्कृति से लोगों को जोड़े रखना है।

# ग्रामीणो ने पेड़ पौधों पर रक्षा सूत्र बांध सुरक्षित रखने का लिया संकल्प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सेन्हा :** लोहरदगा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत आरा ग्राम में वन सुरक्षा समिति और वन प्रबंधन समिति के संयुक्त तत्वाधान में पेड़ पौधों को रक्षा सूत्र बाँध कर सुरक्षा का संकल्प लिया गया। अलौदी पंचायत के आरा ग्राम मे वन प्रबंध समिति के अध्यक्ष सह अलौदी पंचायत उपमुखिया गोपाल उराँव तथा वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष सुनील उराँव के नेतृत्व में अपने क्षेत्र के वन जंगलों में रक्षाबंधन पर पेड़ पौधों को रक्षा सूत्र बाँध कर पेड़ पौधे और जंगल स्थान को सुरक्षित बचाने संकल्प लिया गया। वही वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष सह अलौदी पंचायत उपमुखिया गोपाल उराँव ने कहा कि प्रकृति पेड़ पौधे और पशु पक्षियों का रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। जिस तरह प्रत्येक दिन पेड़ पौधे कट रहा है। जंगल स्थान उजड़ रहा है। वैसे स्थिति में मनुष्य और पशु पक्षी सभी को हवा और पानी के लिये भविष्य में काफी परेशानी होगी। जिसके लिये जंगल स्थान व पेड़ पौधों का रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। वही रक्षा सूत्र बाँध कर सभी ग्रामीणो ने पेड़ पौधे लगाने और जंगल स्थान तथा पेड़ पौधों को सुरक्षित बचने का प्रतिज्ञा किया। मौके पर वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष सह उपमुखिया गोपाल उराँव,वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष सुनील उराँव,पाहन रामचन्द्र उराँव, सहायक शिक्षक शमशाद आलम तथा विद्यालय के छात्र छात्राएँ और सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# दुर्गापुर से छड़ चोरी मामला में छड़ के साथ सेन्हा थाना क्षेत्र से तीन गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा :** लोहरदगा दुर्गापुर से छड़ लोडेड सहित ट्रक चोरी मामला में दुर्गापुर पुलिस सेन्हा थाना पुलिस के मदद से छड़ जब्त करते थाना क्षेत्र से तीन को किया गिरफ्तार। सेन्हा थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के मदद से दुर्गापुर पुलिस ने चोरी का छड़ बरामद करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया बताया जाता है। कि पशिचम बंगाल राज्य के आसनसोल कॉक ओभेन के वर्द्धमान जिला अंतर्गत दुर्गापुर थाना कांड संख्या 166/23 दर्ज कर दुर्गापुर पुलिस का कारवाई जारी था। उसी दौरान ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया जिसके निशानदेही पर चोरी का समान बंसरी रोड स्थित मनान अंसारी के मकान से दुर्गापुर पुलिस ने बरामद किया चोरी का समान बरामद होते ही सेन्हा निवासी नैमुल अंसारी के पुत्र नईम अंसारी,हसीब अन्सारी का 40 वर्षीय पुत्र मनान अंसारी तथा टंगराटोली निवासी सुरेश महतो के 28 वर्षीय पुत्र राजेश महतो को गिरफ्तार कर पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है.वही दुर्गापुर पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि कांड संख्या 166/23 के आलोक में धारा 406,407,420 तथा 120 क्रभादवि के तहत सेन्हा से दो संलिप्त आरोपी को चालक के निशानदेही पर नैमुल अंसारी कर 50 वर्षीय पुत्र नईम अंसारी,मनान अंसारी एवं लोहरदगा थाना क्षेत्र के राजेश महतो को चोरी का छड़ खरीद बिक्री के मामले में गिरफ्तार कर दुर्गापुर ले जाया जा रहा है। साथ ही बरामद छड़ को भी दुर्गापुर पुलिस साथ मे ले गई। छपेमारी में सेन्हा थाना में पद स्थापित एस आई गणेश कुमार यादव एवं पशिचम बंगाल के दुर्गापुर पुलिस टीम में एस आई लिटन मंडल दल बल के साथ शामिल थे।

# अवैध शराब के विरुद्ध ठेठईटांगर पुलिस ने की छापेमारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** ठेठईटांगर पुलिस लगातार अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चला रही है।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर और थाना प्रभारी ठेठईटांगर की अगुवाई में ठेठईटांगर पुलिस ने बुधवार को अवैध शराब के विरूद्ध ठेठईटाँगर के जोराम में छापामारी ऑपरेशन चलाया । ठेठईटाँगर पुलिस ने ठेठईटाँगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत जोराम में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी की , छापामारी के क्रम में पुलिस ने यहां बहुल मात्रा में जावा महुआ नष्ट किया। साथ ही शराब बनाने वाले बर्तनों को नष्ट भी कर दिया और थाना प्रभारी ने यह चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसा ना करे अन्यथा क़ानूनी कार्यवाही की जाएगी ।

# कैरो भाजपा की आगामी लोकसभा विधानसभा चुनाव को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो :** लोहरदगा भारतीय जनता पार्टी कैरो मंडल कार्यकर्ताओं के एक बैठक मंडल अध्यक्ष लखन उरांव के अध्यक्षता व प्रखंड प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष सह संयोजक राजकिशोर महतो एवं प्रखण्ड प्रभारी नवीन कुमार टिंकू की उपस्थिति में हुई। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी संगठन की मजबूती व आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई साथ ही साथ आगामी 3 सितंबर को लोहरदगा समाहरणालय मैदान में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी की आगमन पर होने वाली कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। मौके पर मंडल अध्यक्ष लखन उरांव ने कहा कि देश मे भारतीय जनता पार्टी की लहर है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2024 में प्रचंड बहुमत के साथ लगातार तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। तमाम कार्यकर्ताओं को निःस्वार्थभाव से पार्टी संगठन के हित मे कार्य करना है तथा लोहरदगा में होने वाले कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सभी 37 बूथों से भारी संख्या में लोग पहुँच कर कार्यक्रम को सफल बनायें। मौके पर राजेन्द्र महतो, बजरंग उरांव, कैलाश महतो, बीरेंद्र महली, करमचंद भगत, मोहन साहू, विशेवर आदि थे ।

# खिलाड़ी प्रतिबद्धता के साथ खेलेंगे तो लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होगी : सुखदेव भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा :** सदर प्रखंड के अंतर्गत नेशनल फुटबॉल क्लब अरकोसा नवा टोली के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का समापन समारोह का फाइनल मैच जिओ मैक्स क्लब बनाम और अरकोसा क्लब के बीच खेला गया जिसमें जिओ मैक्स 1--0 से चैंपियन हुआ। इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सह लोहरदगा जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुखदेव भगत थे। कार्यक्रम स्थल पहुंचने से पहले सुखदेव भगत का ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया गया। पारितोषिक वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुखदेव भगत ने कहा कि इस क्षेत्र में फुटबॉल खेल के प्रति लोगों में जुनून है। सैकड़ो की संख्या में जिले में फुटबॉल टूर्नामेंट होता है और यहां की जनता टूर्नामेंट को उत्सव के रूप में मनाते हैं। जिसमें गांव के सभी वर्गों का सहयोग रहता है। भगत ने कहा कि खेल को हमें रोजगार से जोड़ने की आवश्यकता है खेल के माध्यम से भी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं उसके लिए हम सबको फीफा के नियम से खेलना होगा तभी हम रोजगार पा सकते हैं तथा स्कॉलरशिप भी हमें मिलेगा। भगत ने मौके पर खिलाड़ियों को जीतने का टिप्स देते हुए कहा कि खिलाड़ी अपने मन में यह विश्वास पैदा करें कि जीतूंगा मैं यह खुद से वादा करें, जितना सोचते हो उससे ज्यादा कोशिश करो क्योंकि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है। इस क्षेत्र में काफी प्रतिभावान खिलाड़ी है बस उन्हें प्रोत्साहन देकर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। जिला में अभी सीनियर डिवीजन फुटबाल लीग का आयोजन किया गया है ताकि जिला स्तर पर बेहतर खिलाड़ियों का चयन किया जा सके। श्री भगत ने खिलाड़ियों से कहा कि आप प्रतिबद्धता एवं लगन के साथ खेलेंगे तो लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होगी। मौके पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष आलोक कुमार साहू, मुखिया बसंत उरांव,सत्यजीत सिंह,पूर्व मुखिया वीरेंद्र उरांव शिवपूजन सिंह,आयोजित समिति के अध्यक्ष रोहित,उपाध्यक्ष कृष्णा उरांव, जगदेव उरांव,चंद्र किशोर भगत,मोबिन अंसारी, तारीक अंसारी,शाहिद अहमद बेलू राजेंद्र उरांव,दिनकर टाना भगत, खदिया उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# खेल से शारीरिक मानसिक और होता है बौद्धिक विकास : एनोस एक्का

## रेंगारिह के जामटोली में रक्षाबंधन को लेकर हॉकी टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** रक्षाबंधन पर्व को लेकर प्रखंड के रेंगारिह जामटोली मैं हॉकी खेल का आयोजन किया गया खेल का फाइनल मैच बाइक पर जामटोली बनाम रुगड़ी टोली के बीच में आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का,झापा जिलाध्यक्ष मतीयस बागे, युवा जिलाध्यक्ष सन्देस एक्का, लोरन्तुस बागे,ओलिवर लकड़ा,अमन खेस, जोसेफ डुंगडुंग, नेस्तर कुजूर मुख्य रूप से उपस्थित रहे आयोजन समिति के द्वारा आए हुए अतिथियों को माला व बैच पहनाकर पारंपरिक गीतों के साथ स्वागत करते हुए खेल मैदान तक ले जाया गया। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री के द्वारा उपस्थित जन समूह को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हॉकी की नर्सरी के रूप में सिमडेगा जिले की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर है यहां के खिलाड़ी देश-विदेश और ओलंपिक तक का सफर तय कर आज जिले का नाम रोशन कर रहे हैं खेल को खेल की भावना के साथ खेलते हुए अनुशासन को खिलाड़ी बरकरार रखें क्योंकि खेल में शारीरिक मानसिक और बौद्धिक का विकास होता है इस चीज का विशेष ख्याल रखें झारखंड पार्टी सभी खेलों को प्राथमिकता देती है और आने वाले दिनों में आगे भी प्रयास करेगी कि इस क्षेत्र के खिलाड़ी को हर संभव मदद दिया जा सके। संदेश एक्का ने कहा वर्तमान समय युवा पीढ़ी खेल के क्षेत्र में अग्रसर रहा है और सभी क्षेत्रों में विभिन्न खेलों को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है।

# सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में सहयोगी है रक्षाबंधन का त्यौहार : पुलिस अधीक्षक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के द्वारा रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाकर सिमडेगा पुलिस अधीक्षक सौरव कुमार एवं सदर थाना प्रभारी जयगोविंद गुप्ता एवं पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। मौके पर पुलिस अधीक्षक सौरव कुमार ने कहा की वर्तमान समाज में हम सबके सामने जो सामाजिक कुरीतियों सामने आ रही है उन्हें दूर करने के लिए रक्षाबंधन का पर्व सहयोगी हो सकता है, भाई बहनों की त्यौहार में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए बहनें अपनी भाइयों से जरूर प्रतिज्ञा कराएं। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सावित्री देवी ने कहा कि यह त्यौहार भाई-बहन के पवित्र और आत्मीय रिश्ते को स्वीकार करने का प्रतीक है रक्षाबंधन उन सभी भाई बहन के लिए एक आदित्य मौका होता है जब यह एक दूसरे के प्रति अपने स्नेह को व्यक्त करते हैं। जिला कार्यसमिति सदस्य पिंकी प्रसाद ने कहा की पुलिस परिवार अपने घर द्वारा छोड़ कोई भी त्यौहार में हम सबो की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं तो हमारा भी कर्तव्य बनता है की इन लोगों को बहन की कमी न खले, इसलिए भारतीय जनता पार्टी की बहने पुलिस परिवार को राखी बांधती हैं। मौके पर शिखा अग्रवाल इंदु देवी जयंती देवी कमला देवी रुणि कुमारी मौजूद थीं।

## चलते चलते एक नजर

### बकोरिया कांड मामले में दाखिल प्रोटेस्ट पिटीशन स्वीकार

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया कांड मामले में सीबीआई की ओर से दायर की गयी क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ दाखिल प्रोटेस्ट पिटीशन बुधवार को स्वीकार कर ली गयी है। सीबीआई के एसडीजेएम प्रवीण उरांव की कोर्ट में प्रोटेस्ट पिटीशन स्वीकार होने के बाद अब कोर्ट के सामने मृतक के परिजनों का बयान दर्ज होगा। इससे पहले 27 अगस्त को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने सीबीआई की ओर से दाखिल की गयी कोलजर रिपोर्ट को स्वीकार किया था। इसके बाद कथित मुठभे? में मारे गये मृतक उदय यादव के पिता जवाहर यादव ने प्रोटेस्ट पिटीशन दाखिल की थी। उल्लेखनीय है कि झारखंड हाई कोर्ट ने 22 अक्टूबर 2018 को बकोरिया कांड की जांच सीबीआई के हाथ में सौंपी थी। कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली की सीबीआई ब्रांच ने बकोरिया मुठभे? की जांच के लिए प्राथमिकी दर्ज की थी। इस घटना में पुलिस ने 12 लोगों को मुठभेड़ में मारने का दावा किया था। मृतकों के परिजनों ने इसे फर्जी मुठभेड़ बताया था और हाई कोर्ट में सीआईडी जांच पर सवाल उठाते हुए सीबीआई जांच की मांग की थी।

### लुटेरों और दलालों को बचा रही है राज्य सरकार: बाबूलाल मरांडी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने डुमरी उपचुनाव में बुधवार को ससारखो मंडल के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। मरांडी ने कहा कि आखिर जनता झामुमो को वोट क्यों दे? इस ठगबंधन की सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में झारखंड की जनता के लिए क्या किया है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में राज्य में केवल लूट मची है। मुख्यमंत्री लुटेरों के संरक्षक बन बैठे हैं। इस राज्य को हेमंत सरकार में दलाल ,बिचौलिए चला रहे। उन्होंने कहा कि खान,खनिज,लोहा,कोयला,बालू ,पत्थर के साथ गरीबों,आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही। और हेमंत सोरेन इन लुटेरों को पकड़ कर जेल नही भेज रहे बल्कि उनके लिए महंगे वकील रख कर बचाने केलिए हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट में पैरवी कर रहे और जो जेल चले गए उन्हें भी बाहर निकालने केलिए पैरवी कर रहे। उन्होंने कहा इससे साबित ही चुका है कि मुख्यमंत्री लूट में शामिल हैं और लुटेरों के संरक्षक हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और एन डी ए की सरकार बनती है तो विकास होता है जबकि कांग्रेस झामुमो राजद की सरकार बनती है तो भ्रष्टाचार और लूट मचती है। आज राज्य की कानून व्यवस्था चौपट है।बहन बेटियां सुरक्षित नहीं। उन्हें पेट्रोल से जलाया जा रहा,टुकड़ों में काट दिया जा रहा,पेड़ से लटका दिया जा रहा। और आज तक एक भी अपराधी को सजा नहीं हुई। पुलिस वसूली में लगी रहती है। हेमंत है तो अपराधियों लुटेरों को हिम्मत है। उन्होंने कहा कि आज आदिवासियों को सम्मान मोदी सरकार ने दिया। पहली बार आजाद भारत में आठ आदिवासी मंत्री बने। बिरसा मुंडा की जयंती जनजाति गौरव दिवस घोषित हुआ और आदिवासी महिला,संथाल समाज की बेटी को देश का राष्ट्रपति बनाया। पिछले नौ वर्षों में मोदी सरकार ने राज्य में पांच मेडिकल कॉलेज दिए,देवघर में एम्स अस्पताल और हवाई अड्डा बना , कोरोना में टीका का दो मुफ्त डोज ,बूस्टर डोज दिया।जनधन खाता में गरीबों को पैसे दिए,और कोई भूखा नहीं सोए इसलिए प्रति व्यक्ति पांच किलो मुफ्त अनाज की व्यवस्था की। उन्होंने कहा कि आज गैस सिलेंडर के दामों में 200 रुपए की कमी करके मोदी सरकार ने देश की बहनों को रक्षा बंधन का बड़ा उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर हेमंत सरकार ने गरीबों के अनाज भी लूटवा दिए।

धूमधाम से मनाया गया स्वर्गीय ज्योति प्रकाश का जन्मदिन

# ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में याद किए गए पलामू के धरोहर ज्योति प्रकाश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** समाज के धरोहर रहे स्वर्गीय ज्योति प्रकाश का 103 वें जयंती ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में उनकी मूर्ति पर मालअर्पण करते हुए मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज की छात्राओं ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की स्मृति में चल रहे निशुल्क विद्यालय ÷ज्योति प्रकाश विद्यापीठ÷ के बच्चों तथा शहर के जाने-माने शास्त्रीय संगीत गायक राम और श्याम, कॉलेज की छात्रा काजल कुमारी द्वारा भजन गाकर श्रद्धांजलि दी गई। वही नेहा रानी ने पिता पर बहुत अच्छा कविता बोला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय ज्योति प्रकाश के प्रतिमा पर उनकी धर्म पत्नी द्रौपदी देवी, बड़े पुत्र आनंद शंकर, पौत्र आकर्ष आनंद,पौत्र वधू कॉलेज की डायरेक्टर शिवानी आनंद तथा शहर से आए गणमान्य अतिथि पत्रकार देवव्रत राम, ज्ञानचंद पांडे ,सुरेश जैन,राजेश्वर पांडे, नवल तुलसियान, प्रभात अग्रवाल, डॉ आपी सिन्हा,सरस जैन,कृष्ण अग्रवाल, अविनाश वर्मा,जय शर्मा,शीला सिंह ने सामूहिक रूप से प्रतिमा के सामने दीप जलाते हुए मालअर्पण किया। साथ ही अपने उदगार व्यक्त किया।इस अवसर पर मां द्रौपदी देवी ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश द्वारा लिखी एवं नई रूप से पुण छापी गई किताब ÷सीधा रास्ता÷का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में स्वर्गीय ज्योति प्रकाश के बड़े पुत्र आनंद शंकर ने सबो का स्वागत करते हुए अपने पिता की स्मृति में कहा कि वह हमेशा साहित्य संगीत और शिक्षा के प्रति समर्पित रहते थे। वे हमेशा कहते थे कि साहित्य,

* माता-पिता के आशीर्वाद के बिना हर काम अधूरा : आनंद शंकर



संगीत एवं शिक्षा तीनों मां सरस्वती का वरदान है। उनकी उपासना करने वाले समाज के सर्वोत्तम लोग होते हैं। इसलिए साहित्य संगीत एवं शिक्षा देने के लिए खोली गई संस्थाओं को मंदिर कहा जाता है। जहां मां सरस्वती की पूजा होती है, यह मंदिर जितना खुलेगा समाज उतना तरक्की करेगा। आज हमारे पिता के सहयोग से खोली गई ज्योति प्रकाश जनता शिवरात्रि कॉलेज÷एवं रोटरी स्कूल आनंद शंकर हजारों लोगों को शिक्षा दे रही है। अब हमारा परिवार इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए अपने अन्य व्यवसाय के साथ-साथ महिलाओं के लिए जहां ज्योति प्रकाश महिला बीएड कालेज और ज्योति प्रकाश विद्यापीठ निशुल्क पाठशाला का निर्माण कराया। वही हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल एवं जेनी किड्स का भी निर्माण कर उस कड़ी को आगे बढ़ा रहा है। अब हम जल्द संगीत महाविद्यालय का निर्माण करने की और अग्रसर है। इस अवसर पर समाज से आए सभी गणमान्य लोगों ने अपनीवी अपनी स्मृति स्वर्गीय ज्योति प्रकाश के साथ बीते पल को बताया। और कहा कि वह एक महान व्यक्तित्व के मालिक थे। जिसकी जितने भी प्रशंसा की जाए कम है। जयंती का संचालन साक्षी गुप्ता व प्रियंका पांडे ने किया। जयंती में शहर से कई अतिथि राजदेव उपाध्याय,अरविंद अग्रवाल, भूपेंद्र सिंह होरा,पुनीत सिंह,अरविंद गुप्ता, नरेंद्र पांडे, राजहंस अग्रवाल, नरेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह डिंपल, आलोक माथुर,रितेश कुमा कटर, सुबोध गुप्ता, संजय भगत, संजय सिंह, नीरज कुमार एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जैक बोर्ड के स्थापना दिवस पर टॉपर छात्रों पुरस्कृत किया जाएगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दो सिंतबर को जैक बोर्ड का स्थापना पर झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के द्वारा मैट्रिक, इंटर कला, विज्ञान व वाणिज्य, मध्यमा, मदरसा एवं वोकेशनल परीक्षा- 2023 के टॉपर छात्रों पुरस्कृत किया जाएगा। इस सम्मान समारोह 12 बजे से झारखंड एकेडमिक काउंसिल, नामकुम के ऑडिटोरियम में किया जाना है। समारोह की तैयारी पूरी कर ली है। झारखंड से मैट्रिक और इंटर के 3 संकायों में पुरस्कृत होने वाले टॉपर छात्रों की कुल संख्या 26 है। जैक स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के द्वारा टॉपरों को पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं समारोह के विशिष्ट अतिथियों में माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनिल कुमार, डॉ. नेहा अरोड़ा प्राथमिक शिक्षा निदेशक एवं झारखंड शिक्षा परियोजना की निदेशक कुरण कुमारी पासी हैं।समारोह की अध्यक्षता जैक चेयरमैन डॉ. अनिल कुमार महतो करेंगे। टॉपर को 21 , सेकंड टॉपर 15 और थर्ड टॉपर्स को 11 हजार का मिलेगा नगद पुरस्कार का इनाम दिया जाएगा।

एमएसए स्कूल में हुआ राखी बनाओ ईनाम पाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है रक्षाबंधन पर्व : शफीक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शफीक एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल में आज रक्षाबंधन पर ÷राखी बनाओ, ईनाम पाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने भाईयों के लिए एक से बढ़कर एक सेल्फमेड आकर्षक राखी बनायी। इस दौरान दर्जनों बहनों ने नन्हे मुन्ने भाइयों की कलाई पर खुद का बनाया हुआ राखी बांधी व मिठाईयां खिलाकर लंबे उम्र की कामना की।




मौके पर ट्रस्ट के सचिव अफज़ल शफीक ने कहा इस तरह के आयोजन से बच्चों में सामाजिक एवं सांस्कृतिक भावना का विकास होता है। साथ ही उन्होंने बच्चों को चाइनीज राखी के जगह खुद का बनाया हुआ (सेल्फमेड) राखी से रक्षाबंधन मनाने को प्रेरित किया। प्राचार्या सुनिता प्रसाद ने कहा भाई बहन का अटूट प्रेम का प्रतीक है रक्षाबंधन त्योहार।उपप्राचार्य अभय गिरी ने कहा बच्चों को हर क्षेत्र में विकसित करना ही हमारा लक्ष्य। कार्यक्रम का अध्यक्षता खुशबू सोनी और घुंघरू सिंह कर रही थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी प्रतिभागी बच्चों के साथ साथ सभी शिक्षकों का भी भरपूर योगदान रहा।

# राज्य का पहला सीआईडी थाना खोला गया, ब्रह्मदेव प्रसाद बने पहले थानेदार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी ) का राज्य स्तरीय थाना डोरंडा स्थित राजा रानी कोठी में स्थापित किया गया है। इस थाने का बुधवार को सीआईडी मुख्यालय परिसर में सीआईडी थाना का डीजी अनुराग गुप्ता ने उद्घाटन किया। इसके साथ ही सीआईडी थाना में काम शुरू हो गया है। वर्तमान में राज्यभर के अपराध की जांच यहीं होगी। झारखंड पुलिस को और प्रभावशाली बनाने के लिए सीआईडी थाना बनाया गया है। सीआईडी थाना राज्य के विभिन्न जिलों में दर्ज एफआईआर की जांच अपने स्तर से ले सकेगी। इसके लिए झारखंड सरकार एवं पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देश के तहत एफआईआर की जांच सीआईडी थाने को ट्रांसफर होगी। साथ ही, इसकी सूचना न्यायालय को भी दी जाएगी। गौरतलब है कि इस थाना के पहले थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद बनाये गये हैं। इस थाना के गठन को




लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बीते 11 अगस्त को आदेश जारी किया था। जिसमें कहा गया था कि सीआईडी को राज्य स्तरीय थाना घोषित किया जाता है। इस थाना का क्षेत्राधिकार संपूर्ण झारखंड होगा। राज्य के विभिन्न जिलों में दर्ज मामलों को सीआइडी खुद के थाने में दर्ज करके जांच कर सकेगी। खुद का थाना होने से सीआईडी को राज्य के किसी आपराधिक मामले में जीरो एफआइआर दर्ज करने का अधिकार होगा। इस थाना के बाद और सात थानों का स्थापित किया जायेगा जिसका प्रस्ताव पारित कर दिया गया है।

**इस थाने का बुधवार को सीआईडी मुख्यालय परिसर में सीआईडी थाना का डीजी अनुराग गुप्ता ने उद्घाटन किया। इसके साथ ही सीआईडी थाना में काम शुरू हो गया है।**

### रांची में 26 पुडिया ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपित गिरफ्तार



**रांची :** गोंदा थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर और चोरी के सामान के साथ दुर्गा कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 26 पुड़िया ब्राउन शुगर, एक सोने का मंगटीका, मंगलसूत्र, अंगूठी, दो टॉप्स, 11 पीस बिछिया, एक जोड़ी पायल, 11 हजार नकद, घड़ी सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि धावन नगर गांधी नगर हनुमान मंदिर के पीछे एक घर में अवैध ब्राउन शुगर छुपा कर रखा हुआ है। सूचना के बाद छापेमारी टीम ने एस्बेस्टस एवं झोपड़ीनुमा घर से 26 पीला प्लास्टिक कोटेट छोटा पुडिया (वजन करीब 6.90 ग्राम) ब्राउन शुगर बरामद किया।

# लोकसभा और विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी बसपा

**एजेंसी**

**लखनऊ :** बसपा के विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल होने की चर्चाओं को पूरी तरह खारिज करते हुए पार्टी सुप्रीमो मायावती ने साफ कह दिया है कि वह आगामी चार राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के विधानसभा चुनाव व लोकसभा चुनाव 2024 के लिए किसी भी गठबंधन में भी शामिल नहीं होंगी। उन्होंने एलान किया है कि बसपा अकेले ही चुनाव लड़ेगी। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि एनडीए व इण्डिया गठबंधन अधिकतर गरीब-विरोधी जातिवादी, साम्प्रदायिक, धन्नासेठ-समर्थक व पूंजीवादी नीतियों वाली पार्टियां हैं जिनकी नीतियों के विरुद्ध बीएसपी अनवरत संघर्षरत है और इसीलिए इनसे गठबंधन करके चुनाव लड़ने का सवाल ही पैदा नहीं होता। बीएसपी,



विरोधियों के जुगाड, जोड़तोड़ से ज्यादा समाज के टूटे-बिखरे हुए करोड़ों उपेक्षितों को आपसी भाईचारा के आधार पर जोड़कर उनके गठबंधन से सन 2007 की तरह अकेले आगामी लोकसभा तथा चार राज्यों में विधानसभा का आमचुनाव लड़ेगी। मीडिया बार-बार भ्रान्तियां न फैलाए।उन्होंने कहा कि वैसे तो बीएसपी से गठबंधन के लिए यहां सभी आतुर, किन्तु ऐसा न करने पर विपक्षी द्वारा खिसयानी बिल्ली खंभा नोचे की तरह भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगाते हैं। इनसे मिल जाएं तो सेक्युलर न मिलें तो भाजपाई। यह घोर अनुचित तथा अंगूर मिल जाए तो ठीक वरना अंगूर खट्टे हैं, की कहावत जैसी।

# रिश्तों का अटूट डोर है रक्षाबंधन : अविनाश देव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** हालिया दौर में समाज के अंदर एक नजर डालते हैं तो पता चलता है रिश्ते तार तार हो रहे हैं। रिश्ते टूट रहे हैं। इस रिश्तों को भावनात्मक दीर्घकालिक व मजबूत बनाये रखने के लिए आदमी को हर सम्भव प्रयास करना चाहिए। कर्णावती ने हुमायू को रक्षासूत्र बांध कर रक्षाबंधन की शुरूआत इसीलिए की थी कि आक्रमणकारियों से हमारे मुल्क की रक्षा करेंगे,महिलाओं बहन बेटियों के साथ जो अमानवीय पाशविक व्यवहार व दुष्कर्म कर नारकीय जिंदगी जीने पर विवश कर दिया जाता था उससे मुकम्मल निजात मिलेगा। आज हर आदमी निजी जीवन में व्यस्त है, सामूहिकता में सोचने के लिए किसी को फुर्सत नहीं है। घर से लड़कियाँ बाहर जब निकलती है तो मां बाप की चिंता बढ़ जाती है कि न जाने क्या होगा। महिलाओं को देवी समझने वाला देश में नंगा घुमाया जा रहा है,अंधविश्वास में हत्या कर दिया जा रहा है। इन्हीं सब से सुरक्षा के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बहनों ने अपनी वैराग्य जिंदगी जीते हुए पुरुषों के कलाई में रक्षा बंधन के मौके पर रक्षा सूत्रबांध कर नारियों बेटियों के हिफाजत के लिए वचन मांग रही है। मेरे विद्यालय संत मरियम के आवासीय परिषर में आकर हमारे कलाई पर राखी बांधी। बेटियों को बचाने के लिए वचन मांगी। मैं उन्मुक्त कंठ से कहा बेटी बचेगी सुरक्षित रहेगी पड़ेगी और दहेज मुक्त शादी भी होगी।

### कार्यशाला का हुआ आयोजन

**रांची।** सीसीएल एवं इंटरनल सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में सीसीएल मुख्यालय में निदेशक (तक./संचा.) राम बाबू प्रसाद के अध्यक्षता में 2020 विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस अवसर पर आफताब अहमद, डीएमएस, रांची सहित सीसीएल के विभिन्न परियोजनाओं के परियोजना पदाधिकारी, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी एवं खान प्रबंधक उपस्थित थे। सीसीएल के निदेशक (तक./संचा.) राम बाबू प्रसाद ने सभा को सम्बोधित किया एवं विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। इस कार्यशाला के दौरान ऑक्युपेशनल सेफ्टी, हेल्थ और वर्किंग कंडीशन में सुधार के लिए सक्रिय उपायों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाप्रबंधक (सुरक्षा) एस के सिंह एवं उनकी टीम की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

# गोस्सनर कॉलेज में विद्यार्थियों को मानसिक बीमारी की दी जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** गोस्सनर कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग ने बुधवार को केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान, कांके के सहयोग से छात्रों के लिए मानसिक बीमारियों से संबंधित जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में छात्रों को तनाव, अवसाद जैसे बीमारियों के लक्षण के बारे में अवगत करा तनावमुक्त, खुशहाल जीवन जीने के गुण सिखाए गए। छात्रों को टेली-मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवा के बारे में जानकारी दी गई जो निशुल्क सेवा प्रदान करती है। इससे छात्र मानसिक परेशानियों के बारे में चर्चा कर तत्काल समाधान पा सकते हैं। कार्यक्रम में प्रोफेसर नीलम तिरु, प्रोफेसर आकांक्षा तिग्गा, प्रोफेसर अलीशा समद सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मंच संचालन विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रियंका सोरेन ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अनिता रंजन ने किया।

### मध्य प्रदेश विस चुनाव में दीपक प्रकाश को मिली अहम जिम्मेदारी

**रांची:** भारतीय जनता पार्टी ने राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य व राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को मध्य प्रदेश में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी है। अभी वे झारखंड भाजपा से एकमात्र नेता हैं, जिन्हें एमपी चुनाव में कोई जिम्मेदारी दी गयी है। प्रकाश को मध्यप्रदेश के शहडोल संभाग की जिम्मेदारी मिली है। इसमें शहडोल, अनुपपुर तथा उमरिया जिले के 8 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इस संभाग में पार्टी को मजबूत करने और बूथ स्तर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर संवाद और तालमेल स्थापित करने की जिम्मेदारी प्रकाश को दी गई है। प्रकाश 31 अगस्त को मध्यप्रदेश के लिए रवाना होंगे। वहां वे दो महीने के प्रवास पर रहेंगे।